# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






### ऐसी मान्यता

मान्यता है कि कुंभ के मेले में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिल जाती है। समुद्र के मंथन से निकले अमृत को पाने के लिए देवताओं और राक्षसों में 12 वर्षों तक युद्ध चला। इस युद्ध के दौरान कलश में से जिन स्थानों पर अमृत की बूंदें गिरीं वहां पर कुंभ आयोजित किया जाता है। 12 वर्षों तक युद्ध चलने के कारण ही कुंभ हर 12 वर्ष में एक बार आता है। महाकुंभ के स्नान को शाही स्नान के नाम से जाना जाता है।

## आस्था के महाकुंभ में डेढ़ करोड़ ने लगाई डुबकी

# पहला दिन, पहला स्नान,... संगम पर जनसैलाब

*महाकुंभ 2025 आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक एकता के जबर्दस्त प्रदर्शन के साथ शुरू हुआ। यहां देश और दुनिया भर से भक्तों का एक समूह न केवल जप, ध्यान और आध्यात्मिक तृप्ति के लिए एकत्र हुआ, बल्कि महाकुंभ की बेजोड़ सांस्कृतिक विरासत का अनुभव करने के लिए भी एकत्र हुआ। पहले दिन 1.60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। संगम समेत सभी प्रमुख घाटों पर डुबकी लगाते समय श्रद्धालु हर-हर महादेव, जय श्री राम और जय बजरंग बली के जयकारे लगाते नजर आए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महाकुंभ नगर

पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ महाकुंभ सोमवार से प्रारंभ हो गया। महाकुंभ 2025 के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को शाम चार बजे तक 1.60 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी श्रद्धालुओं, संत महात्माओं, कल्पवासियों और आगंतुकों का स्वागत करते हुए महाकुंभ के प्रथम स्नान की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महाकुंभ को भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक बताया।

पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए तीर्थ पुरोहित राजेंद्र मिश्र ने बताया कि पौष माह के शुक्ल पक्ष के 15वें दिन पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान से सभी तरह के पाप मिट जाते हैं। उन्होंने कहा, पौष पूर्णिमा के साथ एक महीने तक चलने वाला कल्पवास भी आज से प्रारंभ हो गया। इस दौरान लोग एक माह तक तीनों समय गंगा स्नान कर एक प्रकार का तप वाला जीवन व्यतीत करते हैं और भगवान के भजन गाते हैं। मेला क्षेत्र में स्नान के बाद लोगों की भीड़ अखाड़ों में नागा साधुओं का आशीर्वाद लेती हुई दिख रही है। वहीं, सेक्टर-16 में स्थित किन्नर अखाड़ा में भी भारी संख्या में लोग किन्नर संतों का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। राजस्थान के बालोत्रा जिले से 11 लोगों की टोली लेकर किन्नर अखाड़ा पहुंचे ▶▶|शेष पेज 4 पर

- 144 साल में दुर्लभ खगोलीय संयोग, भक्तों पर हेलीकॉटर से की गई फूलों की वर्षा
- शाम को हुई गंगा आरती, हर-हर महादेव, हर-हर गंगे और जय श्रीराम के लगे जयकारे

| 45 | 13 | 26 | 44 |
|---|---|---|---|
| दिवसीय आयोजन | जनवरी को शुरू | फरवरी को समापन | घाटों में स्नान |

### 40 करोड़ श्रद्धालुओं की उम्मीद



#### दुनियाभर से पहुंचे श्रद्धालु

महाकुंभ की भव्यता ने न केवल भारतीय श्रद्धालुओं, बल्कि दुनिया भर से आए पर्यटकों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। दक्षिण कोरिया के कई यूट्यूबर इस दिव्य अनुभव को अपने कैमरों में कैद करते नजर आए, जबकि जापान के पर्यटकों ने स्थानीय गाइडों से इस आयोजन के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को समझने की कोशिश की। सोमवार को रूस-अमेरिका, यूरोप समेत दुनिया के विभिन्न देशों से आए श्रद्धालु आस्था और एकता के इस महापर्व के साक्षी बने और डुबकी भी लगाई।

### पीएम मोदी बोले- बहुत खास दिन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में महाकुंभ शुरू होने के साथ ही इसे भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वालों के लिए एक बेहद खास दिन करार दिया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पौष पूर्णिमा पर पवित्र स्नान के साथ ही आज से प्रयागराज की पुण्यभूमि पर महाकुंभ का आरंभ हो गया है।


### सीएम योगी ने कहा- सभी का स्वागत



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी श्रद्धालुओं, संत महात्माओं, कल्पवासियों और आगंतुकों का स्वागत करते हुए महाकुंभ के प्रथम स्नान की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा है, 'मानवता के मंगलपर्व 'महाकुम्भ 2025' में सभी संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन।







### मोदी, योगी के 'कट-आउट' के साथ सेल्फी की होड़

महाकुंभ के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के मौके पर उमड़ी भीड़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'कट-आउट' के साथ सेल्फी लेने की होड़ दिखी। मप्र के उज्जैन से आए ब्रजेश शर्मा ने कहा कि वह मोदी और योगी के प्रशंसक हैं। दोनों नेताओं के 'कट-आउट' ने उन्हें आकर्षित किया। महाराष्ट्र के पुणे से आई सुगन्मा ढिप्पो ने कहा, यहां महाकुंभ मेले में काफी अच्छी व्यवस्थाएं हैं। दिल्ली की सुनीता स्वामी ने कहा, महाकुंभ मेले में हमें मोदी और योगी का इतना आकर्षक 'कट-आउट' दिखाई दिया, तो हमने उसके साथ सेल्फी ली।

### स्थायी और अस्थायी घाटों पर भारी भीड़

पवित्र नगरी प्रयागराज में संगम नोज समेत स्थायी और अस्थायी घाटों पर भारी भीड़ है। कई भक्तों को दिव्य वातावरण से अभिभूत, नम आंखों के साथ देखा गया। वहीं कई लोग प्रार्थना, अनुष्ठान और एकता की भावना में डूबे रहे। दो दिन पहले ही लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान करना शुरू कर दिया था, जो दर्शाता है कि 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगाए गए भीड़ के अनुमान को पार कर सकता है।

# कवर्धा अध्यक्ष का पेंच सुलझा, राजेंद्र के नाम पर बनी सहमति, आज ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

भाजपा के प्रदेश संगठन चुनाव में बचे एक जिले कवर्धा में फंसे पेंच को भी सुलझा लिया गया है। कवर्धा में मंगलवार को जिलाध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन भरवाया जाएगा, इसके बाद जिलाध्यक्ष के नाम का ऐलान हो जाएगा। राजेंद्र चंद्रवंशी के नाम पर सहमति बनने की बात की जा रही है। इनको सांसद संतोष पांडेय और विधायक भावना बोहरा का समर्थन प्राप्त है। गृहमंत्री विजय शर्मा की भी अब उनके नाम पर सहमति हो गई है। पहले उनकी तरफ से देवकुमारी चंद्रवंशी का नाम आगे किया गया था।

प्रदेश में भाजपा संगठन ने जिलाध्यक्षों के चुनाव के लिए 5 और 6 जनवरी की तिथि तय की थी। पांच जनवरी को जहां 15 जिलों में चुनाव हुआ, वहीं 6 जनवरी को 19 जिलों में चुनाव करवाने के बाद जिलाध्यक्षों का ऐलान किया गया, लेकिन दो जिले राजनांदगांव और कवर्धा बच गए थे। यहां पर बड़े नेताओं के समर्थकों के नाम के कारण मामला उलझ गया था। ▶▶|शेष पेज 4 पर

# भारत से इस साल भी जाएंगे पौने दो लाख हजयात्री

**नई दिल्ली।** भारत ने सऊदी अरब के साथ इस साल के हज को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किया। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी 1,75,025 हजयात्रियों का कोटा तय किया गया है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने जेद्दा में सऊदी अरब के हज मंत्री तौफीक बिन फौजान अल-रबिया के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

- भारत-सऊदी के बीच समझौता

### पीएम ने समझौते का किया स्वागत

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं इस समझौते का स्वागत करता हूं, जो भारत के हज यात्रियों के लिए अद्भुत खबर है। हमारी सरकार तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# समर्पण के बाद सीएम के सामने दो जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

- आत्मसमर्पण के बाद मुख्यमंत्री के समक्ष 2 जोड़े ने की जीवन की नई शुरुआत
- मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत दो पूर्व माओवादी जोड़े विवाह बंधन में बंधे

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना और नक्सल पुनर्वास योजना के तहत आत्मसमर्पित दो पूर्व माओवादी जोड़ों ने अपने जीवन की नई शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नव विवाहिता जोड़े में गगनपल्ली निवासी मौसम महेश और डुब्बामरका निवासी हेमला मुन्नी ने ▶▶|शेष पेज 4 पर



### नक्सल पुनर्वास नीति से मिली प्रेरणा

लगभग 12 साल से नक्सल संगठन से जुड़े रहने के बाद मौसम महेश, मड़कम पाण्डू और हेमला मुन्नी ने 9 साल, रव्वा भीमे ने 6 साल संगठन में रहे। उन्होंने बताया कि सरकार की नक्सल पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर और नियद नेल्लानार योजना ने आत्मसमर्पित माओवादियों को मुख्यधारा में लौटने और समाज में सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर दिया है। इन योजनाओं के तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को न केवल रोजगार और शिक्षा के अवसर दिए जा रहे हैं, बल्कि उनके पुनर्वास के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा रही है।

# पीएम मोदी कल नौसैनिक युद्धपोतों को करेंगे समर्पित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। इस दौरान नौसेना डॉकयार्ड में तीन अग्रिम पंक्ति के नौसैनिक युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन भी करेंगे। तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों को राष्ट्र को समर्पित किया जाना रक्षा विनिर्माण और समुद्री सुरक्षा में वैश्विक नेता बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। आईएनएस सूरत 15बी श्रेणी के गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर प्रोजेक्ट का चौथा और अंतिम जहाज है।


अपने शहर में बचपन प्ले स्कूल शुरू करे !



BACHPAN www.bachpanglobal.com

1200+ Schools | 2 Lakh Students | 400+ Cities | 25 States

• निवेश 12-15 लाख एवं 200 वर्ग मीटर जगह • पाठ्यक्रम तथा संचालन में सहायता
• प्राइमरी/10+2 स्कूल अपग्रेड संभव • रॉयल्टी फ्री मॉडल

फ्रैंचाइजी छत्तीसगढ़ के सभी क्षेत्रों से आमंत्रित-संपर्क करे :-

RAIPUR Shivani 7290010866
BILASPUR Varsha 8860619134
DURG + BHILAI Pooja 9717878282
OTHER CITIES Amit Kumar 9811437000

Registered Office: S.K. Tower, 9988/B-1, Sarai Rohilla, New Rohtak Road, New Delhi-110005
Ph: 011-35106666 • Mail: franchise@bachpanglobal.com • CIN: U74899DL1999PTC10125



आपके सूझबूझ से उठाएं गए कदम
आपके सुखद भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं




एलआईसी का निवेश प्लस
UIN: 512L317V02 | Plan No: 749

एलआईसी के निवेश प्लस, एक यूनिट लिंक्ड इंश्योरेन्स प्लान में एक बार भुगतान के साथ निवेश कीजिए

अपनी पसंद के साथ 4 फ़ंड्स में से निवेशित पूंजी में वृद्धि के हितलाभ के साथ जीवन बीमा संरक्षण
ग्रोथ फ़ंड | बैलेन्स्ड फ़ंड | सिक्योर्ड फ़ंड | बॉण्ड फ़ंड
बीमा राशि का प्रकार तथा निवेश फ़ंड चुनने की अनुकूलता
गारण्टीड एडीशन्स उपलब्ध
पॉलिसी को 5 वर्ष के पश्चात बिना किसी स्थगन शुल्क के अभ्यर्पित किया जा सकता है

एक नॉन-पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत बचत योजना
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2024-25/41/Hin

नकली फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी पूर्ण ऑफ़र्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस घोषित करने या प्रीमियमों के निवेश जैसी गतिविधियों में संलग्न नहीं है. ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाएँ. बिक्री समापन से पूर्व अधिक जानकारी या जोखिम घटकों, नियम और शर्तों के लिए बिक्री पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़े.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से भिन्न होते हैं तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम के साथ पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा निवेश प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यवर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.

कोलकाता। कहावत है, सारे तीर्थ बार-बार, गंगासागर एक बार...यह इसलिए कहा जाता है क्योंकि यहां पहुंचने का राह बहुत कठिन है। हालांकि, अब यह रास्ता पहले से काफी सुगम हो गया है। मकर संक्रांति पर लगने वाला गंगासागर मेला आठ जनवरी से विधिवत रूप से शुरू हो गया जो 17 जनवरी तक चलेगा। मकर संक्रांति के पूर्व अब तक गंगासागर में लगभग 65 लाख श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं और आज मंगलवार को यह संख्या 80 लाख तक होने का अनुमान है। अनुष्ठान आदि के पश्चात सभी लोग कपिल मुनि के आश्रम जाकर उनका दर्शन लाभ लेकर उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने भी कोलकाता से लेकर गंगासागर तक सारी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की हैं।

## मां गंगा के जयघोष से गूंज उठा तट

# सारे तीरथ बार-बार, गंगासागर एक बार



### मकर संक्रांति पर निकलता है टापू

गंगासागर तीर्थ को गंगासागर स्नान अथवा गंगासागर यात्रा के नाम से भी जाना जाता है। गंगोत्री से उद्गम होने के बाद देश के विभिन्न शहरों से होती हुई दुनिया की सबसे पवित्र नदी गंगा बंगाल की खाड़ी में विलीन हो जाती है। मकर संक्रांति के अवसर पर यहां बालू का टीला दिखाई देने लगता है और उसके बाद फिर सागर में समा जाता है। सनातन धर्म के लोग गंगा में पवित्र डुबकियां लगाने गंगासागर पहुंचते हैं।

### गंगासागर स्नान का महात्म्य!

गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र देवता को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करने की सदियों पुरानी परंपरा है। समुद्र में पूजन एवं पिंडदान कर पितरों को जल अवश्य अर्पित करना चाहिए। स्थानीय मान्यतानुसार जो कुंवारी कन्याएं अथवा कुंवारे युवक यहां स्नान-दान करते हैं, उन्हें उनकी इच्छानुसार वर एवं वधू प्राप्त होती है। मंदिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भागीरथी की भी दिव्य मूर्तियां स्थापित हैं।

### क्या है गंगासागर की कहानी?

हिन्दू धर्म ग्रंथों के अनुसार एक बार श्रीहरि कपिल मुनि के रूप में अवतरित हुए थे। यहीं उन्होंने अपना आश्रम बनाया और तपस्या में लीन हो गए। उस समय राजा सागर अपने शुभ कर्मों से खूब पुण्य-लाभ कमा रहे थे। यह देख इंद्र को अपना सिंहासन हिलता दिखा. उन्होंने षड़यंत्र करके राजा सागर का बलि में चढ़ाए जाने वाले अश्व को चुरा कर कपिल मुनि के आश्रम में छोड़ दिया। सागर के साठ हजार पुत्र जब अश्व को ढूंढते हुए कपिल मुनि के आश्रम में घोड़े को देखा तो उन्हें लगा कि उनका घोड़ा कपिल मुनि ने चुराया है। सागर-पुत्रों द्वारा अपमानित होने पर कपिल मुनि ने सागर के सभी पुत्रों को श्राप देकर भस्म कर दिया। पुत्रों के निधन से राजा सागर दुखी हो गये। सागर के पौत्र भगीरथ की कड़ी तपस्या से प्रसन्न होकर गंगा जी पृथ्वी पर अवतरित हुईं। इस तरह सागर-पुत्रों की राख गंगा में प्रवाहित कर उन्हें मोक्ष दिलाया गया।

### जमीन से लेकर आसमान तक निगरानी

*गंगासागर मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। 13,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी, 2500 सिविल डिफेंस वालंटियर मुस्तैद, 50 फायर ब्रिगेड इंजन, सागरद्वीप मेला ग्राउंड में 20 ड्रोन से रखी जा रही निगरानी, 21 जेटी, 9 बार्ज, 32 वेसेल और 100 लॉन्च चलेंगे यात्रा के लिए तैनात, वेसेल, लंच व बर्ज रहेंगे जीपीएस से लैस, गंगासागर मेले में 1150 सीसीटीवी कैमरों से रखी जा रही है। गंगासागर मेले में फॉग लाइट के इंतजाम, 100 सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं।*

# कांग्रेस बोली- केजरीवाल ने झूठ बोलकर ठगा कांग्रेस ने भाजपा से ले रखी है सुपारी : आप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में चुनावों की तारीखों का ऐलान मंगलवार को हो गया। 5 फरवरी को दिल्ली में वोट डाले जाएंगे साथ ही 8 फरवरी को चुनाव के न ती जे आ एं गे । तारीखों के एलान से पहले ही सभी प्रमुख पार्टियों ने चुनाव प्रचार और जोर पकड़ेगा। इस बार कई ऐसी सीटें है जिसमें मुकाबला काफी दिलचस्प होने वाला है। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां उफान पर है। चुनावी जंग जीतने के लिए मैदान में उतरे दल दल एक-दूसरे पर हमलावर हैं। यहां तक कि इंडिया एलायंस में शामिल दल भी एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में इंडियन



नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) में कई घटकदलों के आम आदमी पार्टी का समर्थन करने के बाद कांग्रेस ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। पार्टी ने एक बार फिर आम आदमी पार्टी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए सीधा हमला बोला है।

### भाजपा के खिलाफ बोलने में डरती है कांग्रेस

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में दावा किया कि कांग्रेस ने उनके पार्टी के खिलाफ बीजेपी से सुपारी ले रखी है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस आम आदमी पार्टी से तो लड़ रही है, लेकिन बीजेपी से नहीं लड़ रही है। यह ठीक नहीं है।




## 'इंडिया ब्लॉक खुराफाती सोच पर आधारित : नकवी



भाजपा के बड़े नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने इंडिया ब्लॉक को जमकर घेरा। ये अलायंस एक 'गुनाहों के गटर' पर केंद्रित है, जो कामयाब नहीं हो सका। नकवी ने कहा कि 'ये अलायंस निगेटिव और खुराफाती सोच पर केंद्रित है। जब भी किसी अलायंस इस प्रकार से स्टार्ट होता है। उसका भविष्य भी निगेटिव ही होता है। आज के हालात ऐसे हैं कि इसकी कोई लीडरशिप नहीं बची है। उन्होंने कहा कि कि 'ये अलायंस दिल्ली में भिन्न है, वहीं बीएमसी चुनाव में भिन्न। इंडिया अलायंस का कोई वजूद नहीं बचा हुआ है।

## जापान में 6.9 तीव्रता का भूकंप सुनामी की चेतावनी

**तोक्यो।** दक्षिण-पश्चिमी जापान में सोमवार को 6.9 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने सुनामी की आशंका के कारण लोगों को तटीय क्षेत्रों से दूर रहने को कहा गया है। एजेंसी के अनुसार, स्थानीय समयानुसार रात नौ बजकर 19 मिनट पर भूकंप आने के तुरंत बाद, दक्षिण-पश्चिमी द्वीप क्यूशू में मियाजाकी प्रांत के साथ-साथ पास के कोची प्रांत के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई। भूकंप का केंद्र मियाजाकी प्रांत में था। फिलहाल किसी तरह के नुकसान का पता नहीं चल पाया है।



राज्यसभा चेंबर में मिले कैश पर बोले जगदीप धनखड़

# दुख है कि किसी ने भी उस रकम पर दावा नहीं किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को इस बात पर दुख जताया कि पिछले महीने राज्यसभा कक्ष में मिले नोटों की गड्डी को लेने के लिए कोई भी सांसद आगे नहीं आया। उन्होंने कहा कि यह हमारे नैतिक मानकों के लिए सामूहिक चुनौती है। राज्यसभा अध्यक्ष और देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ में राज्यसभा चेंबर में मिले कैश की घटना पर एक महीने बाद टिप्पणी की है। धनखड़ ने इस मामले में कहा कि मुझे दुख है कि राज्यसभा चेंबर में मिले नकदी पर किसी ने भी दावा नहीं किया। उन्होंने कहा, 'आप नोट ले जा सकते हैं, शायद आवश्यकता के कारण, लेकिन फिर किसी ने दावा नहीं किया है, यह हमारे नैतिक मानकों के लिए एक सामूहिक चुनौती है।'

### बस मेरी पीड़ा की कल्पना कीजिए- जगदीप धनखड़



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने एक पुस्तक विमोचन के अवसर पर कहा, 'बस मेरी पीड़ा की कल्पना कीजिए। लगभग एक महीने पहले ही, हमें राज्यसभा की एक विशेष सीट पर 500 रुपये के नोटों की गड्डी मिली थी। मुझे वास्तव में इस बात से दुख हुआ कि कोई भी इसे लेने नहीं आया।'

### कांग्रेस सांसद की सीट पर मिली थी नोटों की गड्डी

*बता दें कि, संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 6 दिसंबर को राज्यसभा में कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित सीट से 500 रुपये के नोटों की गड्डी मिलने पर उच्च सदन में हलचल मच गई थी। विपक्ष और सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों ने आरोप-प्रत्यारोप लगाए और अभिषेक मनु सिंघवी ने 'सुरक्षा चूक' की जांच की मांग की थी। कांग्रेस नेता ने यह भी सुझाव दिया था कि सांसदों की अनुपस्थिति में सीटों पर 'गांजा' रखने से रोकने के लिए कांच के घेरे बनाए जाने चाहिए।*



रायपुर
मंगलवार, 14 जनवरी 2025
माघ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 23, अंक : 179
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 29.0
न्यून. 17.1

मकर संक्रांति की मंगलकामनाएं

# नगरीय निकाय चुनाव में उम्मीद की 'किरण, देव' ही रहेंगे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के पहले भाजपा में उम्मीद की किरण कुछ इस तरह से जागी है कि जिन किरण देव के नेतृत्व में लोकसभा का चुनाव हुआ है और भाजपा को 11 में से दस सीटें मिली हैं, उनको ही वापस प्रदेशाध्यक्ष की कमान देने का फैसला भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने किया है, ऐसी जानकारी मिली है। अब प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय संगठन से बनाए गए चुनाव अधिकारी विनोद तावड़े 17 जनवरी को रायपुर आएंगे। इसी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### यह होगी प्रक्रिया

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव के लिए जो प्रक्रिया होगी उसमें अलग-अलग क्षेत्रों के प्रस्तावक और समर्थक एक दर्जन नामांकन फार्म भरेंगे। एक फार्म में एक प्रस्तावक और एक समर्थक जरूरी होगा। इसी साथ यह जरूरी होगा कि जिन उम्मीदवार के नाम से नामांकन किया जा रहा है, उनकी इसमें सहमति हो। उनकी सहमति के साथ फार्म में उम्मीदवार के हस्ताक्षर भी लगेंगे। यह तय है राष्ट्रीय संगठन जिनको अध्यक्ष बनाना तय करेगा, उनके ही नाम से एक दर्जन फार्म भरे जाएंगे। फार्म में प्रस्तावक और समर्थक के रूप में 135 प्रदेश प्रतिनिधि, 36 जिला ▶▶|शेष पेज 4 पर

## 17 जनवरी को नामांकन की प्रक्रिया पूरी करके किया जाएगा ऐलान




### राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों के लिए भी होगा नामांकन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए देश भर में भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव होना है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कुछ मंत्रियों, सांसद, विधायक और प्रदेश के वरिष्ठ दिग्गज भाजपा नेताओं को सदस्य बनाया जाएगा। प्रदेश में रायशुमारी करके 17 नाम तय किए जाएंगे, इसके बाद इनका नामांकन भरवाने के बाद इनके नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। इनके नामांकन के लिए भी वे सदस्य पात्र होंगे जो प्रदेशाध्यक्ष ▶▶|शेष पेज 4 पर

# त्योहारों के कारण 15 को होने वाली यूजीसी नेट स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जनवरी 2025 में हो रही यूजीसी नेट परीक्षा की एक तारीख बदल दी गई है। एनटीए ने यूजीसी नेट एग्जाम स्थगित करने के संबंध में नोटिस जारी कर दिया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने यूजीसी नेट ऑफिशियल वेबसाइट पर ताजा अपडेट दिया है। इसमें बताया गया है कि 15 जनवरी 2025 को होने वाली यूजीसी नेट की परीक्षा अब नई डेट में ली जाएगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी आज 'मिशन मौसम' की करेंगे शुरुआत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को आईएमडी के 150वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर 'मिशन मौसम' की शुरुआत करेंगे।पीएमओ ने कहा, देश को 'मौसम के लिए तैयार और जलवायु-स्मार्ट' राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री 'मिशन मौसम' की शुरुआत करेंगे।

### हवाई अड्डे पर 1.41 करोड़ का सोना जब्त



**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 1.41 करोड़ रुपए मूल्य का सोना जब्त किया गया है। इस सिलसिले में आरोपी दंपति को गिरफ्तार किया गया है। बहरीन से आने के बाद दंपति को हवाई अड्डे पर रोक लिया गया। सोने को पुरुष यात्री द्वारा ले जाए जा रहे ट्रॉली बैग के अंदर चांदी के रंग के धातु के छिपाया गया था।

### बस से टकराई जीप, महिला समेत तीन की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के गंगानगर जिले में सोमवार की सुबह एक सड़क हादसे में महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ, जब एक जीप सामने से आ रही रोडवेज की बस से जा टकराई। हादसे में जीप में सवार गुरचरण सिंह, बादल सिंह व स्वर्णजीत कौर की मौत हो गई।

### विदेशी मुद्रा की तस्करी, म्यांमा के दो नागरिक गिरफ्तार



**आइजोल।** दक्षिण मिजोरम के सियाहा जिले में म्यांमा के दो नागरिकों को लगभग 1.48 करोड़ रुपए मूल्य की विदेशी मुद्रा की तस्करी के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया। तस्करी की गतिविधियों के बारे में सूचना उपरांत असम राइफल्स तथा मिजोरम पुलिस ने संयुक्त अभियान शुरू किया।

### 'नाग एमके-2' के नए संस्करण का परीक्षण



**नई दिल्ली।** स्वदेशी रूप से विकसित तीसरी पीढ़ी की टैंक-रोधी 'गाइडेड' मिसाइल नाग एमके-2 का सफल क्षमता परीक्षण किया है। यह परीक्षण हाल ही में राजस्थान के पोखरण में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में किए गए। नाग मिसाइल वाहक संस्करण-2 का भी वास्तविक परिस्थिति में क्षमता परीक्षण किया गया।

## लगातार चौथे दिन गिरावट, सेंसेक्स 1048.90 अंक, निफ्टी 345.55 अंक लुढ़का

# बाजार क्रैश, चार दिन में निवेशकों के डूब गए 25 लाख करोड़ रुपए!

शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे दिन गिरावट देखी गई। सेंसेक्स और निफ्टी जैसे बड़े सूचकांकों के साथ स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में भी भारी गिरावट आई। पिछले चार दिन से जारी तगड़ी बिकवाली के बीच निवेशकों को कुल 24.69 लाख करोड़ रुपए का भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक शेयर बाजारों में भारी बिकवाली और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला सोमवार को लगातार चौथे दिन जारी रहा। प्रमुख मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,048 अंक का गोता लगाकर 77,000 अंक के नीचे आ गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 345 अंक की गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार, अमेरिका में रोजगार के अच्छे आंकड़ों से वहां नीतिगत दर में जल्दी कटौती की उम्मीद कम हुई है। इसके अलावा रुपये में एक दिन में दो साल की सबसे बड़ी गिरावट तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी जारी रहने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,048.90 अंक यानी 1.36 प्रतिशत ▶▶|शेष पेज 4 पर



### बाजार में गिरावट की ये वजह

#### कमजोर ग्लोबल संकेत

अमेरिकी जॉब मार्केट के शुक्रवार को आए आंकड़ों ने फेडरल रिजर्व की ओर से दरों में जल्द कटौती की उम्मीदों को और कमजोर कर दिया। इसका असर आज एशियाई बाजारों पर भी दिखा।

#### डॉलर इंडेक्स ऊंचे स्तर पर

डॉलर इंडेक्स बढ़कर अब 2022 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसने भारतीय रुपए पर दबाव बढ़ा दिया है। भारतीय रुपया कमजोर होकर 86.18 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर खुला।

#### लगातार बिकवाली

*विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने बाजार के सेंटीमेंट को हिलाकर रख दिया है। पिछले तीन महीनों के दौरान विदेशी निवेशकों ने 1,77,402.49 करोड़ रुपये के शुद्ध विक्रेता रहे हैं।*

#### क्रूड ऑयल के दाम में उछाल

*क्रूड ऑयल के दाम में पिछले कुछ दिनों से लगातार तेजी देखी जा रही है। सोमवार सुबह डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल के दाम 1.83% बढ़कर 77.97 डॉलर पर कारोबार कर रही थे। वहीं ब्रेंटक्रूड की कीमतें 1.74% बढ़कर 81.15 डॉलर पर कारोबार कर रही थीं।*

### एक्सपर्ट व्यू

#### संकेत क्यों नहीं अच्छे?


प्रभुदास लीलाधर में इंस्टीट्यूशनल रिसर्च के निदेशक अम्नीश अग्रवाल के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही से निफ्टी में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि शेयर बाजार अर्थव्यवस्था में मंदी की वास्तविकता को समझ रहा है। यह मंदी वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में सरकारी पूंजीगत व्यय में गिरावट और लंबी बारिश के साथ खाद्य महंगाई में तेजी से उपभोक्ता मांग में कमी आई है। अक्टूबर 2024 तक खाद्य महंगाई दर 10.9 फीसदी तक पहुंच गई थी। एमके ग्लोबल का मानना है कि शेयर बाजार कैलेंडर वर्ष 2025 की पहली तिमाही में कमजोर रहेगा।

#### चार दिन में ऐसी गिरावट

*बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में 1,048.90 अंक यानी 1.36 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके साथ ही चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में कुल 1,869.1 अंक यानी 2.39 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है।*

#### रुपया में दो साल की सबसे बड़ी गिरावट

*अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले दो साल में एक दिन की सबसे बड़ी 58 पैसे की गिरावट के साथ 86.62 (अस्थायी) के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.12 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान एक बार 86.11 पर पहुंचा। लेकिन अधिकांश समय यह नकारात्मक दायरे में ही रहा। कारोबार के अंत में रुपया 58 पैसे की भारी गिरावट के साथ 86.62 (अस्थायी) के अपने अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ।*



#### दो सप्ताह से गिरावट

पिछले दो सप्ताह में रुपए में अमूमन गिरावट का ही रुख रहा है। रुपया 30 दिसंबर को 85.52 के स्तर पर बंद होने के बाद से पिछले दो सप्ताह में एक रुपये से अधिक की बड़ी गिरावट देख चुका है। रुपया पहली बार 19 दिसंबर, 2024 को 85 प्रति डॉलर के पार गया था। पिछले कारोबारी दिवस शुक्रवार को रुपया 86.04 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था।

वारदात से क्षेत्र में सनसनी

# कोतवाली के पास बुजुर्ग भाई-बहन का कत्ल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

नगर में कोतवाली के नजदीक अज्ञात तत्वों ने बुजुर्ग महिला व पुरुष की हत्या कर दी। हत्या के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच में जुट गई है। मृतकों की पहचान सीताराम जायसवाल (70) और उनकी बहन अन्नपूर्णा जायसवाल (68) के रूप में हुई है। लेकिन आरोपी समाचार लिखे जाने तक पकड़े नहीं गए हैं। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के पुराने हटरी मार्केट में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे शहर को झकझोर दिया है। बीते रविवार की रात 12 से 12:30 बजे के बीच कोतवाली के नजदीक दो बुजुर्ग ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ पुलिस के साथ डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक विशेषज्ञ पहुंचे मौके पर

#### सकते में है शहर

नगर में घटित इस दोहरे हत्याकांड ने पूरे शहर को सकते में डाल दिया है। लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर इतनी बेरहमी से हत्या किस वजह से की गई। पुलिस की जांच जारी है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इस घटना ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या शहर की सुरक्षा व्यवस्था इतनी कमजोर हो गई है कि अपराधी इतनी आसानी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाएं?

#### क्लू तलाश रहे

वारदात नजदीक लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। हालांकि आरोपियों का हुलिया स्पष्ट नहीं है किंतु पुलिस डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक विशेषज्ञ के साथ वारदात की तह तक जाकर आरोपियों की तलाश कर रही है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार होंगे।
-आकाश शुक्ला, सीएसपी

# मारे गए चार नक्सलियों पर था 15 लाख का इनाम

### मुठभेड़ में मारी गई महिला माओवादी की नहीं हुई शिनाख्त













हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के नेशनल पार्क एरिया स्थित बंदेपारा-कोरंजेड के जंगल में रविवार सुबह नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में मारे गए चार माओवादियों की शिनाख्त हो गई है। इन पर 15 लाख का ईनाम घोषित था। वहीं मुठभेड़ में मारी गई एक महिला माओवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी है। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से एसएलआर, बीजीएल लांचर, 315 रायफल, पाईंट 22 रायफल व भरमार बंदूक समेत भारी मात्रा में विस्फोटक व नक्सली सामग्री बरामद किया है। आईजी सुंदरराज पी ने ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ एसएलआर, बीजीएल लांचर, 315 रायफल, पाइंट 22 रायफल व भरमार बंदूक समेत विस्फोटक बरामद

#### मारे गए माओवादी मद्देड़ व गंगालूर थाना क्षेत्र के

*मारे गए माओवादियों में 8 लाख का ईनामी रैनु हेमला 30 वर्ष निवासी सावनार थाना गंगालूर क्षेत्र का निवासी है। वहीं अन्य नक्सलियों में 5 लाख की ईनामी ज्योति ताती ग्राम तोड़का थाना गंगालूर क्षेत्र की निवासी है। वहीं मारा गया 1 लाख का ईनामी मिलिशिया कमाण्डर रमेश एचाम ग्राम बंदेपारा थाना मद्देड क्षेत्र तथा 20 हजार रुपए का ईनामी मिलिशिया प्लाटून सदस्य ग्राम बंदेपारा थाना मद्देड़ क्षेत्र का रहने वाला है।* ▶▶|शेष पेज 4 पर

# भारत ने बांग्लादेश को उसी की भाषा में दिया जवाब, डिप्टी हाई कमिश्नर तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश में जबरन तख्तापलट के बाद तेजी से तनावपूर्ण होते हालातों के बीच बढ़ती अवैध घुसपैठ पर लगाम लगाने के लिए बीएसएफ द्वारा सीमा पर जारी कंटीली तारों की बाड़बंदी का विरोध कर रहे बांग्लादेश को सोमवार को भारत ने कड़ी फटकार लगाई है। विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ सीमा पर बाड़बंदी का विरोध कर रहे बांग्लादेश को दो टूक...



#### सीमा पार अपराधों से मिलकर निपटें

भारत ने बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त के समक्ष अपराध मुक्त सीमा के गठन के लिए सीमा पार आपराधिक गतिविधियों, तस्करी, अपराधियों और तस्करों की गतिविधियों जैसी चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भारत सीमा पर कंटीली तारों की बाड़ लगा रहा है।

#### बांग्लादेश के साथ पड़ती 4,156 किमी सीमा

*भारत की बांग्लादेश के साथ कुल करीब 4 हजार 156 किलोमीटर सीमा पड़ती है। इसमें से 3 हजार किलोमीटर से अधिक के इलाके में भारत ने बाड़बंदी का काम पूरा कर लिया है। अब वह बाकी बची हुई पांच जगहों जैसे चपैनवाबगंज, नौगांव, लालमोनिरहाट और तीन बीघा कॉरिडोर पर इस काम को आगे बढ़ा रहा है।*

पंजाब-हरियाणा, राजस्थान ठिठुरा

# शीतलहर से कांप रहा उत्तर भारत कई राज्यों में सर्दी से बढ़ी मुश्किलें



**नई दिल्ली।** उत्तरी और मध्य भारत के राज्यों में शीतलहर का दौर जारी है। कई राज्यों में घने कोहरे का भी असर देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला-बदला है। कई जगह बारिश से गलन बढ़ गई। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में कोहरे का असर नजर आया।

#### पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी

पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी से दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार में एक बार फिर ठंड की वापसी करा दी है। शीतलहर ने लोगों को घर में कैद रहने को मजबूर कर दिया है। लोग जगह-जगह अलाव जलाकर हाथ सेकते नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक घाटी में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। 14 जनवरी को बादल छाए रहेंगे और मौसम शुष्क रहेगा।

## पीएम ने किया शुभारंभ, बोले-मोदी अपने वादे पूरे करेगा

# जेड मोड़ सुरंग शुरू, अब चीन-पाक के छूटेंगे पसीने


एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर में जेड मोड़ सुरंग का उद्घाटन किया। इस सुरंग के बनने से लद्दाख जाना-आना अब पहले से आसान हो जाएगा, साथ ही साथ भारतीय सेना के लिए यह सुरंग काफी फायदेमंद साबित होगी। अब सर्दियों के मौसम में भारी बर्फबारी के कारण हाईवे को बंद नहीं होगा। हमारी सेना पूरे साल इस सुरंग का इस्तेमाल कर सीमावर्ती इलाकों तक पहुंच सकती है।इससे पाकिस्तान और चीन के पसीने छुटेंगे। अब हमारे जवान हर पल सीमा पर तैनात रहेंगे। ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### सुरंग के अंदर गए प्रधानमंत्री

सुरंग का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री इसके अंदर गए और परियोजना से जुड़े अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने उन निर्माण श्रमिकों से भी मुलाकात की, जिन्होंने सुरंग का निर्माण पूरा करने के लिए कठिन परिस्थितियों में काम किया।

#### महज 15 मिनट में 12 किमी की यह दूरी



इस सुरंग को जेड मोड़ सुरंग इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि यह अंग्रेजी के अक्षर जेड के आकार की है। इस सुरंग के बनने के बाद अब 12 किलोमीटर की दूरी घटकर 6.5 किलोमीटर में सिमट गई है। इस दूरी को पूरा करने में महज 15 मिनट का समय लगेगा। अब किसी को भी यहां से गुजरते समय हिमस्खलन की वजह घंटों हाइवे पर फंसे रहने का डर नहीं होगा।

#### 6.5 किलोमीटर लंबी दो लेन वाली सुरंग

मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में गगनगीर और सोनमर्ग के बीच बनाई गई 6.5 किलोमीटर लंबी दो लेन वाली सुरंग में आपात स्थिति के लिए समानांतर 7.5 मीटर चौड़ा निकासी मार्ग भी है। यह सुरंग दो दिशाओं के यातायात के लिए होगी। समुद्र तल से 8,650 फुट की ऊंचाई पर स्थित यह सुरंग भूस्खलन और हिमस्खलन वाले मार्गों से अलग लेह के रास्ते श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में संपर्क को बढ़ाएगी।

## चिंतन

# सोनमर्ग टनल बुनियादी ढांचे में नया अध्याय

राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा जरूरी है। यूं तो भारत अपने आजादी के समय से बुनियादा ढांचे को सतत मजबूत करने के लिए निवेश करता रहा है, जिसके चलते देश में बड़ा रेल व सड़क नेटवर्क है, लेकिन केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार के वर्ष 2014 में आने के बाद से अब तक अछूते क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे के विकास पर अधिक ध्यान दिया गया है। पूर्वोत्तर, सीमाई और जम्मू-कश्मीर के दुर्गम क्षेत्रों में सड़क और एयरपोर्ट के निर्माण पर जोर दिया गया है। कश्मीर को सोनमर्ग से जोड़ने वाली 6.4 किलोमीटर लंबी रणनीतिक सुरंग (जेड मोड टनल) का उद्घाटन सड़क ढांचे के विकास में एक और कदम है। राहुल गांधी ने वर्ष 2012 में इस टनल की आधारशिला रखी थी। करीब 12 किलोमीटर लंबी इस परियोजना का निर्माण 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। इसमें 6.4 किलोमीटर लंबी सोनमर्ग मुख्य सुरंग, एक निकास सुरंग और पहुंच मार्ग शामिल हैं। समुद्र तल से 8,650 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह पुल लेह के रास्ते श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में संपर्क बढ़ाएगा। यह लद्दाख क्षेत्र में सुरक्षित और निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करेगा। 6,800 करोड़ रुपये की लागत वाली जोजिला सुरंग के पूरा हो जाने के बाद श्रीनगर-लेह मार्ग सभी मौसमों के लिए उपयुक्त हो जाएगा। जोजिला सुरंग के 2028 तक पूरा होने की उम्मीद है। कश्मीर घाटी को रेल मार्ग से भी जोड़ा जाएगा। जम्मू-कश्मीर में सबसे ऊंचा रेलवे पुल और अटल टनल ने यातायात को सुगम बनाया है। पूर्वोत्तर में असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम आदि पहाड़ी व पर्वतीय राज्यों में सड़क, नदीपुल और एयरपोर्ट नेटवर्क को मजबूत किया गया है। सबसे लंबा सड़क पुल भी पूर्वोत्तर में ही बनाया गया है। आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क भारत में है। देश में विशाल रेल नेटवर्क है। रेल नेटवर्क का 94 फीसदी हिस्सा विद्युतीकृत हो चुका है। 100 हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं और 1,318 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया गया है। कई नए पोर्ट बने हैं। आज भारतीय बंदरगाहों का टर्न अराउंड टाइम 0.9 दिन है, जो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, और सिंगापुर से बेहतर है। राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा शहरी बुनियादी ढांचे को भी मजबूत किया जा रहा है, हालांकि अभी देश के शहरों में पेयजल, स्वच्छता, पर्यावरण विनियमन, सीवेज प्रणाली, क्वालिटी शैक्षिक नेटवर्क, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा और बिजली आपूर्ति आदि के मामले में काफी कमियां हैं। बुनियादी ढांचे के लिए बजट 2023-24 में 10 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 3.3%) आवंटित किया गया, जो 2019 से तीन गुना अधिक है। रेल मंत्रालय को अब तक का सर्वाधिक 2.4 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया, जो 2013-14 के आवंटन से लगभग नौ गुना अधिक है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का बजट 36 प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये किया गया। ये आंकड़े भारत सरकार के बुनियादी ढांचे के विकास के प्रति मजबूत इरादे को दर्शाते हैं। बुनियादी ढांचे के तेज विकास में भूमि अधिग्रहण, वित्तपोषण, उच्च प्रौद्योगिकी आदि की चुनौतियां हैं, इसके बावजूद विकसित राष्ट्र के लिए विश्व स्तर के हाईवे, एयरपोर्ट, सी-वे, पोर्ट, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर (आई-वे) और ग्रीन एनर्जी नेटवर्क जरूरी हैं। पीएम गति शक्ति योजना व भारतमाला योजना बुनियादी ढांचे के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं। अभी भी ग्रामीण और पिछड़े इलाके के बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

# ऐसा अद्भुत आयोजन संकल्प से ही संभव



महाकुंभ
अवधेश कुमार

> क्या स्वतंत्र भारत में पूर्व की सरकारों ने ऐसे अनूठे उत्सव को उसके मूल संस्कारों और चरित्र के अनुरूप भव्यता प्रदान करने, संपूर्णता तक पहुंचाने, भारत के आध्यात्मिक अनुकरणीय शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए इस तरह केंद्रित उद्यम किए थे? इसका ईमानदार उत्तर है, बिल्कुल नहीं। कहने का तात्पर्य यह नहीं कि पूर्व सरकारों ने कुंभ के लिए कुछ किया ही नहीं। करोड़ों व्यक्ति और संत संन्यासी दो महीने के लिए वहां उपस्थित हों तो सरकारों के लिए उसकी व्यवस्था और अपरिहार्य हो जाती है। सच यह है कि जिस तरह केंद्र और प्रदेश सरकार ने कुंभ को स्थिति के साथ तादात्म्य बिठाते हुए कार्य किया वैसा पहले कभी नहीं हुआ।

प्रयागराज त्रिवेणी संगम से आ रहे दृश्य अद्भुत हैं। संपूर्ण पृथ्वी पर भारत ही एकमात्र देश है जहां ऐसे अद्भुत आयोजन संभव हैं। केवल भारत नहीं, संपूर्ण विश्व समुदाय के लिए यह न भूतो वाली स्थिति है। न भविष्यति इसलिए नहीं कह सकते कि एक बार जब देश और नेतृत्व अपनी प्रकृति को पहचान कर आयोजन करता है तो वह एक मानक बन जाता है और आगे ऐसे आयोजनों को और श्रेष्ठ करने की प्रवृत्ति स्थापित होती है। यह मानना होगा कि 144 वर्ष बाद पौष पूर्णिमा पर बुधआदित्य योग जिसे, महायोग युक्त कह रहे हैं, उस महाकुंभ का श्रीगणेश उसकी आध्यात्मिक दिव्यता के अनुरूप करने की संपूर्ण कोशिश केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने किया है। भारत में दुर्भाग्यवश, राजनीतिक विभाजन इतना तीखा है कि ऐसे महान अवसरों पर भी नकारात्मक वातावरण बनाया जा रहा है। होना यह चाहिए था कि राजनीतिक मतभेद रहते हुए भी संपूर्ण भारत और विशेष कर उत्तर प्रदेश के राजनीतिक दल ऐसे शुभ आयोजन पर साथ खड़े होते। हमारे देश का संस्कार इतना महान है कि नेताओं के वक्तव्यों की अनदेखी करते हुए करोड़ों लोग साधु-संतों के द्वारा दिखाए रास्ते का अनुसरण करते हुए जाति, पंथ, क्षेत्र, भाषा, राजनीति सबका भेद भूलकर संगम में डुबकी लगाते, आवश्यक अपरिहार्य कर्मकांड करते आकर्षक दृश्य उत्पन्न कर रहे हैं, अन्यथा समाजवादी पार्टी और उनके नेता जिस तरह के वक्तव्य दे रहे हैं उनसे केवल वातावरण विषाक्त होता।

थोड़ी देर के लिए दलीय राजनीति की सीमाओं से बाहर निकलकर विचार करिए। क्या स्वतंत्र भारत में पूर्व की सरकारों ने ऐसे अनूठे उत्सव को उसके मूल संस्कारों और चरित्र के अनुरूप भव्यता प्रदान करने, संपूर्णता तक पहुंचाने, भारत के आध्यात्मिक अनुकरणीय शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए इस तरह केंद्रित उद्यम किए थे? इसका ईमानदार उत्तर है, बिल्कुल नहीं। कहने का तात्पर्य यह नहीं कि पूर्व सरकारों ने कुंभ के लिए कुछ किया ही नहीं। लाखों करोड़ों व्यक्ति और संपूर्ण भारत के सारे संत -संन्यासी, साधू, महंत आचार्य दो महीने के लिए वहां उपस्थित हों तो सरकारों के लिए उसकी व्यवस्था और अपरिहार्य हो जाती है। सच यह है कि जिस तरह केंद्र और प्रदेश की योगी सरकार ने कुंभ को उसकी मौलिकता के अनुरूप वर्तमान देश, काल, स्थिति के साथ तादात्म्य बिठाते हुए कार्य किया वैसा पहले कभी नहीं हुआ। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संन्यासी हैं और उन्हें इसका ज्ञान है। उनके मंत्रिमंडल में भी ऐसे साथी हैं जो इन विषयों को काफी हद तक समझते हैं, जिनकी निष्ठा है। निष्ठा हो और संकल्प नहीं हो तो ज्ञान होते हुए भी साकार नहीं हो सकता। आप योगी आदित्यनाथ के समर्थक हों या विरोधी इन विषयों पर उनकी समझ, निष्ठा व संकल्पबद्धता को किसी दृष्टि से नकार नहीं सकते। जब इस तरह की टीम होती है तभी महाकुंभ, अयोध्या या काशी विश्वनाथ अपनी मौलिकता के साथ संपूर्ण रूप से प्रकट होता है। केंद्र का पूरा मार्गदर्शन और उसके अनुरूप सहायता हो तो समस्याएं नहीं आती। 2017 में प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार आने के बाद प्रयागराज में



ही 2019 में अर्धकुंभ आयोजित हुआ था और वहां से नया स्वरूप सामने आना आरंभ हुआ। पहली बार लोगों ने केंद्र व प्रदेश का संकल्प देखा तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पानी को अधिकतम संभव शुद्ध और स्वच्छ बनाने के लिए मिलकर दिन रात एक किया। 2019 में पहली बार राज्य सरकार ने 2406.65 करोड़ व्यय किया जिसकी पहले कल्पना नहीं थी। इस बार सरकार की ओर से 5496.48 करोड़ रुपये व्यय अभी तक हुआ और केंद्र ने भी इसमें 2100 करोड़ रुपये का अतिरिक्त सहयोग दिया है। कुंभ के आयोजन के साथ गंगा और यमुना दोनों में शून्य डिस्चार्ज सुनिश्चित करने की कोशिश हुई है। सभी 81 नालों का स्थायी निस्तारण सुनिश्चित करने की तैयारी की गई। यह तो नहीं कह सकते कि गंगा, यमुना और त्रिवेणी संगम का जल शत-प्रतिशत शुद्ध और स्वच्छ हो गया, किंतु अधिकतम कोशिश कर हरसंभव परिणाम तक ले जाने के परिश्रम से हम इन्कार नहीं कर सकते। कुंभ को हरित कुंभ बनाने की दृष्टि से पहली बार मोटा-मोटी 3 लाख के आसपास पौधों के रोपण का आंकड़ा है। पहले भी वृक्षारोपण होते थे, किंतु संख्या अत्यंत कम होती थी। ऐसे आयोजनों में स्वच्छता के अभाव में लोगों में अनेक स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा होती हैं। केवल रिकॉर्ड संख्या में डेढ़ लाख शौचालय बनाए गए, बल्कि 10 हजार से अधिक सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई। शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए लगभग 1230 किलोमीटर पाइपलाइन, 200 वाटर एटीएम तथा 85 नलकूप अधिष्ठान की व्यवस्था है। हालांकि हिंदुओं और सनातनियों के अंदर तीर्थयात्राओं में कष्ट सहने की मानसिकता और संस्कार है। हमारा चरित्र ऐसा है जहां जो कुछ व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं उसी में अपना कर्मकांडीय दायित्व पूरी करते हैं, किंतु सरकार व्यवस्था करे तो सब कुछ आसान होता है। सबसे बड़ी बात कि अखाड़ों, आश्रमों आदि की परंपराओं के अनुरूप व्यवस्था करना ताकि कर्मकांड संपूर्ण नियमों के साथ ही सुनिश्चित हो, मुख्य शाही स्नान ठीक मूहूर्त पर शास्त्रीय विधियो से संपन्न हों इसकी व्यवस्था तो पूर्व सरकारों में संभव ही नहीं थी। आप राजनीतिक रूप से आलोचना करिए किंतु सत्य है कि हमारे राजनीतिक नेतृत्व और नौकरशाही ने कभी ऐसे अवसरों को इस तरह जन-जन तक मीडिया के माध्यम से पहुंचाने और लोगों के अंदर आने की भावना पैदा करने की दृष्टि से विचार ही नहीं किया। टीवी चैनलों पर विहंगम दृश्य देखकर आम लोगों की प्रतिक्रियाएं हैं कि एक बार अवश्य जाकर वहां डुबकी लगानी चाहिए। अयोध्या में पिछले वर्ष श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में हमने प्रदेश सरकार की पहली बार ऐसी व्यवस्था देखी और अब महाकुंभ में उसका विस्तार है।

धीरे-धीरे अब परंपरागत आर्थिक विशेषज्ञ भी मानने लगे हैं कि भारत अगर विश्व की आर्थिक और आदर्श महाशक्ति बनेगा तो अध्यात्म-संस्कृत की क्षमता का उसमें सर्वाधिक योगदान होगा। मोटा-मोटी निष्कर्ष यह है कि लगभग 40 करोड़ लोग 45 दिनों में आते हैं तो दो से चार लाख तक का कारोबार हो सकता है। आयोजन के निर्माण में तैयार आधारभूत व्यवस्थाएं भविष्य में भी ऐसे स्थानों पर तीर्थ यात्रियों और आधुनिक संदर्भ में पर्यटकों को सतत आकर्षित करने का ठोस आधार बना रहेगा। कितने लोगों को रोजगार, आर्थिक समृद्धि, परिवारों में खुशहाली प्राप्त होगी इसकी कल्पना करिए। दुर्भाग्य से गुलामी के काल में अपनी ही महान आध्यात्मिक शक्ति, संस्कृति, कर्मकांड आदि को पिछड़ापन कहकर हमें उससे दूर किया गया। सच यह है कि ऐसे आयोजन जन कल्याण और संपूर्ण ब्रह्मांड के अंदर स्वाभाविक शांति की अमूर्त अंतःशक्ति पैदा करते हैं। साधु-संतों, अखाड़ों का स्नान, यज्ञ, अनुष्ठान विश्व कल्याण पर केंद्रित होता है। एक साथ हजारों की संख्या में यज्ञ अनुष्ठान से बना माहौल, मंत्रों की ध्वनि संगीत, जयकारे सब सूक्ष्म रूप से पूरे वातावरण में कैसी दिव्यता उत्पन्न करेंगे इसकी कल्पना करिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



कोलुक्कुमालाई तमिलनाडु के थेनी जिले में स्थित का एक छोटा सा गाँव है। कोलुक्कुमलाई दुनिया में सबसे ऊंचे चाय बागानों के लिए प्रसिद्ध एक छोटा सा गांव है, जो चाय को एक विशिष्ट स्वाद देता है। प्रसिद्ध चाय कारखानों में से एक जहां वे पारंपरिक तरीके से चाय को संसाधित करते हैं।

## ईश्वर को जानने से पहले उसे प्रेम करें



संकलित
**दर्शन**

हम सभी की यह स्वाभाविक इच्छा होती है कि हम ईश्वर को जानें। इसके लिए हम तमाम प्रयत्न भी करते हैं। ध्यान-तपस्या से लेकर योग साधना तक, जो भी हमारे सामर्थ्य में होता है। लेकिन इन सबमें हम एक अहम बात भूल जाते हैं कि हमें ईश्वर को जानने से पहले उसे प्रेम करना आना चाहिए। ईश्वर की उपस्थिति का अभ्यास करें। एक छोटी-सी प्रार्थना करके अथवा थोड़ा-सा प्रकाश देखकर संतुष्ट होकर सोने के लिए न चले जाएं। निद्रा नशे में जाने की दवाई है। यदि आप भली प्रकार से इच्छाओं को नियंत्रित कर सकें; और यदि आप पूर्णरूप से सभी इंद्रियों को नियंत्रित कर सकें; और यदि आप अपनी आत्मा की पूर्ण शक्ति से ईश्वर को खोजें, तब वह आपके समक्ष प्रकट हो जाएंगे। यद्यपि आप उच्च सदाचारी हों और एक आध्यात्मिक व्यक्ति हों, तो भी ईश्वर के बोध के बिना आपके पास कुछ नहीं है। इसलिए स्वयं को धोखा न दें। अधिक ध्यान करें- अनवरत रूप से और ईमानदारी से। ईश्वर से कहें, 'मैं अपनी कमजोरियों को जानता हूं। लेकिन प्रभु वे सब आपकी हैं, क्योंकि आपने ही मुझे बनाया है। आपके सान्निध्य में रहने के अतिरिक्त मेरी और कोई इच्छा नहीं है, क्योंकि आप ही इस संसार रूपी चलचित्र को दिखा रहे हैं। आप इसके सुखांत और दुखांत दोनों पहलुओं से मुक्त हैं। इसलिए मैं भी मुक्त हूं, क्योंकि मैं आपका बच्चा हूं।' स्वयं को पापी न कहें; और न स्वयं को धर्मात्मा कहकर गर्व करें। अपितु, कहें कि ईश्वर आपके साथ हैं, और केवल वे ही, न कि कोई और! आपके द्वारा कार्य कर रहे हैं।

## अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहें



संकलित
**प्रेरणा**

एक लोक कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत अपने शिष्य के साथ एक गांव में रुके। कुछ ही दिनों संत की ख्याति आसपास के क्षेत्र में फैल गई। अब उनके प्रवचन सुनने और दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे। ये देखकर उसी गांव का एक अन्य पंडित परेशान हो गया। उसे लगने लगा कि इस संत की वजह से मेरे भक्त कम हो जाएंगे। मेरा जीवन यापन कैसे होगा? पंडित ने संत का दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया। वह लोगों के सामने उस संत की बुराई करता था। एक दिन संत के शिष्य को ये सारी बातें मालूम हुईं तो उसे बहुत गुस्सा आया। वह तुरंत ही अपने गुरु के पास पहुंचा और पूरी बात बताई। संत ने शिष्य की बातें सुनी और कहा कि उसे छोड़ो। अगर मैं उस पंडित से वाद-विवाद करूंगा तो इससे ये सब बातें फैलना बंद नहीं होंगी। इसीलिए उसकी बातें पर ध्यान नहीं देना चाहिए। संत ने देखा कि शिष्य का क्रोध शांत नहीं हुआ है। तब उन्होंने कहा कि जब जंगल का हाथी गांव में आता है तो उसे देखकर सभी कुत्ते भौंकने लगते हैं, लेकिन हाथी पर इसका कोई असर नहीं होता है। हाथी अपनी मस्त चाल चलते रहता है। कुत्ते भौंकते हुए थक जाते हैं और वापस अपने इलाके की ओर भाग जाते हैं। हमें भी अपनी बुराई करने वालों के साथ इसी तरह पेश आना चाहिए। हमें सिर्फ अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ते रहना चाहिए। हमारे अच्छे काम ही ऐसे लोगों का मुंह बंद कर सकते हैं।

## मकर संक्रांति
श्वेता गोयल



# प्रकाश, पुण्य और नवजीवन का उत्सव

सूर्य उपासना का पर्व मकर संक्रांति प्रतिवर्ष 14 अथवा 15 जनवरी को पूरे उल्लास के साथ भारत सहित कई अन्य देशों में मनाया जाता है। इस वर्ष यह पर्व 14 जनवरी को मनाया जा रहा है। मकर संक्रांति के दिन से ही वसंत ऋतु की शुरूआत होती है। यह पर्व सम्पूर्ण भारत में फसलों के आगमन की खुशी के रूप में भी मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन सूर्य अपने पुत्र शनिदेव से नाराजगी भुलाकर उनके घर गए थे। कहा जाता है कि महाराज भगीरथ ने अपने पूर्वजों के लिए मकर संक्रांति के ही दिन तर्पण किया था। मकर संक्रांति के दिन सूर्य की कक्षा में होने वाले परिवर्तन यानी सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण में आने को अंधकार से प्रकाश की ओर परिवर्तन माना जाता है। सूर्य प्रायः 14 या 15 जनवरी को ही मकर राशि में प्रवेश करता है, इसीलिए उसी दिन मनाए जाने वाले पर्व को 'मकर संक्रांति' कहा जाता है। यह हिंदू पर्व भारत के अलग-अलग राज्यों में भी अलग-अलग तरीकों और नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में इसे खिचड़ी पर्व, पतंगोत्सव इत्यादि नामों से जाना जाता है जबकि मध्य भारत में इसे 'संक्रांति' कहा जाता है। दक्षिण भारत में यह त्योहार 'पोंगल' उत्सव के रूप में मनाया जाता है। मकर संक्रांति को उत्तरायण, माघी, खिचड़ी, पौष संक्रांति, भोगाली बिहू, शिशुर सेंक्रांत आदि नामों से भी जाना जाता है। नेपाल में इसे माघे संक्रांति या माघी संक्रांति व खिचड़ी संक्रांति, श्रीलंका में पोंगल या उझवर तिरूनल, बांग्लादेश में पौष संक्रांति, थाईलैंड में सोंगकरन, म्यांमार में थिंयान, कम्बोडिया में मोहा संगक्रान तथा लाओस में पिमा लाओ नाम से मनाया जाता है। कहा जाता है कि मकर संक्रांति से ही दिन तिल-तिल करके बढ़ता है अर्थात इस दिन से दिन की अवधि रात के समय से अधिक होने लगती है यानी दिन लंबे होने लगते हैं, जिससे खेतों में बोए हुए बीजों को अधिक रोशनी, अधिक ऊष्मा और अधिक ऊर्जा मिलती है, जिसका परिणाम अच्छी फसल के रूप में सामने आता है, इसलिए इस अवसर का खासतौर से किसानों के लिए तो बड़ा महत्व है। मकर संक्रांति में 'मकर' शब्द जहां मकर राशि को इंगित करता है, वहीं 'संक्रांति' शब्द का अर्थ है संक्रमण अर्थात प्रवेश करना। मकर संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है। एक राशि को छोड़कर दूसरी राशि में प्रवेश करने की इस विस्थापन क्रिया को ही संक्रांति कहा जाता है। हिन्दू शास्त्रों में मकर संक्रांति को पुण्यदायी पर्व माना गया है। इस दिन श्राद्धकर्म तथा तीर्थ स्नान करना फलदायी माना गया है। इस दिन लाखों श्रद्धालु विभिन्न तीर्थ स्थलों पर पवित्र स्नान करते हैं और तिल से बने पदार्थों का दान करते हैं। गंगासागर पर तो इस अवसर पर तीर्थस्नान के लिए लाखों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है, जो इस पर्व की महत्ता को परिलक्षित करता है। मान्यता है कि इस दिन देशभर के किसी भी पवित्र तीर्थ, संगम स्थल या गंगा अथवा यमुना के तट पर स्नान करने से आध्यात्मिक, शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक ऊर्जा मिलती है।आज के समय में मकर संक्रांति का उत्सव न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से मनाया जा रहा है, बल्कि इसे एक सामाजिक उत्सव के रूप में भी देखा जा रहा है। विभिन्न प्रकार के सामूहिक आयोजन, फसल उत्सव, सामूहिक भोज और पारंपरिक खेलों का आयोजन इसके आकर्षण को और बढ़ाता है। मकर संक्रांति न केवल एक पर्व है बल्कि यह भारतीय संस्कृति, परंपरा, धर्म और विज्ञान का अनूठा संगम है। इस पर्व में निहित वैज्ञानिक, खगोलीय और धार्मिक महत्व इसे अलग पहचान दिलाता है। यह पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने और जीवन में सकारात्मकता लाने की प्रेरणा देता है।

((लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दमघोंटू हवा के लिए जिम्मेदार कौन?

हमारा देश जो सारी दुनिया में प्रकृति प्रधान और शस्य श्यामला वसुंधरा के सौंदर्य से प्रसिद्ध है, उसकी छवि को हमने अपने स्वार्थ के लिए प्रदूषण बढ़ाकर खराब करने का काम किया है। माना कि सरकारों की गलत नीतियां प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन क्या हम खुद प्रदूषण से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए इसकी रोकथाम के लिए कुछ प्रयास नहीं कर सकते? अगर हमने स्वार्थी होकर पर्यावरण को संभालने के लिए अभी भी गंभीरता नहीं दिखाई और हवा में प्रदूषण फैलाने वाले गलत कामों पर पाबंदी नहीं लगाई तो वो दिन दूर नहीं है जब हमारा सांस लेना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो जाएगा। कुदरत ने तो हमें साफ-सुथरी हवा सांस लेने के लिए दी थी, लेकिन हमने अपने स्वार्थ के लिए इसमें जहर घोलकर इसे दमघोंटू बना लिया है। इस पर रोक लगनी चाहिए। *जगनू राम साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक



भारतीय मूल्यों और संस्कृति को महत्व देने के लिए एक बहुत ही खास दिन! आस्था, भक्ति और संस्कृति के संगम में अनगिनत लोगों को एक साथ लाते हुए, महाकुंभ प्रयागराज में शुरू हुआ। महाकुंभ भारत की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### स्वास्थ्य का अहम स्तंभ



पूरी तरह से वित्त पोषित गावी वैश्विक स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो टीकाकरण कवरेज की सुरक्षा करता है, स्वास्थ्य असमानताओं को कम करता है, बीमारी की घटनाओं व बाल मृत्यु दर रोकता है, खासकर कम आय वाले देशों में।
**-डॉ. टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### डीएम को तुरंत हटाया जाए



नई दिल्ली विधानसभा में बीजेपी की धांधली साफ़ नज़र आ रही है। फ़र्ज़ी वोट बनवाने और पैसे, चादरें, चश्मे बांटने का यह खेल डीएम की मिलीभगत से चल रहा है। चुनाव आयोग से मिलकर मांग की है कि गड़बड़ी में शामिल डीएम को तुरंत हटाया जाए।
**-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम दिल्ली**

### आधुनिक राजनीति का रूप



आधुनिक राजनीति: जब आप पाई का विस्तार नहीं कर सकते, तो फोकस इसे विभाजित करने पर केंद्रित हो जाता है। लेकिन जब पाई बढ़ती है, तो सभी के लिए और भी बहुत कुछ होता है। जो लोग पाई उगाते हैं वे हीरो हैं।
**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर


# समान अवसर सुनिश्चित करने आचार संहिता महत्वपूर्ण




देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए सरकार द्वारा दिया गया एक प्रमुख कारण यह है कि बार-बार आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य और सामान्य जन-जीवन बाधित होता है, लेकिन निर्वाचन आयोग ने कहा है कि यह एक "महत्वपूर्ण साधन" है जिसका उद्देश्य चुनावों में समान अवसर प्रदान करना है। 'एक देश, एक चुनाव' को लागू करने के लिए सरकार द्वारा लाए गए विधेयकों के अनुसार, विभिन्न कारणों से एक साथ चुनाव कराने की आवश्यकता है, जिसमें चुनावों का महंगा होना और समय लगना भी शामिल है। 'एक देश, एक चुनाव' को लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक में कहा गया है कि देश के चुनावी राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू होने से समूचे विकास कार्यक्रम रुक जाते हैं और सामान्य जन जीवन में व्यवधान उत्पन्न होता है। इसमें कहा गया है कि बार-बार चुनाव आचार संहिता लागू होने से सेवाओं का कामकाज प्रभावित होता है और कर्मचारियों को काफी समय तक उनके मूल काम से हटाकर चुनाव ड्यूटी में लगाना पड़ता है। चुनाव अधिकारियों का हालांकि मानना है कि "आदर्श आचार संहिता के अनुप्रयोग को व्यवधान के रूप में देखना सही नहीं होगा, क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण साधन है जिसका उद्देश्य चुनाव प्रचार में शामिल सभी हितधारकों को समान अवसर प्रदान करना है।

## ऑफ बीट

# आईएस विफल होने के बावजूद अब भी आतंकवाद फैला रहा



नए साल के दिन तड़के तीन बजकर 15 मिनट पर टेक्सास निवासी एक अमेरिकी नागरिक और सेना के भूतपूर्व सैनिक शम्सुद्दीन जब्बार ने न्यू ओर्लियंस के बॉर्बन स्ट्रीट पर एक ट्रक को भीड़ में घुसा दिया, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी और कम से कम 35 अन्य घायल हो गए थे। संघीय जांच ब्यूरो ने इस हमले को 'आतंकवादी कृत्य' बताया था और कहा था कि जब्बार (42) आतंकवादी संगठन 'इस्लामिक स्टेट' (आईएस) से प्रभावित था। उसके वाहन के पीछे से समूह का कुख्यात काला झंडा बरामद किया गया था तथा उसने आईएस के प्रति अपने समर्थन की घोषणा करते हुए ऑनलाइन वीडियो पोस्ट किए थे। हम नहीं जानते कि जब्बार, जो पुलिस कार्रवाई में मारा गया था, वास्तव में आईएस का आतंकवादी था या नहीं। लेकिन उसके हमले का तरीका समूह की ओर से पहले किये गये हमलों जैसा ही था। वर्ष 2017 में लंदन के वेस्टमिंस्टर ब्रिज पर हुए हमले में नागरिकों को निशाना बनाने के लिए वाहनों का इस्तेमाल किया गया था, साथ ही 2016 में बर्लिन और फ्रांसीसी शहर नीस में भी हमले किये गये थे। आईएस ने 2014 में तब दुनिया का ध्यान आकर्षित किया था जब उसने इराक और सीरिया के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया था।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

**कल पुणे में होगी सेना दिवस की परेड**

# पहली बार जंगी रोबोट दिखाएंगे करतब, एनसीसी की महिलाएं भी होंगी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस साल की सेना दिवस की परेड काफी अलग होगी। ऐसा पहली बार होने जा रहा है, जब इस मौके पर राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की लड़कियों की एक टुकड़ी भाग लेगी। इसके साथ ही चार विषयगत झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। इनमें से एक झांकी बल के मिशन ओलंपिक विंग पर आधारित होगीइस साल 15 जनवरी को सेना दिवस की परेड काफी अलग होगी। ऐसा पहली बार होने जा रहा है, जब इस मौके पर राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की लड़कियों की एक टुकड़ी भाग लेगी। इसके साथ ही चार विषयगत झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। इनमें से एक झांकी बल के मिशन ओलंपिक विंग पर आधारित होगी। दरअसल, बेंगलुरू स्थित सैन्य पुलिस कोर (सीएमपी), सेंटर एंड स्कूल की सभी महिलाओं की अग्निवीर टुकड़ी तथा मार्चिंग, जंगी रोबोट्स (रोबोटिक खच्चरों) का एक ग्रुप भी पहली बार इस प्रतिष्ठित वार्षिक परेड हिस्सा लेगा, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र होगा।

**खास बातें**

- कई अत्याधुनिक सैन्य हथियारों का होगा प्रदर्शन
- इस समारोह का थीम 'समर्थ भारत, सक्षम सेना'



## सेना की क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा

बता दें कि इस साल 77वें सेना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। समारोह का थीम 'समर्थ भारत, सक्षम सेना' है। इस बार का फोकस भी सेना की क्षमताओं को प्रदर्शित करना है। जिससे एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में योगदान मिले। सूत्रों की मानें तो इस साल की सेना की परेड में के9 वज्र स्व-चालित हॉवित्जर, बीएमपी-2 सरथ पैदल सेना लड़ाकू वाहन, टी-90 टैंक, स्वाति हथियार लोकेटिंग रडार, सर्वत्र ब्रिजिंग सिस्टम, मल्टी-बैरल रॉकेट सिस्टम, एटोर एन1200 ऑल-टेरेन वाहन, ड्रोन जैमर सिस्टम और मोबाइल संचार नोड्स को प्रदर्शित किया जाना है।

## गौरव गाथा कार्यक्रम का भी होगा आयोजन

जानकारी के अनुसार सेना दिवस के दिन गौरव गाथा नामक एक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम में प्राचीन काल से लेकर समकालीन युग तक कल्याण के विकास को प्रदर्शित किया जाएगा। सेना दिवस की परेड का आयोजन 15 जनवरी को सेना की दक्षिणी कमान के तहत आने वाले महाराष्ट्र के पुणे में स्थित बॉम्बे इंजीनियरिंग ग्रुप और केंद्र में होनी है। संभावना है कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

## पहली बार रोबोटिक खच्चर लेंगे हिस्सा



*इस साल की परेड में एनसीसी की एक ऑल-गर्ल्स टुकड़ी और बेंगलुरु में कोर ऑफ मिलिट्री पुलिस सेंटर की एक ऑल-वुमन अग्निवीर टुकड़ी शामिल होंगी। ये पहला मौका होगा जब ये दोनों टुकड़ी शामिल होने जा रही है। इसके अलावा पहली बार इस परेड में दो बराबर पंक्तियों में खड़े 12 रोबोटिक खच्चर और उनके पीछे उनके संचालक हिस्सा लेंगे।*

**पुतिन की सेना ने जबरदस्ती जंग में उतारा**

# यूक्रेन में लड़ते भारतीय युवक ने गंवा दी जान



**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच हो रहे महा संग्राम के बीच एक भारतीय युवक की मौत हो गई है। ऐसी जानकारी मिली है कि वह व्लादिमीर पुतिन की सेना के लिए युद्ध लड़ रहा था। युवक केरल का रहने वाला था। उसके रिश्तेदार ने संवाददाताओं को कहा कि मॉस्को में भारतीय दूतावास ने उन्हें जानकारी दी कि वह रूसी सैन्य सहायता सेवा में कार्यरत था और मारा गया। हालांकि आधिकारिक रूप से ऐसी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। केरल के त्रिशूल में रहने वाला बिनिल पेश से इलेक्ट्रीशियन था और अपने चचेरे ससुर के साथ कुछ महीने पहले रूस पहुंचा था।

### 4 अप्रैल को गए थे रूस

त्रिशूर जिले के वडक्कनचेरी के पास कुरानचेरी के निवासी बिनिल और जैन को घर वापस लाने की अपील कर रहे थे। बिनिल (32) और जैन (27) आईटीआई मैकेनिकल डिप्लोमा धारक हैं और इलेक्ट्रीशियन और प्लंबर के रूप में काम करने की उम्मीद से 4 अप्रैल को रूस गए थे। हालांकि, रिश्तेदारों के अनुसार, रूस पहुंचते ही पर उनके भारतीय पासपोर्ट जब्त कर लिए गए और बाद में उन्हें रूसी सैन्य सहायता सेवा के हिस्से के रूप में युद्ध क्षेत्र में तैनात कर दिया गया।

### युद्ध में जबरन भर्ती, सामान तक छीन ले गए

उनके रिश्तेदारों ने कहा कि यूक्रेन के युद्धग्रस्त क्षेत्र में कहीं फंसे हुए हैं जो अब रूसी नियंत्रण में है, बिनिल और जैन ने अपने मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान खो दिए, जिससे उनकी कठिनाइयां और बढ़ गईं और वे अपनी वापसी के लिए अधिकारियों से मदद मांग रहे थे। रिश्तेदारों ने बताया कि जैन को भी चोटें आई हैं और उनका मॉस्को में इलाज चल रहा है।






## पेज एक के शेष

### पहला दिन, पहला...

दिलीप कुमार ने बताया कि वह पहली बार इस मेले में आए हैं और किन्नर अखाड़ा का बोर्ड देखकर अपने साथियों के साथ यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, किन्नर अखाड़ा में साधु-संतों को सनातन धर्म का प्रचार करते देख अच्छा लग रहा है। यह समाज काफी समय से उपेक्षित रहा, लेकिन कुंभ ने इन्हें संत के रूप में अपनाया, जो सराहनीय है। मुंबई से पहली बार किन्नर अखाड़े में आए लाल जी भाई भानुशाली ने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से इस शिविर के बारे में पता चला। भानुशाली ने कहा कि मुंबई और कच्छ (गुजरात) से 1,500 लोग उनके साथ महाकुंभ में आए हैं और बारी-बारी से ये सभी लोग किन्नर अखाड़े को देखने जा रहे हैं। भानुशाली ने मेले की व्यवस्थाओं को लेकर योगी सरकार और मेला प्रशासन की तारीफ की। उन्होंने कहा, किसी अन्य सरकार के शासन में इतनी साफ-सफाई और शौचालय, पेयजल आदि बुनियादी सुविधाओं की ऐसी व्यापक व्यवस्था की उम्मीद नहीं की जा सकती थी। मुख्यमंत्री योगी जी ने बहुत शानदार और अद्भुत व्यवस्था की है।

### कवर्धा अध्यक्ष का...

पहले राजनांदगांव में मामला सुलझाया गया और वहां पर जिलाध्यक्ष के साथ एक महामंत्री बनाकर फैसला किया गया। इसी तरह की रणनीति कवर्धा के लिए अपनाई जा रही थी, लेकिन वहां पर ऐसी स्थिति नहीं आई है। वहां प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने देवकुमारी चंद्रवंशी के स्थान पर राजेंद्र के नाम पर ही सहमति दे दी है। ऐसे में अब वहां पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को पूरा करके जिलाध्यक्ष के नाम का ऐलान कर दिया जाएगा।

### समर्पण के बाद सीएम...

एक-दूसरे का हाथ थामा। वहीं दूसरे जोड़े में कन्हाईपाड़ निवासी मड़कम पाण्डु और सल्लातोंग निवासी रव्वा भीमे ने विवाह के बंधन में बंधकर अपने जीवन का नया अध्याय शुरू किया। महिला एव बाल विकास विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रति जोड़ा 50 हजार की राशि दी जाती है, जिसमें 7 हजार का श्रृंगार सामग्री, 8 हजार विवाह की व्यवस्था एवं आयोजन के लिए और 35 हजार की राशि डीबीटी के माध्यम से खाते में दी जाएगी।

## जैकेट के शेष

### नगरीय निकाय चुनाव में...

दिन प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव होगा। जहां प्रदेशाध्यक्ष के लिए एक दर्जन नामांकन फार्म में एक-एक प्रस्तावक-समर्थक के साथ फार्म जमा होंगे, वहीं राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के लिए एक-एक नामांकन में एक-एक प्रस्तावक और समर्थक जरूरी होंगे। राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों में पांच सदस्य एससी और एसटी वर्ग के होंगे। बाकी 12 सदस्यों में सामान्य और ओबीसी वर्ग के सदस्य बनेंगे। प्रदेश में भाजपा का संगठन चुनाव चल रहा है। 36 में से 35 जिलाध्यक्षों का चुनाव हो चुका है। मंगलवार को बचे एक जिले का भी चुनाव हो जाएगा। इसके बाद 17 जनवरी को प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव होगा। चुनाव कराने के लिए यहां पर चुनाव अधिकारी विनोद तावड़े आ रहे हैं। उनके आने के बाद प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव होगा। अब यह तय हो गया है कि विधानसभा चुनाव के बाद अरुण साव के स्थान पर बनाए गए प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ही फिर से अध्यक्ष होंगे।

### यह होगी प्रक्रिया...

अध्यक्ष और छह विधायक और एक सांसद पात्र होंगे। भाजपा के 54 विधायक हैं, उसके दस फीसदी छह विधायक होंगे। दस लोकसभा के सांसद और एक राज्यसभा सांसद हैं, इसलिए सांसदों में एक ही सदस्य पात्र होगा।

### राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों...

के चुनाव के नामांकन और मतदान के लिए पात्र होंगे। एक सदस्य के लिए एक प्रस्तावक और एक समर्थक के साथ नामांकन भरा जाएगा।

### बाजार क्रैश, चार दिन में...

की गिरावट के साथ 76,330.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,129.19 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई में 3,562 शेयरों में गिरावट रही, जबकि 555 बढ़त में रहे। वहीं 131 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। 508 शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर रहे। वहीं 120 शेयर एक साल के उच्चतम स्तर पर रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 345.55 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,085.95 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली देखने को मिली। इसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। इसका कारण अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़े हैं, जिससे 2025 में प्रमुख ब्याज दर में कम कटौती की आशंका है। इससे डॉलर मजबूत हुआ, बॉन्ड प्रतिफल बढ़ा और उभरते बाजार कम आकर्षक हुए। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा, उच्च मूल्यांकन के बीच हाल में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि में कमी और कंपनियों की कमाई हल्की होने से बाजार धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से जोमैटो, करीब सात प्रतिशत लुढ़क गया। इसके अलावा पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, सन फार्मा और अल्ट्राटेक सीमेंट में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंडसइंड बैंक के शेयर लाभ में रहे। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप 4.17 प्रतिशत नुकसान में रहा, जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप में 4.14 प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई के सभी खंडवार सूचकांक नुकसान में रहे। सबसे ज्यादा 6.59 प्रतिशत का नुकसान रियल्टी क्षेत्र में आया। इसके अलावा, जन केंद्रित सेवा, बिजली, औद्योगिक जैसे अन्य सूचकांक भी नुकसान में रहे।

### कोतवाली के पास बुजुर्ग...

भाई-बहन की बेरहमी से हत्या कर दी गई। महिला की लाश घर के आंगन की गली में पड़ी मिली, जबकि बुजुर्ग का शव घर के अंदर मिला। घटना की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। हत्या की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को सील कर दिया। किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। घटनास्थल पर आईपीएस आकाश शुक्ला खुद जांच का नेतृत्व कर रहे हैं। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड भी मौके पर पहुंच चुके हैं। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। प्रारंभिक जांच में रात के समय दो संदिग्धों के फुटेज मिले हैं, लेकिन उनके चेहरे स्पष्ट नहीं दिख रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। इलाके के लोग इस घटना से दहशत में हैं। कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि हत्या में दो लोगों के शामिल होने की संभावना है। हालांकि, हत्या के पीछे के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुटी है।

### मारे गए चार नक्सलियों पर था...

बताया कि मुठभेड़ में पश्चिम बस्तर डिवीजन नेशनल पार्क एरिया कमेटी के पांच हार्डकोर माओवादियों के शव बंदेपारा-कोरंजेड में हुए मुठभेड़ स्थल से बरामद किया गया है। मारे गए माओवादियों में पश्चिम बस्तर डिवीजन नेशनल पार्क एरिया कमेटी डीवीसीएम प्लाटून नम्बर 2 कमाण्डर रैनु हेमला, मद्देड एरिया कमेटी प्लाटून नंबर 11 की पीपीसीएम ज्योति ताती, मिलिशिया प्लाटून कमांडर रमेश एचाम, मिलिशिया प्लाटून सदस्य रमेश मिच्चा के रूप में हुई जिन पर 15 लाख का ईनाम घोषित था।

### मारे गए माओवादी मद्देड़ व...

मुठभेड़ स्थल से सुरक्षाबलों ने एसएलआर के अलावा 3 मैगजीन व 52 राउण्ड, 12 बोर बंदूक व 14 राउण्ड, बीजीएल लांचर व 8 सेल, 315 रायफल व 15 राउण्ड, पाईंट 22 रायफल, भरमार बंदूक के अलावा भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य व दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया है।

### भारत ने बांग्लादेश को उसी...

नई दिल्ली में तैनात कार्यकारी उप-उच्चायुक्त नूरल इस्लाम को समन भेजकर दोपहर दो बजे राजधानी के साउथ ब्लॉक स्थित अपने कार्यालय में तलब किया और मामले पर सख्त हिदायत दी गई कि सीमा पर उसका यह रवैया नहीं चलेगा। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें बताया कि भारत ने बांग्लादेश के उप-उच्चायुक्त को यह स्पष्ट कर दिया है कि उसने सीमा पर दोनों देशों की सरकारों और बीएसएफ व बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड के बीच स्थापित किसी द्विपक्षीय समझौते या प्रोटोकॉल का उल्लंघन नहीं किया है। सीमा पर सुरक्षा कदमों के तहत बाड़ लगाने का काम किया जा रहा है। वहीं, यह समूचा घटनाक्रम बीते रविवार को मामले पर बांग्लादेश द्वारा ढाका में तैनात भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध दर्ज कराने के ठीक अगले दिन सामने आया है। बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीमुद्दीन ने भारतीय उच्चायुक्त से मुलाकात कर मामले पर गहरी चिंता व्यक्त की थी।

### जेड मोड़ सुरंग शुरू, अब...

रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह जम्मू-कश्मीर के लोगों से किए गए वादे निभाएंगे और सही समय पर सही चीजें होंगी। मोदी यहां रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उनकी यह टिप्पणी मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा समारोह में अपने भाषण के दौरान जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग के तुरंत बाद आई। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग का जिक्र किए बगैर कहा, आपको विश्वास करना होगा कि यह मोदी है और वह अपने वादे पूरे करता है। हर चीज के लिए एक सही समय होता है और सही चीजें सही समय पर ही होंगी। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर देश का ताज है और वह चाहते हैं कि यह सुंदर और समृद्ध बने। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में शांति का माहौल है और इसने पर्यटन पर असर देखा है। कश्मीर आज विकास की नयी गाथा लिख रहा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी जल्द ही रेलगाड़ी से जुड़ जाएगी और इसे लेकर लोगों में उत्साह है। मोदी ने पिछले वर्ष अक्टूबर में यहां जेड-मोड़ सुरंग के पास हुए आतंकवादी हमले में मारे गए सात लोगों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। जेड-मोड़ सुरंग के निर्माण पर 2,716.90 करोड़ रुपए की लागत

---

**दिल्ली हाईकोर्ट ने कैग रिपोर्ट पर कहा**

# दिल्ली सरकार की ईमानदारी पर शक, कैग रिपोर्ट पर लगाई सरकार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने शराब नीति मामले पर आई महानियंत्रक लेखा परीक्षक (कैग) रिपोर्ट को लेकर दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार को फटकार है। सीएजी की 14 रिपोर्ट को विधानसभा में न पेश किए जाने पर कोर्ट ने सरकारी की ईमानदारी पर संदेह जताया है। कोर्ट ने कहा कि आपने जिस तरह अपने कदम पीछे खींचे हैं, उससे आपकी ईमानदारी पर शक पैदा है, आपको तुरंत रिपोर्ट स्पीकर को भेजकर सदन में चर्चा शुरू करनी चाहिए थी।




**मीडिया में लीक रिपोर्ट, भाजपा विधायक पहुंचे हाईकोर्ट**

दिल्ली में शराब नीति मामले को लेकर आई कैग की 2 रिपोर्ट मीडिया में लीक हो चुकी है। इसमें सरकार के राजस्व को 2,026 करोड़ रुपये नुकसान की बात कही गई है। भाजपा विधायकों ने कैग रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने की मांग को लेकर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। भाजपा विधायकों का कहना है कि 12 से अधिक कैग रिपोर्ट पिछले 2 साल से विधानसभा में लंबित है।

### कैग रिपोर्ट में क्या है?

*कैग रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोना के प्रतिबंधों के कारण खुदरा लाइसेंस धारकों को जनवरी 2022 के लाइसेंस शुल्क के रूप में 144 करोड़ रुपये की छूट बिना कैबिनेट मंजूरी के दी गई। वार्डों में शराब की दुकान खोलने के लाइसेंस बांटे गए। यह फैसला उपराज्यपाल की मंजूरी के बगैर लिया गया। मंत्रियों के समूह ने विशेषज्ञों के सुझाव को भी अनदेखा किया। शराब नीति की वजह से राज्य के राजस्व को भारी क्षति पहुंची है।*

### क्या है शराब नीति विवाद?

दिल्ली सरकार ने नवंबर, 2021 में नई शराब नीति लागू की थी। इसमें शराब के ठेके निजी शराब कंपनियों को दिए गए थे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस नीति में भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए इसकी सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की। बाद में ईडी भी जांच में शामिल हो गई। आरोप है कि दिल्ली सरकार ने शराब कंपनियों से रिश्वत लेकर उन्हें नई नीति के जरिए लाभ पहुंचाया और शराब के ठेके दिए।

### केजरीवाल सहित अन्य हो चुके हैं गिरफ्तार

शराब नीति मामले में कथित घोटाले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत आप के 3 बड़े नेता जेल गए थे। केजरीवाल 177 दिन, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया 510 दिन और सांसद संजय सिंह 181 दिन जेल में रहे। अभी तीनों जमानत पर हैं।

---

# ओडिशा सरकार मीसाबंदियों को हर माह देगी 20 हजार रुपए पेंशन

**ओडिशा सरकार का बड़ा ऐलान**

एजेंसी ▸▸ भुवनेश्वर

ओडिशा की भाजपा सरकार ने सोमवार को आपातकाल के दौरान जेल गए राज्य के लोगों के लिए बड़ी घोषणा की है। सरकार ने ऐसे लोगों को 20,000 रुपये महीना पेंशन और अन्य लाभ देने का ऐलान किया है। राज्य के गृह विभाग की ओर से इस संबंध में एक अधिसूचना भी जारी कर दी है। सरकार ने आंतरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत यह ऐलान किया है। सरकार पेंशन के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी देगी।

### मुख्यमंत्री माझी ने 2 जनवरी को किया था ऐलान

बता दें कि राज्य के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने गत 2 जनवरी को आंतरिक सुरक्षा अधिनियम, भारत रक्षा नियम या भारत रक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा नियम के तहत आपातकाल के दौरान गिरफ्तार और जेल में बंद लोगों के लिए मासिक पेंशन देने का प्रावधान घोषित किया था। उन्होंने कहा था कि आपातकाल के दौरान राज्य के सैकड़ों लोगों ने जेल जाकर कांग्रेस सरकार की यातनाएं झेली थी। ऐसे में अब राज्य सरकार उन्हें संबल प्रदान करेगी।

### गृह विभाग ने क्या जारी की है अधिसूचना?

गृह विभाग की अधिसूचना के अनुसार, सरकार ने 25 जून, 1975 से 21 मार्च, 1977 तक देश में कांग्रेस की सरकार के दौरान लागू किए गए आपातकाल के दौरान जेल जाने वाले सभी ओडिशावासियों को भारत रक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत 20,000 रुपये महीना पेंशन देने का निर्णय किया है। इसी तरह इन लोगों को संपूर्ण चिकित्सा खर्च भी राज्य सरकार ही वहन करेगी। अधिसूचना के अनुसार, यह सुविधा 1 जनवरी, 2025 तक जीवित सभी लोगों को मिलेगी।

---

## अमेरिकाः लॉस एंजिल्स की आग 7वें दिन भी बेकाबू, 24 की मौत

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका में कैलिफोर्निया राज्य के लॉस एंजिल्स में जंगल की आग बुझने का नाम नहीं ले रही है। अब तक आग के कारण 24 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 16 अन्य लापता हैं। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी और पूरा शासन आठवें दिन भी आग के आगे बेबस नजर आ रहा है। आग की वजह से 12,000 से अधिक इमारतें नष्ट हो चुकी हैं। कनाडा और मैक्सिको के साथ 7 अमेरिकी राज्यों की टीम आग बुझाने में लगी हैं। अमेरिकी राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बताया कि अभी खतरा कम नहीं हुआ है क्योंकि मंगलवार और बुधवार को तूफान बढ़ने की संभावना है। इस दौरान 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है और पहाड़ों में 113 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है।

■ आग बुझाने की कोशिश जारी

---

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री भुनेश्वर जांगड़े पिता श्री विष्णु जांगड़े वो श्री विष्णु जांगड़े पिता स्व. पीलू जांगड़े दोनो जाति सतनामी, दोनो निवासी ग्राम घासीदास चौक वार्ड नंबर-09, आमनेर (अभनपुर) चंडी बाजार जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा-तेन्दुवा, प.ह.नं.- 28, रा.नि.मं.-तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर छ.ग., मे स्थित खसरा नंबर क्रमशः-29, 42, 286, 385, 404, 543, 546, 591, 631, 759, 781, 789, 856 का, रकबा क्रमशः 0.60, 0.11, 0.15, 0.10, 0.08, 0.09, 0.10, 0.24, 0.09, 0.25, 0.05, 0.40, 0.40 हेक्टेयर भूमि है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा दिनांक 07/01/2025 को निष्पादित कर बयाना राशि अदा कर दिया है, अब मात्र उपरोक्त सौदाशुदा भूमि का विक्रय विलेख का निष्पादन एंव पंजीयन होना शेष है।

अतः उपरोक्त क्रय-विक्रय के संव्यवहार से जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, सेठ साहूकार, शासकीय, अर्धशासकीय संस्था, निगम बोर्ड, प्राधिकरण आदि को उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग पर कोई उजर, दावा, या आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज अपने लिखित आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करे, बाद गुजरने म्याद की गई संपूर्ण उजर, दावा, या आपत्ति अवैध, विधि विरूद्ध एंव शुन्य होगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी वो बाध्यकारी भी नही होगा। तत्पश्चात मेरे पक्षकारा द्वारा उपरोक्त सौदेशुदा भूमि के विक्रय विलेख का निष्पादन एंव पंजीयन उसकी उपरोक्त भूमि स्वामी से करवा लिया जावेगा तथा उस स्थिति मे प्राप्त कोई भी आपत्ति अथवा दावा झूठा एंव नाजायज माना जावेगा। अतः सो सूचना जाने ।

रायपुर दिनांक 13/01/2025

भवदीय
के.आर.बंजारे, ए.के. अनंत (अधिवक्तागण)
म.नं. 646/55 त्रिवेदी सदन के पास
कृष्णानगर, संतोषीनगर रायपुर छ.ग.
मो.न.-8965833947, 9329120680

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने आकिब कुरैशी, आदिल कुरैशी दोनों पिता मोहम्मद वसीम कुरैशी जाति मुसलमान निवासी सदर उत्तर वार्ड धमतरी तहसील व जिला धमतरी छ.ग. के संयुक्त नाम की भूमि ग्राम गोकुलपुर प.ह.नं. 35 तहसील व जिला धमतरी छ.ग. में स्थित है जिसका खसरा नंबर 135/7 रकबा 0.032 हेक्टेयर स्थित है जिसे क्रय करने का सौदा किया गया है एवं पंजीयन की कार्यवाही अतिशीघ्र करायी जानी शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबध में किसी भी व्यक्ति, सीमावर्ती, संस्था निकाय, शासकीय, अर्धशासकीय बैंक, वित्तीय संस्था आदि को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई दावा आपत्ति करना हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर अपने स्वामित्व संबंधित संपूर्ण दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार हर प्रकार के विवादों से मुक्त मानकर अपने पक्ष में पंजीयन करा लेवेगा।

अतः सूचना जाने।

स्थान-धमतरी
दिनांक-13.01.2025

भवदीय
प्रकाश गुप्ता अधिवक्ता
जगदीश टायपिंग के सामने
बनियापारा वार्ड धमतरी
मो. नंबर-62610-24420

**आम सूचना**

(मौजा ग्राम माचाभाट, प.ह.नं. 06, रा.नि.मं. दामाखेडा, तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 264 रकबा 0.100 हे., खसरा नंबर 451, रकबा 0.050 हे., खसरा नंबर 461 रकबा 0.070 खसरा नंबर 464 रकबा 0.010 हे, खसरा नंबर 475 रकबा 0.030 हे., खसरा नंबर 611 रकबा 0.110 हे. कुल खसरा 6 कुल रकबा 0.3700 हेक्टेयर के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता/ भूमिस्वामी (1) श्री शिवकुमार, फगुवा, राजकुमार, मनोज, रामकुमार, राजेन्द्र, जानकीबाई पिता- श्री भगेला, निवासी- ग्राम माचाभाठ, तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) (2) श्री रामचंद, करणदास, लक्ष्मीबाई, रामकली, पिता- श्री भगउराम, निवासी- ग्राम माचाभाठ, तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) के निजी स्वामित्व एवं आधिपत्य की मौजा ग्राम माचाभाट, प.ह.नं. 06, रा.नि.मं. दामाखेड़ा, तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित उपरोक्त उल्लेखित कृषि भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दिया है। केवल विक्रय पत्र का पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त विक्रय संव्यवहार या विक्रय इकरार के संबंध में किसी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, आम जनता, शासन, शासकीय या अर्धशासकीय संस्था, साहूकार, बैंक, किसी वित्तीय संस्था, निगम या ग्राम पंचायत आदि को उपरोक्त उल्लेखित संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 03 दिवस के अंदर मय सुसंगत दस्तावेज लिखित में नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं रहेगा और आपत्ति विधि विरूद्ध एवं शून्य माना जावेगा और मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पंजीयन (रजिस्ट्री) अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.) दिनांक- 13.01.2025

लोकेश कुमार वर्मा, अधिवक्ता
ऑफिस- नहर रोड, रावतपुरा कालोनी
फेस -1, मठपुरैना, रायपुर तहसील व जिला
रायपुर (छ.ग.), मो.नं.- 93401-40860

---

**कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला**

# 'मेडिक्लेम की रकम को सड़क हादसे में मिलने वाले मुआवजे से काटा जाएगा

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा है कि बीमा पॉलिसी से मिलने वाली मेडिक्लेम की रकम को मोटर वाहन अधिनियम के तहत इलाज के खर्च और अस्पताल में भर्ती होने के लिए दिए गए मुआवजे में से काटा जाएगा। हाईकोर्ट ने सड़क हादसे में घायल दंपती के मुआवजे को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश हंचते संजीव कुमार ने बीमा कंपनी को सड़क हादसे में घायल होने वाले एस हनुमनथप्पा के परिवार को 4,93,839 रुपये और छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से मुआवजा देने का निर्देश दिया। वहीं अदालत ने बीमा कंपनी को मेडिक्लेम पॉलिसी के जरिये पहले चुकाए गए 1.8 लाख रुपये की कटौती करने का आदेश दिया।



**कोर्ट ने पिछले फैसले को बरकरार रखा :** अदालत ने अपने पिछले फैसले के आधार पर मेडिक्लेम की रकम की कटौती को बरकरार रखा और कहा कि मेडिक्लेम के माध्यम से प्राप्त प्रतिपूर्ति राशि को अंतिम मुआवजे की गणना में शामिल किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि प्रतिपूर्ति राशि निर्विवाद थी। इसलिए इसे चिकित्सा व्यय से काट लिया जाएगा।

### क्या है मामला

बंगलूरू के मराठहल्ली के निवासी हनुमनथप्पा की बाइक को एक ऑटो रिक्शा चालक ने 10 दिसंबर 2008 को टक्कर मार दी थी। हादसे में हनुमनथप्पा और उनकी पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद हिंदुपुर ग्रामीण पुलिस ने एक मामला दर्ज किया। इसके बाद हनुमनथप्पा ने बंगलूरू मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण का दरवाजा खटखटाया। न्यायाधिकरण ने 22 मार्च 2013 को पीड़ित को मुआवजे के रूप में 6,73,839 रुपये देने का आदेश दिया। इसमें चिकित्सा व्यय के लिए 5,24,639 रुपये शामिल थे। इस आदेश को चुनौती देते हुए बीमा कंपनी ने तर्क दिया कि मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत 1.8 लाख रुपये की प्रतिपूर्ति को चिकित्सा व्यय श्रेणी के तहत दी गई मुआवजा राशि से काट लिया जाना चाहिए।

---

**न्यायालय तहसीलदार बीजापुर जिला - बीजापुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202412180100003O5180/अ-19(3)/2024-25 साकिन बीजापुर तहसील बीजापुर जिला - बीजापुर छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा ग्राम बीजापुर के सर्व सर्वसाधारण को ईश्तहार जारी करते हुए सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के पत्र क्रमांक / 2289 / 2024 चार-5-2 दंतेवाड़ा दिनांक 19/09/2024 के माध्यम से बीजापुर मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (शिविल जिला) न्यायालय की स्थापना के लिए पर्याप्त अधोसंरचना सुविधा की उपलब्धता के लिए न्यायाधीशो हेतु एक नग "सी" टाइप, दो नग "डी" टाईप, तीन नग "एफ" टाईप एवं लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के कुल 31 यूनिट मकान के निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि की मांग किए जाने पर हल्का पटवारी ह.नं. 13 बीजापुर द्वारा ग्राम बीजापुर प.ह.नं. 13 तहसील बीजापुर जिला- बीजापुर स्थित भूमि खसरा नं. 14/1 रकबा 6.8700 हे. शासकीय भूमि मे से रकबा 1.124 हे./3.00 एकड़ भूमि चिन्हांकित कर खसरा नक्शा की प्रदाय किया गया है। चिन्हांकित भूमि को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को हस्तांतरित किये जाने हेतु उक्त प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बीजापुर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

इस घोषणा पत्र पर किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं उसकी विधिक प्रतिनिधि अथवा विधि व्यवसायी मेरे न्यायालय में दिनांक 16/01/2025 समय 11:00 बजे तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

इसके पश्चात प्राप्त किसी दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा आज दिनांक 02/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बीजापुर

---

## राशिफल

**मेष:** कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष:** मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन:** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु:** व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।


**मकर:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ:** मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

---

## शब्द पहेली - 5747



**बाएं से दाएं**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरूर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाडी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 5746 का हल**



---

## सूडोकु नवताल- 5758

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5757 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# क्या यही है उनका सच्चा प्यार...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर, जब रविवार को मुंबई में किसी काम से बाहर निकलीं तो उनके मोबाइल के वॉलपेपर को



पैपराजी ने अपने कैमरे में कैद कर लिया। श्रद्धा के वॉलपेपर पर उन्हीं के साथ एक शख्स की तस्वीर नजर आई, जिसे लेकर अब प्रशंसक लगातार कयास लगा रहे हैं कि आखिर यह खास शख्स कौन हैं। सोशल मीडिया पर श्रद्धा कपूर से ज्यादा उनके मोबाइल के वॉलपेपर की चर्चा हो रही है। श्रद्धा के प्रशंसकों को यह जानने की उत्सुकता है कि आखिर वह कौन खास शख्स है, जिसकी तस्वीर उन्होंने अपने मोबाइल के वॉलपेपर पर अपने साथ लगा रखी है।

## कहीं प्यार तो कहीं जीवन से निराशा दूर करने के लिए दिखाई गई पतंगबाजी

# ढील दे दे रे भैया... इन फिल्मों में दिखी पतंगबाजी की धूम

*नई दिल्ली। मकर संक्रांति का त्योहार 14 जनवरी को मनाया जा रहा है। इस दौरान पतंगबाजी करने का चलन है। सिनेमा में इस त्योहार को अलग-अलग तरीके से सेलिब्रेट किया जाता रहा है। कहीं प्यार का इजहार करने के लिए पतंगबाजी का इस्तेमाल हुआ है तो कहीं जीवन से निराशा दूर करने के लिए फिलॉस्फी के तौर पर पतंगबाजी दिखाई गई है। भारतीय सिनेमा में धार्मिक पर्वों और त्योहारों कीअहमियत काफी रही है। तकरीबन सभी प्रमुख त्योहार फिल्मों की कहानियों का हिस्सा रहे हैं। कभी कहानी को कोई अहम मोड़ देने के लिए तो कभी दृश्यों में रंग भरने के लिए त्योहारों का जश्न पर्दे पर मनाया जाता रहा है। मकर संक्रांति के मौके पर ऐसी ही फिल्मों का जिक्र यहां कर रहे हैं, जिनमें इस पर्व की धूम देखने को मिली।*

**हम दिल दे चुके सनम :** संजय लीला भंसाली की फिल्म हम



दिल दे चुके सनम हिंदी सिनेमा की क्लासिक फिल्मों में मानी जाती है। इस फिल्म में सलमान खान और ऐश्वर्या राय के बीच की शानदार केमिस्ट्री आज भी याद की जाती है। फिल्म में भंसाली ने 'ढील दे दे रे भैया' गाने में पतंग उड़ाने के त्योहार को शानदार ढंग से दिखाया है।

**1947- अर्थ :** दीपा मेहता की 1947 की फिल्म पार्टीशन पर



आधारित थी। फिल्म में, रुत आ गयी रे गाने के दौरान ने दिखाया कि कैसे देशवासी अलग मतों के बावजूद त्योहार (मकर संक्रांति) के दौरान एकजुट होते हैं। पीरियड रोमांस ड्रामा फिल्म का निर्देशन दीपा मेहता ने किया है। यह बापसी सिधवा के नॉवेल क्रैकिंग इंडिया पर आधारित है।

**काय पो चे :** अभिषेक कपूर ने काय पो चे में मकर संक्रांति सहित



कई त्योहारों का प्रदर्शन किया है। उन्होंने मांझा टाइटल से एक पूरा गाना इस त्योहार को समर्पित किया है। लेकिन, इस गाने में जिंदगी को लेकर गहरी बात की गई है। यह सुशांत सिंह राजपूत की पहली फिल्म थी।

**पतंग :** 2012 में आई प्रशांत भार्गव निर्देशित पतंग की कथाभूमि





अहमदाबाद शहर है। पतंगबाजी प्रतियोगिता की पृष्ठभूमि में इस फिल्म फिल्म की कहानी एक परिवार के सदस्यों के संबंधों को दिखाती है। डॉक्यूमेंट्री अंदाज में शूट की गई फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी, सुगंधा गर्ग और मुकुंद शुक्ला ने अहम किरदार निभाये थे।

**रईस :** शाहरुख खान अभिनीत फिल्म 'रईस' में पतंगबाजी की बैकग्राउंड में उड़ी उड़ी जाये गाना दिखाया गया है, जो 2017 में मकर संक्रांति पर रिलीज किया गया था। राम संपत ने इसका संगीत दिया था। जावेद अख्तर के बोलों को सुखविंदर सिंह, भूमि त्रिवेदी और करसन सगाठिया ने आवाजें दी थीं। गाना शाह रुख और माहिरा खान पर फिल्माया गया था।

**रश्मि रॉकेट :** 2021 की फिल्म रश्मि रॉकेट की एक अहम सीक्वेंस मकर संक्रांति त्योहार दौरान दिखाई गई है, जब एक पतंग का पीछा करते हुए रश्मि के तेज दौड़ने का पता चलता है। इस स्पोर्ट्स फिल्म में तापसी पन्नू ने लीड रोल निभाया था।

**ये खुला आसमान :** 2013 की इस फिल्म में पतंगबाजी के जरिए जीवन का पाठ पढ़ाया गया है। अविनाश स्कूल में खराब प्रदर्शन की वजह से डिप्रेशन में आ जाता है और ब्रेक लेकर अपने दादा के पास जाता है। अविनाश के दादा अपने जमाने के बेहतरीन पतंगबाज होते हैं। इस हुनर के जरिए वो अविनाश को समझाते हैं। गीतांजलि सिन्हा निर्देशित फिल्म में रघुवीर यादव ने दादा का रोल निभाया था।

**गबरू गैंग :** 'गबरू गैंग' फिल्म पतंग उड़ाने पर बनी पहली फीचर फिल्म है। इस फिल्म की कहानी पतंगबाजी प्रतियोगिता से जुड़ी हुई है। इस फिल्म में जबरदस्त ड्रामा, थ्रिल और एंटरटेनमेंट देखने के मिलता है। इस फिल्म का प्रॉडक्शन अशोक गोयनका और आरती पुरी ने किया था। फैंस ने इस फिल्म को खूब प्यार दिया।

# सिनेमाघरों में फिर आ रही 'बरेली की बर्फी'

**नई दिल्ली।** राजकुमार राव, आयुष्मान खुराना और कृति सेनन अभिनीत फिल्म 'बरेली की बर्फी' साल 2017 में रिलीज हुई थी। अब करीब आठ साल बाद एक बार फिर यह फिल्म सिनेमाघरों का रुख कर रही है। इसे री-रिलीज किया जा रहा है। सोमवार 13 जनवरी को निर्देशक अश्विनी तिवारी अय्यर और जंगली पिक्चर्स ने एक साझा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फिल्म की री-रिलीज की सूचना दी है। उन्होंने फिल्म का पोस्टर साझा किया है, जिस पर आयुष्मान, राजकुमार राव और कृति सेनन नजर आ रहे हैं। यह फिल्म 7 फरवरी को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज हो रही है। पोस्ट के साथ मेकर्स ने लिखा है, 'इस वैलेंटाइन पर प्यार और दोस्ती का जश्न मनाइए। हमारी बर्फियों से अपनी जिंदगी में मिठास लाइए'! बरेली की बर्फी सिनेमाघरों में फिर आ



रही है। इस फिल्म के री-रिलीज होने की जानकारी पर यूजर्स के दिलचस्प कमेंट आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'यह तो कभी भी देखी जा सकने वाली फिल्म है, यानी कंफर्ट फिल्म'। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म को अनगिनत बार देख लिया और थिएटर में भी देखा है। फिर भी थिएटर में इसे एक बार और देखेंगे'।

# हीरो बनने का अपना सपना रह गया अधूरा

## लेकिन, इंडस्ट्री को दिए कई सुपरस्टार...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज निर्माता-निर्देशक शक्ति सामंत कलाकार बनने का सपना लेकर मायानगरी आए थे। उनका ये सपना तो पूरा नहीं हुआ, लेकिन उन्होंने सिनेमा को जरूर कई सुपरस्टार दिए। उनका जन्म 13 जनवरी, 1926 को बंगाल के बर्धमान जिले के एक छोटे से गांव में हुआ। शक्ति यूं तो हीरो बनने का सपना लेकर मुंबई आए थे। लेकिन, उनका यह सपना अधूरा ही रहा। दिलचस्प बात ये है कि अपना सपना अधूरा रहने के बावजूद उन्होंने सिनेमा को कई सुपरस्टार दिए और खुद बन गए स्टारमेकर। शम्मी कपूर से लेकर राजेश खन्ना तक, उन्होंने कई सुपरस्टार दिए। आइए जानते हैं उनके बारे में..

शक्ति सामंत का इंडस्ट्री में कोई गॉडफादर नहीं था। न ही वे किसी फिल्मी पृष्ठभूमि से मायानगरी आए। सिनेमा को लेकर उनके अंदर सिर्फ एक चीज थी और वो थी शौक। जब वे मुंबई हीरो बनने आए तो उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने शुरुआत में एक स्कूल टीचर की नौकरी भी की। फिर 1948 में उन्हें फिल्मों में पहला ब्रेक मिला, लेकिन यह ब्रेक बतौर एक्टर नहीं, बल्कि असिस्टेंट डायरेक्टर मिला। सतीश निगम राज कपूर के साथ सुहाने दिन नाम की एक फिल्म बना रहे थे, उन्होंने शक्ति सामंत को अपना असिस्टेंट रख लिया था। कुछ समय बतौर असिस्टेंड निर्देशक काम करने के बाद उन्होंने स्वतंत्र निर्देशक काम करना शुरू किया।



***सिनेमा के शौकीनों को दिया देश का पहला पोस्टर ब्वॉय :*** शक्ति सामंत ने आराधना, अमर प्रेम, कश्मीर की कली, बरसात की रात, आनंद आश्रम, हावड़ा ब्रिज, कटी पतंग और अमानुष जैसी कालजयी फिल्में बनाईं। हिंदी सिनेमा के शौकीनों ने जिस पहले सितारे के पोस्टर अपने घरों में लगाने शुरू किए, उसका नाम है शम्मी कपूर। देश के इस पहले पोस्टर ब्वॉय को सुपरस्टार बनाने वाले फिल्ममेकर शक्ति सामंत ही थे।

### इंडस्ट्री को मिला पहला सुपरस्टार

शक्ति सामंत के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'बहू' थी। फिल्म में ऊषा किरण, शशिकला, प्राण और करण देवन भूख्य भूमिकाओं में थे। यह बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। इसके बाद उन्होंने इंसपेक्टर (1956), शीरू (1956), डिटेक्टिव (1957) और हिल स्टेशन (1957) जैसी हिट फिल्में बनाईं। इंडस्ट्री को पहला सुपरस्टार देने का श्रेय भी शक्ति सामंत को जाता है। सिनेमा का पहला सुपरस्टार यानी राजेश खन्ना। राजेश खन्ना की चारों सुपरहिट फिल्में- आराधना, आनंद आश्रम, अमर प्रेम और कटी पतंग उन्होंने ही बनाईं। 'आराधना' राजेश खन्ना के कॅरियर की पहली सुपरहिट फिल्म थी, जिसने उन्हें रातोंरात सुपरस्टार बना दिया।

# ओटीटी पर रिलीज होगी 'द ग्रेटेस्ट राइवलरी इंडिया बनाम पाकिस्तान'

**मुंबई।** 'द ग्रेटेस्ट राइवलरीः इंडिया बनाम पाकिस्तान' की रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी गई है। यह एक नई डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जो भारत और पाकिस्तान के बीच की पुरानी क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता और कहानी पर आधारित होगी। क्रिकेट पर आधारित इस सीरीज का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर 7 फरवरी को किया जाएगा। नेटफ्लिक्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर आधिकारिक पोस्टर के साथ यह खबर शेयर की है और साथ ही लिखा, 'दो नेशन, एक एपिक राइवलरी, 1.6 बिलियन दुआएं। 7 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर आने वाली द ग्रेटेस्ट राइवलरीः इंडिया बनाम पाकिस्तान में एक अनोखी विरासत के रोमांच को देखें।' भारत-पाकिस्तान टीमें को जब भी क्रिकेट खेल के मैदान में एक-दूसरे के साथ भिड़ते हैं। तब-तब दोनों देशों के क्रिकेट






फैंस के बीच अलग सा उत्साह देखने को मिलता है। नेटफ्लिक्स की इस पोस्ट के सामने आने के बाद क्रिकेट फैंस सोशल मीडिया पर अपनी राय दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'खेलों का बॉलीवुड' दूसरे यूजर ने लिखा, 'बिल्कुल असली सिनेमा', तीसरे यूजर ने लिखा, 'कोहली मैदान के नीचे, कोहली मैदान के बाहर जाते हैं।'

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 18' से बाहर निकलते ही अविनाश पर भड़कीं चाहत...


**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18' से बाहर होते ही चाहत पांडे ने अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह पूपर जमकर निशाना साधा। चाहत ने कहा कि अविनाश के बिना ईशा कुछ भी नहीं हैं और वह उनके लिए नौकर की तरह काम करते हैं। उन्होंने कहा कि वह खुद को ईशा सिंह से ज्यादा योग्य मानती हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह घर में होतीं तो ईशा को बाहर जाना चाहिए था। चाहत ने यहां तक कहा कि अविनाश मिश्रा के बिना ईशा सिंह का कोई अस्तित्व नहीं है। अविनाश ही उनके लिए सब कुछ करते हैं। चाहत ने दावा किया कि अविनाश ईशा के कपड़े प्रेस करते हैं और उनके लिए नाश्ता भी बनाते हैं। वह एक नौकर जैसे काम करते हैं। चाहत पांडे और अविनाश मिश्रा के बीच के विवादों ने शो में कई बार सुर्खियां बटोरी हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों एक-दूसरे को डेट भी कर चुके हैं। साथ ही, दोनों 'नथ जेवर या जंजीर' सीरियल में एक साथ काम भी कर चुके हैं। चाहत के साथ-साथ इस हफ्ते मिड-इविक्शन में श्रुतिका अर्जुन का भी सफर खत्म हुआ और वह भी घर से बाहर हो गईं। फिनाले वीक से पहले इन दोनों कंटेस्टेंट्स का बाहर जाना शो के दर्शकों को चौंका गया है। इस शो का ग्रैंड फिनाले भी नजदीक आ चुका है। 19 जनवरी को इस शो के विजेता के नाम से पर्दा उठ जाएगा।



# 'भूत बंगला' में नजर आएंगी तब्बू ...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए खुलासा किया कि वह निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी फिल्म भूत बंगला में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म के पोस्ट के साथ उन्होंने क्लैप बोर्ड की एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'हम यहां बंद हैं।.'। इस फिल्म में तब्बू के अलावा अक्षय कुमार भी नजर आएंगे। तब्बू की इस फिल्म को देखने के लिए आपको 2026 का इंतजार करना पड़ेगा। 2022 में रिलीज हुई फिल्म भूल भुलैया 2 में तब्बू ने डबल रोल निभाया था। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म में तब्बू ने मंजूलिका और अंजूलिका का किरदार निभाकर हर किसी को हैरान कर दिया था। तब्बू इस फिल्म में अंजूलिका के किरदार में जितनी खूबसूरत दिखीं, वहीं उन्होंने मंजूलिका के किरदार से सभी को डराया।

**शायली की जिंदगी में भूचाल बनकर आया स्टॉकर:** नई दिल्ली। स्टार प्लस का शो 'उड़ने की आशा' अपनी दमदार कहानी और अभिनय के चलते दर्शकों का पसंदीदा बना हुआ है। शो में सचिन के किरदार में कंवर ढिल्लन और शायली के किरदार में नेहा हरसोरा ने शानदार काम किया है। यह शो सचिन और शायली की शादी के बाद के जीवन और चुनौतियों को दर्शाता है। शो टीआरपी चार्ट पर भी छाया हुआ है। इसके हालिया प्रोमो में शायली एक ऐसी मुश्किल में फंस जाती है, जो उसे खुद के लिए खड़े होने के लिए मजबूर करती है। प्रोमो में काफी इंटेंस मोमेंट देखने को मिलता है। दरअसल, शायली का पीछा एक स्टॉकर करता है, जिस पर रेणुका ने उसे सलाह दिया कि शायली को अपनी दुकान बंद कर देनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाएं फिर से ना हों।





# करण-अर्जुन की रिलीज को हुए 30 साल

**नई दिल्ली।** 13 जनवरी 1995 को राकेश रोशन द्वारा निर्देशित फिल्म करण अर्जुन रिलीज हुई थी। इसकी रिलीज को पूरे 30 साल हो गए हैं। रिलीज के 30 सालों बाद भी यह फिल्म प्रशंसकों की पसंदीदा फिल्मों में से एक है, क्योंकि इसमें शाहरुख खान और सलमान खान की जोड़ी ने दिल जीत लिया था। तीन दशक पहले दो सुपरस्टारों को एक साथ फिल्म करण-अर्जुन में पहली बार बड़े पर्दे पर एक साथ देखा था। करण-अर्जुन ने रिलीज के बाद से 10 महीनों तक बॉक्स ऑफिस पर राज किया। फिल्म में शाहरुख और काजोल पर्दे पर वापस आए और उसी साल दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे भी रिलीज हुई, जिसके बाद से ही काजोल-शाहरुख की ऑनस्क्रीन जोड़ी प्रशंसकों की पसंदीदा जोड़ी बन गई।

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

फ्लैट बेचना है किराये से देना है
शंकर नगर रायपुर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

## चीन के साथ एलएसी विवाद पर सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा

# स्थिति संवेदनशील, पर स्थिर, हमारी तैनाती मजबूत, दो दौर की पेट्रोलिंग जांच पूरी हुई

*सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि अक्तूबर में पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक में स्थिति सुलझ गई। दोनों पक्षों ने पारंपरिक पेट्रोलिंग क्षेत्रों में जाने से एक-दूसरे को रोका है। अब तक दो दौर की पेट्रोलिंग की जांच पूरी हो चुकी है और दोनों पक्ष प्रक्रिया से संतुष्ट हैं। चराई के क्षेत्रों को लेकर आपसी सहमति बनी है*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को एलएसी और एलओसी से लेकर मणिपुर के हालात के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अक्तूबर में पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक में स्थिति सुलझ गई। दोनों पक्षों ने पारंपरिक पेट्रोलिंग क्षेत्रों में जाने से एक-दूसरे को रोका है। अब तक दो दौर की पेट्रोलिंग की जांच पूरी हो चुकी है और दोनों पक्ष प्रक्रिया से संतुष्ट हैं। चराई के क्षेत्रों को लेकर आपसी सहमति बनी है। यहां बफर जोन का कोई कांसेप्ट नहीं है। मैंने सभी सह-कमांडरों को जमीनी स्तर पर संवेदनशील मुद्दों को संभालने के लिए कहा है। ताकि इन्हें सैन्य स्तर पर ही हल किया जा सके। एलएसी पर हमारी तैनाती संतुलित और मजबूत है। हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। उत्तरी सीमाओं के लिए फोकस क्षमता विकास कार्यक्रम ने युद्ध लड़ने की प्रणाली में तकनीक को सक्षम किया। उन्होंने भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा को लेकर भी जानकारी दी। कहा कि पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम जारी है। हम सीमा पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और क्षमता बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं।

### खास बातें

- सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अच्छी तरह तैयार
- पिछले साल मारे गए 60 फीसदी आतंकवादी पाकिस्तानी



### जम्मू-कश्मीर में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में

*उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि पिछले साल मारे गए 60 फीसदी आतंकी पाकिस्तानी मूल के थे। आज घाटी और जम्मू क्षेत्र में जो भी आतंकी बचे हैं, हमें लगता है कि लगभग 80 फीसदी या उससे अधिक पाकिस्तानी मूल के हैं। जम्मू-कश्मीर में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। नियंत्रण रेखा पर डीजीएमओ के बीच सहमति के बाद फरवरी 2021 से प्रभावी संघर्ष विराम जारी है। हालांकि आतंकी ढांचा बरकरार है। आईबी सेक्टर से घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं। हाल ही में उत्तरी कश्मीर और डोडा-किश्तवाड़ बेल्ट में आतंकी गतिविधियों में इजाफा हुआ है। जबकि हिंसा के मानदंड नियंत्रण में हैं। हमने इस बार अमरनाथ यात्रा के दौरान पांच लाख से अधिक तीर्थयात्रियों को देखा। साथ ही शांतिपूर्ण चुनाव होना एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है। आतंकवाद से पर्यटन की थीम धीरे-धीरे आकार ले रही है।*

### पूर्वोत्तर में स्थिति में हो रहा सुधार

सेना प्रमुख ने हिंसा ग्रस्त मणिपुर के बारे में कहा कि पूर्वोत्तर में स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। मणिपुर में सुरक्षा बलों के प्रयास प्रयासों और सरकार की पहल से स्थिति नियंत्रण में आई है। हालांकि, हिंसा की कुछ घटनाएं जारी हैं। हम इस क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं। विभिन्न गैर सरकारी संगठन और विभिन्न समुदाय के नेताओं से संपर्क कर रहे हैं ताकि एक तरह का सामंजस्य स्थापित किया जा सके। भारत-म्यांमार सीमा पर निगरानी बढ़ाई गई है, ताकि म्यांमार में अभी तक हो रही अशांति को रोका जा सके। जहां तक मानवीय सहायता और आपदा राहत का सवाल है, 2024 में हमने अपने क्यूआरटी और क्यूआर मेडिकल टीमों को अपग्रेड करने के लिए विशेष रूप से 17 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

### नौसेना के साथ कई क्षेत्रों में चल रहा काम

*सेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय नौसेना हमारे साथ पैंगोंग त्सो झील में बड़े पैमाने पर काम कर रही है। उनके विशेष बल जम्मू-कश्मीर और अन्य स्थानों पर हमारे साथ काम कर रहे हैं। भारतीय नौसेना के सहयोग की बात करें तो जहां तक हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) का सवाल है, दो जगहों पर हम बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पहला अंडमान और निकोबार और दूसरा उभयचर टास्क फोर्स। जहां तक अंडमान और निकोबार का सवाल है हम उन्हें स्थायी आधार पर रेट करने जा रहे हैं और उस क्षेत्र में प्रादेशिक सेना की भूमिका को बढ़ाएंगे। इसलिए नौसेना के साथ मिलकर हम बड़े पैमाने पर उनके रोजगार पर विचार कर रहे हैं। हमारे पास कुछ योजनाएं हैं जिन पर हमने पश्चिमी हिस्से में मिलकर काम किया है।*

## 42 दिन नियमों में बंधेंगे हिमाचलवासी

# न टीवी लगेगा न बजेगा डीजे, मोबाइल भी 'लॉक'

एजेंसी ▶▶| एजेंसी,शिमला

न टीवी लगेगा, न बजेगा डीजे। गांव में कोई सीटी तक नहीं बजा सकेगा... और तो और मोबाइल फोन साइलेंट मोड में रखे जाएंगे और रील, वीडियो चलाना तक बंद हो जाएगा। दरअसल, मनाली के कई गांवों में मकर संक्रांति के बाद ग्रामीण कड़े देव नियमों में बंधने जा रहे हैं। सिमसा में देवता कार्तिक स्वामी के मंदिर का कपाट संक्रांति पर बंद हो जाएगा। गौशाल गांव में कंचन नाग, व्यास ऋषि और गौतम ऋषि का मंदिर विधिवत पूजा के बाद बंद हो जाएगा।



### 42 दिन बाद देवता करेंगे भविष्यवाणी

42 दिन बाद आराध्य देवों के सम्मान में फागली उत्सव का आयोजन होगा। देवता स्वर्ग प्रवास से लौटते ही भविष्य में होने वाली सालभर की घटनाओं के बारे भी भविष्यवाणी करेंगे। मंदिर के अंदर हुए लेप को निकाला जाएगा। इसमें कुमकुम, सेब के पेड़ों के पत्ते, अनाज के दाने आदि निकलेंगे। इसके आधार पर सालभर की भविष्यवाणी होगी।

### मंदिर के कपाट बंद हो जाएंगे

सिमसा में एक महीने, जबकि गौशाल और आसपास के नौ गांवों में लोग 42 दिन देवता के नियमों का पालन करेंगे। गौशाल में टीवी, रेडियो बंद रहेंगे। न डीजे बजेगा और न ही गांव में शोर-शराबा किया जा सकेगा। गौशाल गांव के लोग अगले 42 दिन मनोरंजन के तमाम साधनों से दूर रहेंगे। गौशाल गांव में मकर संक्रांति पर मंगलवार को देवता कंचन नाग, ब्यास और गौतम ऋषि के मंदिर के कपाट बंद होते ही टीवी, रेडियो लगाने पर देव प्रतिबंध लग जाएगा। नौ गांवों में कृषि कार्य और गोशाला से गोबर निकालने पर प्रतिबंध रहेगा। 42 दिन बाद मंदिर के कपाट खुलेंगे, तब तक ग्रामीण देव आदेश का पालन करेंगे।

## तेलंगाना जिला बैठक में हंगामा, बीआरएस विधायक पर मामले दर्ज

**करीमनगर।** तेलंगाना के करीमनगर में जिला समीक्षा समिति की बैठक के दौरान जगतियाल के विधायक संजय कुमार के साथ भारत राष्ट्र समिति विधायक पी कौशिक रेड्डी की तीखी बहस हो जाने के एक दिन बाद उनके खिलाफ तीन मामले दर्ज किए गए। पुलिस ने बताया कि रेड्डी के खिलाफ एक जगतियाल विधायक के निजी सहायक द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर, दूसरा राजस्व मंडल अधिकारी की शिकायत पर और तीसरा जिला पुस्तकालय के अध्यक्ष सत्तू मल्लेशम की शिकायत पर दर्ज किया गया।

## सड़क दुर्घटनाओं में 12 की मौत

# पौड़ी में 5 ने तो श्रीगंगानगर में तीन लोगों ने गंवाई जान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के विभिन्न राज्यों में हुईं सड़क दुर्घटनाओं में 12 लोगों की मौत हो गई। जहां उत्तराखंड के पौड़ी में बस के खाई में गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई, राजस्थान के पाली में स्कार्पियो पलटने से 2 लोगों को जान गंवानी पड़ी। राजस्थान के श्रीगंगानगर में बस और बोलेरो की टक्कर में 3 लोगों की मौत हो गई और हिमाचल प्रदेश के शिमला में जेसीबी मशीन को लापरवाही से चलाने के कारण दादी-पोती की जानें चली गईं। उत्तराखंड में पौड़ी से सेंट्रल स्कूल जाने वाले मार्ग पर रविवार को एक बस गहरी खाई में गिर गई। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। आनन-फानन में पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।



## परशुराम बोर्ड का अजीबोगरीब ऐलान

# 4 बच्चे पैदा करो 1 लाख रुपए का ईनाम पाओ

एजेंसी ▶▶| भोपाल

मध्य प्रदेश में परशुराम कल्याण बोर्ड ने ब्राह्मण समाज के लिए अजीबोगरीब ऐलान किया है। बोर्ड के अध्यक्ष ने ब्राह्मण दंपतियों को 4 बच्चे पैदा करने पर 1 लाख रुपये ईनाम देने की घोषणा की है। राज्य में कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु रजोरिया ने इंदौर में आयोजित सनाढ्य ब्राह्मण समाज के परिचय सम्मेलन में यह बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए युवाओं को आगे आना होगा। राजोरिया ने आगे कहा, चाहे मैं परशुराम कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष रहूं या न रहूं। कोई भी रहेगा। उसकी ओर से दिया जाएगा। अगर मैं किसी युवा से पूछता हूं तो वे कहते हैं कि पढ़ाई में ज्यादा खर्चा होता है।

### क्या बोले राजोरिया

राजोरिया ने कहा, मुझे युवाओं से बहुत उम्मीदें हैं। हम बुजुर्गों से बहुत उम्मीद नहीं कर सकते। आप भावी पीढ़ी की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। जो युवा अच्छी पद प्रतिष्ठा प्राप्त कर लेते हैं और एक बच्चा करके विराम लगा देते हैं, ये बहुत गड़बड़ मामला चल रहा है। मेरा आग्रह है कि कम से कम 4 तो होना ही चाहिए।

## तमिलनाडु के इरोड में पुलिस उपनिरीक्षक ने की आत्महत्या

एजेंसी ▶▶| इरोड (तमिलनाडु)

इरोड में 38 वर्षीय पुलिस उपनिरीक्षक ने सोमवार को अपने आवास में कथित रूप से आत्महत्या कर ली। इरोड टाउन थाने में एसआई के रूप में कार्यरत शशिकुमार रविवार को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद अराचलुर स्थित अपने घर के लिए रवाना हुए थे। सुबह करीब सात बजे शशिकुमार ने अपने उच्च अधिकारियों से फोन पर संपर्क किया, लेकिन सुबह 11 बजे तक जब उनके घर के दरवाजे बंद रहे तो पड़ोसियों को शक हुआ। पुलिस ने बताया कि वह उनके घर गए और देखा की शशिकुमार ने फांसी लगा ली है। पड़ोसियों ने घर का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दोपहर के समय उन्हें इरोड सरकारी जिला मुख्यालय अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

## मजदूरों के रूप में काम कर रहे 31 बांग्लादेशी तिरुपुर से गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| कोयंबटूर

आतंकवाद निरोधक दस्ते ने तिरुपुर में अवैध रूप से रहने के आरोप में 31 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक वी बद्रीनारायणन के नेतृत्व में एटीएस की कई टीमों ने जिले के विभिन्न हिस्सों में किराए के कमरों में तलाशी ली, जहां प्रवासी श्रमिक रह रहे थे। तलाशी के बाद, ग्रामीण पल्लडम क्षेत्र से 28 और तिरुपुर शहर के वीरपंडी और नल्लूर से अन्य को गिरफ्तार किया गया। ये सभी पिछले कुछ महीनों से पश्चिम बंगाल के मजदूरों के वेश में तिरुपुर में टेक्सटाइल इंडस्ट्री में काम कर रहे थे। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड जैसे दस्तावेज बरामद किए। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। उनके पास से मिले फर्जी दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है।

- पश्चिम बंगाल में टेक्सटाइल इंडस्ट्री में कर रहे थे काम

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड हाइट 5 फिट से शुरू वेतन 12000/- से 20200/- तक (PF+ ESIC +BONUS +रहना फ्री) मेस की सुविधा 5वीं से 12वीं तक कार्या:-शिव सेक्युरिटी कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका चौक, रेल्वे स्टेशन के पास, रायपुर (छ.ग.) मों. 0771-4036689, 8120957510, 9630939692.(RO-2482)

आवश्यकता है- सिक्युरिटी गार्ड, मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

आवश्यकता है- HIS service हेतु, रायपुर, धमतरी, जगदलपुर एवं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए सिक्योरिटी गार्ड -37 सिक्योरिटी सुपरवाइजर -10, एरिया आफिसर -6 गनमेंन - 7, हॉउसकिपिंग बाई वेतनमान - 11000 से 19000 आधार कार्ड, मार्कसीट की छायाप्रति लेकर सम्पर्क करें- स्थान - कृष्णा प्लाजा, सुन्दरनगर रायपुर Mob - 8085435101, 7509025000. (RO-2480)

आवश्यकता है- कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं- स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

**होम केयर वर्क**

आवश्यकता है- आनंद होम केयर में काम करने हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है मरीजों, बुजुर्गों एवं बेबी केयर के लिए ट्रेनिंग फ्री रहना- खाना फ्री वेतन- 12000/- से 15000/- मों- 9302224133, 9752391977. (RO-2487)

**हेल्थ केयर स्टाफ**

आवश्यकता है- NUGA BEST शिव हेल्थ केयर सेंटर स्टाफ के लिए मैडम की आवश्यकता है सैलरी- योग्यतानुसार योग्यता 10वीं और 12वीं पास पता:- इंडियन बैंक के ऊपर डगनिया मोड, सुंदर नगर, रायपुर मों- 7566181849. (RO-2491)

**ड्रायवर/हेल्पर**

आवश्यकता है- डिजायर टैक्सी चलाने के लिए ड्रायवर की आवश्यकता है। अनुभवी ही संपर्क करें- 7470308181, 7697800066.(RO-7434)

आवश्यकता है- तीन चक्का इलेक्ट्रिक माल वाहक ऑटो चलाने हेतु ड्राइवर एवं हेल्पर कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध पता- अशोक इंटरप्राइजेज आशीर्वाद धर्म कांटा के पास उरला बिरगांव रायपुर मिलने का समय सुबह 09 से 08 - 8770676924.(RO-5235)

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम दुकान में काम करने हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़कों की एवं टाटा ऐस चलाने ड्रायवर की संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर के पास 98271-14645, 9131139179. (RO-3219)

**विज्ञापन बुकिंग टाइम**
**सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक**

आवश्यकता है- टेड़ेसरा, रायपुर एवं महासमुंद पेट्रोल पंप में काम करने के लिए हेल्पर एवं मिनी टैंकर चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। संपर्क करे 9074854530.(आरो न.-1884)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- कोरियर मे कस्टमर विजिटकार्य हेतु लड़को और कंप्यूटर कार्य हेतु लड़की की आवश्यकता है। श्रीमारूति कोरियर, रिंगरोड-1 कुशालपुर कार्नर हाऊस के बाजू, रायपुर। 9399676408. (RO-439)

**सेल्स/मार्केटिंग**

आवश्यकता है- वाटर ट्रीटमेंट /स्विमिंग पूल के मिकल्स सेल्स मार्केटिंग करने हेतु सेल्स ऐक्जीक्यूटिव। अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करे: 9575711110. (RO-7437)

**अकाउटेंट/सेल्समैन**

आवश्यकता है- थोक कपडे में केवल पुरूष कम्प्युटर में बिल बनाने हेतु व फुल टाइम अकाउन्टेंट, अनुभवी सेल्समैन एंव साडी, हैंडलूम और सुटिंग शार्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता हैं संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658, 9977252503. (RO-7251)

**पैकिंग/डिलिवरी कार्य**

आवश्यकता है- ऑनलाइन फल एवं सब्जी की पैकेजिंग एवं डिलीवरी के लिए लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता संपर्क:- R.J.फ्रेश मार्ट महाराज चौक बोरसी रोड दुर्ग MO.9644499864.(आरो न.-1882)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं, आकर्षक वेतन । संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट, पंडरी, रायपुर ।(RO-422)

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- हॉस्पिटल के लिए मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (PRO) की आवश्यकता है संपर्क करे:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर फोन- 0771-2425009. (RO-3217)

**गोदाम/ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- जड़ी बुटी गोदाम में मुंशी एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़कों/ लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें: - 7509772278. (RO-7365)

**टीचर**

आवश्यकता है- अरिहंत एकाडमी बालोद CBSE में maths( TGT, MSC) chemistry (PGT, MSC) P.E( PGT) computer (PRD, PGDCA) Hindi एवं मदर टीचर की आवश्यकता है संपर्क -7748848000.(आरो न.-1885)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- आगरा में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र सम्पर्क करें- 8937847856, 6395268809.(RO-36516)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

**शोरूम वर्क**

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिक -बाइक शो रूम में काम करने हेतु लड़की/ महिला एवं लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार समय सुबह 10:00 से 8:00 बजे तक पता:- शिक्षा इलेक्ट्रिक वेटीकल, भनपुरी चौक ग्रामीण बैंक के बगल, रायपुर मों नंबर- 8319800009. (RO-3226)

**अन्य**

आवश्यकता है- पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8240426971. (RO-3216)

आवश्यकता है- जरूरतमंद लोग की आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/ फुलटाइम 35,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC-2150/-+91 8602999284. (RO-1336)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें:- 7044713881, 7044684039. (RO-745)

**Business व्यापार**

टॉवर लगवाए- मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया + नौकरी जमीनी कागज नक्शा ऑफिस लाएं या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं 9407780635, 8319401203 (RO-82)

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे:- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क:- Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai Mo.- 9826196515, 9826896515.(आरो.-7155)

**Property प्रापर्टी**

**मकान**

मकान बेचना है- चांगोराभाटा 600 वर्गफुट एवं 800 वर्गफुट में 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र नया मकान बेचना है संपर्क करे मोबाइल नंबर:- 9300505421, 9993451070. (RO-3223)

**वाहन**

वाहन- एक 30 सीटर मिनी बस रनिंग चल रहा है फिटनेस 2030 तक परमिट इंश्योरेंस टैक्स सहित सभी ओके है 1100 प्रति दिन किराया 33000 मासिक किराया पर चल रहा है बेचना है कीमत 11 लाख है संपर्क करें- 9691722982. (RO-2490)

**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें**
**62638-18152**

**बेचना/किराया**

**बेचना है**
VIP Karishma के बगल
Commercial Building
Builtup Area - 8500 Sqft.
Plot Area- 4500 Sqft.

**किराये से देना है**
शंकर नगर में
1000 वर्गफुट हॉल प्रथम तल में किराये से देना है।

VIP Estate में
Commercial Building
Builtup Area- 17400 Sqft.
Govt. Bank/ Hospital को प्राथमिकता

संपर्क करें-
8120008290
Dev Ad.




**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**Healthcare**

**सोरायसिस एवं समस्त चर्म रोग हर्पिस एवं यौन रोग, हेपाटाइटिस एच.आई.वी. रोग (AIDS) एड्स**

इन रोगों का स्थाई इलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। यह बीमारी शरीर के जीवन चक्र को ही खराब कर देता है अत: इसे किसी तरह दबाने की गलती भूल कर भी न करें।

- सोरायसिस रोग एवं समस्त चमड़ी रोग शरीर मे तांबे रंग के छिलके, पपड़ी युक्त दाग, सर मे रुसी का भ्रम, नाखूनों का सड़ना, उंगलियों का टेढ़ा पन, घुटने में काट दर्द एवं शरीर अपंग होकर बदबू जैसे आने लगते हैं, सावधान।
- एच.आई.वी., एड्स (HIV, AIDS) एवं हर्पिस रोग (जोस्टर, जेंटेलियस एवं हर्पिस, सिम्पलेक्स) स्त्री, पुरुष के गुप्तांगों मे दाने, छाले, फफोले, फुंसी, चमड़ी फटना, जलन, दर्द, योनि मार्ग से बदबू, सफेद पीले पानी जाते हो तो यह हर्पिस रोग या एच.आई.वी हो सकता है। कइयों को हो चुका है, यह न्यूरोट्रोपिक वायरस है जो शरीर के अंग को लकवा मारने जैसा कर देता है एवं हेपटायटिस, सिफलिस, गोनोरिया (मूत्र मार्ग से पस जाते) हो तो तुरंत खून की जांच करायें, यहाँ जांच की पूर्ण व्यवस्था है। यदि खून का रिपोर्ट पॉजिटिव हुआ तो रोने पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा क्योंकि अन्य चिकित्सा मे इसका उपाय है ही नहीं।
- समस्त यौन रोग एवं यौन (सेक्स) कमजोरी, शीघ्रपतन, प्रोस्टेट विकार, यूरेथ्रास्ट्रक्चर बूंद बूंद पेशाब आना इत्यादि।
- बहुचर्चित विख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी. अग्रवाल के 42 वर्षों के चिकित्सा अनुभव का लाभ बहुतों ने उठाया है आप भी ले सकते हैं। हम आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न प्रयोग से प्रगतिशील एवं अग्रसर हैं। केंद्र से दो बार राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरस्कार एवं भारत चिकित्सा रत्न से नवाजे जा चुके हैं। जब सब उपाय असफल हो गए हो तो अवश्य ही मिलें। आने के पूर्व फोन करें।

**वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर**
**आई.एस.ओ. सर्टिफाईड**
सुविख्यात चिकित्सक
**डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)**
9425555659, 9617789223,
निशांत अग्रवाल, फार्मा साइंटिस्ट
गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज (गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग। 9303242200, 7987365434
समय शाम 4.00-7.30 बजे तक
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

## खबर संक्षेप

### अधेड़ ने बोहार पेड़ में लगाई फांसी

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम जवरगांव निवासी तिलकराम ध्रुव पिता किशुनराम उम्र 53 वर्ष खेती-किसानी का काम करता था। शादी होकर बेटियों के चले जाने के बाद से तिलक घर में अपनी वृद्ध माता अनसुईया बाई के साथ रहता था। अधेड़ ने रविवार को अपने खेत के बोहार पेड़ में गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। शाम को घटना की जानकारी होने पर अर्जुनी पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची। पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। अधेड़ द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### पोंगा बांधने पेड़ पर चढ़े युवक की गिरने से मौत

**धमतरी।** पेड़ में पोंगा बांधने चढ़ा युवक अचानक नीचे गिरकर घायल हो गया। युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार ग्राम बोराई में रविवार को मड़ई मेला का आयोजन था। डीहीपारा बोराई निवासी हेमन्त कुमार नाग पिता मंगियाराम उम्र 29 वर्ष मड़ई की तैयारी के चलते पेड़ पर पोंगा बांधने चढ़ा था। इसी दौरान युवक अनियंत्रित होकर जमीन पर गिर गया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बेहोशी की हालत में उपचार के लिए नगरी अस्पताल लाया गया। युवक की गंभीर हालत को देख डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद धमतरी रिफर कर दिया। घायल को मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान रविवार की रात्रि युवक की मौत हो गई।

### बस की चपेट में आने से राहगीर की गई जान

**महासमुंद।** झलप-बागबाहरा में रोड में पैदल जा रहे एक व्यक्ति की बस की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस को प्रार्थी इंदरमन धृतलहरे ने बताया कि 11 जनवरी की शाम करीबन 6:45 बजे उसके बड़े पिता उवाराम घृतलहरे अपने किराना दुकान पचरी से झलप-बागबाहरा रोड होते पैदल घर जा रहे थे। इसी दौरान दैविक किराना दुकान के सामने झलप की ओर से आ रही बस क्रमांक सीजी 23एन 4401 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर उसके बड़े पिताजी उवाराम घृतलहरे को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंड कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर मृत्यु हो गया है।

## अपराध : भिलाई-3 पुलिस को मिली बड़ी सफलता, खुलेंगे कई राज

# प्रोफेसर पर प्राणघातक हमले के मामले में मास्टर माइंड सहित दो आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शहर के बहुचर्चित प्रोफेसर विनोद शर्मा पर हुए प्राणघातक हमले मामले में फरार मास्टर माइंड समेत तीन आरोपियों को भिलाई तीन स्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कुमारी अमित जायसवाल के न्यायालय में पेश किया गया है। तीनों आरोपी प्रोबीर शर्मा, धीरज वस्त्राकार और रेलवे कर्मी पवन कुमार को एक दिन की जुडिशल रिमांड पर जेल भेजा गया है।



पुलिस 14 जनवरी को पुनः एक बार प्रवीण शर्मा, धीरज वस्त्रकार को जेल से लाकर न्यायालय में पेश कर पुनः रिमांड की मांग करेगी। फिलहाल मामले में एक अन्य फरार इनामी आरोपी शिवम मिश्रा पुलिस पकड़ के बाहर है। इसके पूर्व सोमवार को निरीक्षक कपिल देव पांडेय, महिला निरीक्षक श्रद्धा पाठक प्रोबीर शर्मा की पत्नी डॉ प्रीति शर्मा को लेकर भिलाई तीन स्थित विठ्ठल पुरम निवास पर दबिश दी। जहां से पुलिस ने डॉ प्रीति शर्मा का एक आईफोन जप्त किया है। खबर है कि पुलिस ने डॉ प्रीति शर्मा के दो मोबाइल फोन को अपने कब्जे में लेकर जांच कर रही है। खबर है कि महिला डॉ प्रीति शर्मा को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है। पुलिस ने महिला डॉ को दिशा निर्देश देकर पूछताछ में बुलाने पर उपस्थित होने की सलाह दी गई है। गौरतलब हो कि छःमाह पूर्व शासकीय खुबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई तीन के प्रोफेसर विनोद शर्मा पर 6 युवकों ने प्राणघातक हमला कर फरार हो गए थे। जिसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में दाखिल किया गया था। शिकायत के बाद पुलिस ने एमपी से तीन युवकों को गिरफ्तार भी कर चुकी है। इसके बाद फरार प्रोबीर शर्मा, धीरज वस्त्राकार, शुभम मिश्रा की तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही थी।

### आरोपियों को न्यायालय में किया गया पेश

भिलाई-3 कॉलेज के प्रोफेसर पर प्राणघातक हमले के आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस टीम की बड़ी सफलता है। मामले में जांच जारी है। इस मामले में कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा।



**जितेन्द्र शुक्ला,** एसपी दुर्ग

# तबादला आदेश संशोधन कराने के नाम पर ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ मंत्री और अधिकारियों से पहचान का दिया झांसा

अपने आपको मंत्री एवं अधिकारियों से अच्छी जान-पहचान है, कहकर प्रार्थिया को झांसे में लेकर स्थानांतरण आदेश संशोधन कराने के नाम से प्रार्थिया से 3 लाख 25 हजार रुपए की धोखाधड़ी किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया



ने 11 जनवरी को लिखित शिकायत आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि यह वर्ष 2019 से सितंबर 2024 तक जिला अस्पताल राजांदगांव में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत रही।

### घेराबंदी कर पकड़ा

मामला पंजीबद्ध होने के बाद पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के दिशा-निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम तैयार कर आरोपी साहिल जैन निवासी अनुपम नगर को मुखबीर की सूचना के आधार पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिससे पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

# शराब का अवैध कारोबार, सरकारी शराब दुकान में काम करने वाले सहित 6 चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई नगर सहित आसपास के क्षेत्र में शराब का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। शराब के अवैध कारोबार से मिलने वाला मुनाफा इतना ज्यादा है कि इस कारोबार को सांठगांठ कर चलाए जाने की जानकारियां सामने आ रही है। लंबे अरसे से चल रहे शराब के अवैध कारोबार में गंडई पुलिस ने एक ही रात में टीम वर्क करते अलग-अलग तीन कार्रवाई की है।

जिसमे 6 लोगों पर कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



जिसमें पहले मामले पर राजेश वर्मा पिता प्रकाश वर्मा 34 वर्ष शक्ति नगर दुर्ग, अतुल वर्मा पिता द्वारिका प्रसाद 27 वर्ष निवासी चकनार दोनों के कब्जे से 60 पौवा शराब मेन रोड गंडई से चकनार जाने वाले मार्ग पर अवैध परिवहन करते पकड़ा गया। इसी प्रकार दूसरे प्रकरण में रंजीत उइके पिता अशोक उइके 22 वर्ष निवासी पंडरिया, सरकारी शराब दुकान में सुरक्षा गार्ड का काम कर रहे सुरेंद्र निर्मलकर पिता गोपी निर्मलकर 23 वर्ष निवासी टाटावाही सिंघनपुरी दोनों शराब दुकान से 96 पौवा शराब लेकर पंडरिया पहुंच मार्ग में शराब का अवैध परिवहन कर रहे थे, जिन्हें दबोचा गया।

### लोकेशन अफसर के इशारे पर खेल

इधर खैरागढ़ जिले की शराब दुकानो से एक लोकेशन अफसर के इशारे पर अवैध शराब की सप्लाई की जा रही है। बताया जाता है कि कोचियो से हर पेटी के लिए 200 रूपए वसूल किए जा रहे है। इस मामले की शिकायत कलेक्टर से भी की गई है।

# समाधान के लिए हुई बैठक में महिला से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बड़गांव थानांतर्गत नाहगिदा जोगिन में महिला के ऊपर चरित्र शंका की बात को लेकर बैठक रखा गया था। बैठक के दौरान कुछ लोगो ने महिला के साथ मारपीट किया, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने वालो के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए विवेचना शुरू कर दिया गया है। थाना में शिकायत करने पहुंची नाहगिदा जोगिन निवासी 27 वर्षीय रामेश्वरी यादव पति धनसिंह यादव ने पुलिस को बताया कि सात वर्ष पूर्व धन सिंह यादव निवासी नाहगिदा जोगिन के साथ मेरी शादी हुई। हमारे तरफ से पांच साल का एक लड़का है। इस बीच मेरे पति धन सिंह यादव मेरे ऊपर किसी लड़के के साथ संबंध होने का शंका पर 5 जनवरी को मेरे साथ मारपीट किया था। मारपीट के संबंध में 9 जनवरी को शाम करीबन 3 बजे बैठक आयोजित किया गयाय था। आयोजित बैठक के दौरान धन सिंह यादव, नरेन्द्र यादव, सोमा ध्रुवा, सोमनाथ उसेण्डी, फागेन ध्रुवा, सोमजी उसेण्डी, अरूण यादव, मंगतू नुरूटी के द्वारा डंडा, हाथ मुक्का, लात घुसा से मेरे साथ मारपीट करते हुए गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिए है। उक्त सभी लोगों के द्वारा मारपीट करने से मुझे चोट आई है। मारपीट को देख परिवार के अन्य लोगो ने बीच बचाव किया। मारपीट के डर और भय के कारण उसी समय थाना में रिपोर्ट नहीं करा पाई थी। मारपीट की घटना से पूरा परिवार दहशत में है और हमारे साथ कभी भी किसी भी तरह की अनहोनी हो सकती है। शिकायत की शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 191 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### बाइक से किया खतरनाक स्टंट, 41 सौ लगा जुर्माना

**राजनांदगांव।** बाइक से स्टंट करने वाले युवक को पुलिस ने 11 जनवरी एवं 12 जनवरी को आरोपी करन नागपुरिया 21 साल निवासी दीनदयाल कॉलोनी चिखली द्वारा महाराणा प्रताप चौक से आरके नगर चौक तक खतरनाक तरीके से बाइक में स्टंट कर वीडियो बनाकर वाट्सअप स्टेटस लगाकर सोशल मीडिया में वायरल किया गया था। जिस पर सायबर सेल एवं बसंतपुर व यातायात पुलिस द्वारा पतासाजी कर 12 जनवरी को डीयूके वाहन बाइक सहित आरोपी को पकड़कर थाना बसंतपुर लाकर फटकार लगाकर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184, बिना हेलमेट धारा 194 (घ), तेज गति से वाहन चलाने धारा 183(1)(क), बिना नंबर धारा 50(2), मौके पर कागजात पेश नहीं करना 130(3)/177 के तहत कार्रवाई कर 4100 रुपए जुर्माना वसूला गया।

# जुए फड़ से 2.9 लाख नकद जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बड़ाजीं पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। चार जुआरी मौके से फरार होने में कामयाब रहे। जुए के फड़ से पुलिस ने 2.9 लाख रुपए नकद, 3 चारपहिया कार व 2 बाइक जब्त किया है। फरार जुआरियों की पुलिस तलाश कर रही है। छापर भानपुरी के जंगल में जुए का फड़ सजा होने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन में जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करने बड़ाजीं थाना प्रभारी केशरीचंद साहू व लोहण्डीगुड़ा थाना प्रभारी गणेशराम यादव के नेतृत्व में अलग अलग टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा थाना बडांजी क्षेत्र के ग्राम छापर भानपुरी के पास जंगल में ताशपती से जुआ खेल रहे जुआरियों की



घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। मौके से 4 जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा गया। जुआरियों के पास व फड़ से 2 लाख 9 हजार 20 रुपए नकद के अलावा ताश के 52 पत्ते, दरी, मोमबत्ती के अलावा कार टाटा हैरियर, टाटा नेक्सॉन, स्विफ्ट डिजायर के अलावा पल्सर व हीरो होंडा एचएफ डिलक्स बाइक बरामद कर जब्त किया है। टीआई केशरीचंद साहू ने बताया कि गिरफ्तार जुआरियों में जब्त वाहन एक जुआरी की है शेष चार वाहन फरार जुआरियों की है जिनकी तलाश की जा रही है। टीम ने मौके से चार जुआरियों को गिरफ्तार किया गया।

### रेत खदान के जेसीबी चालक पर हथियार से लैस लोगों ने किया हमला

**धमतरी।** रेत उत्खनन का काम करने वाले जेसीबी चालक पर रविवार की रात्रि दर्जनभर हथियार से लैस लोगों ने हमला कर दिया। इस घटना में चालक का पैर टूट गया। वहीं शरीर पर गंभीर चोट लगी है। घायल के अनुसार रविवार की रात्रि अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम लीलर स्थित धर्मकांटा के पास हथियार से लैस युवकों द्वारा जेसीबी चालक से बेदम मारपीट करने की घटना सामने आई है। हमला करने के बाद हमलावर रात के अंधेरे का फायदा उठा मौके से भाग गए। चालक रहमान अंजारी पिता मो. जलालुद्दीन उम्र 24 वर्ष मूलतः झारखंड का रहने वाला है। वह जेसीबी आपरेटर का काम करता है। बीते तीन माह से धमतरी के जोधापुर में रहकर ग्राम लीलर स्थित रेत खदान में जेसीबी से रेत उत्खनन व लोडिंग का काम कर रहा है। रविवार की रात्रि रहमान ग्राम लीलर स्थित धर्मकांटा के पास मुख्य मार्ग में खड़ा था। इसी दौरान रात्रि लगभग 11 बजे दर्जनभर बाइक सवार हथियार से लैस होकर धर्मकांटा के पास पहुंचे। उनके हाथों में लोहे की राड व बैट था। बाइक सवार युवक के पास पहुंचते ही राड व बैट से ताबड़तोड़ हमला शुरु कर दिया। हमलावर जेसीबी चालक को अपने सेठ से काम बंद करने व यहां डम्प नहीं करने के लिए कह देने की बात बोलते हुए मारपीट करते रहे। पिटाई करने के बाद सभी हमलावर भाग गए।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, साहेबगंज**

विकास भवन, साहेबगंज।

ई– अल्पकालीन पुर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–अल्पकालीन पुर्निविदा संख्या–08/2024–2025/EE/RWD/SAHIBGANJ दिनांकः–11.01.2025

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल साहेबगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टिफिकेशन संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रू0 में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/SAHIBGANJ/ 20/2024-25 | साहेबगंज सदर | साहेबगंज प्रखण्ड भोलिया टोला एन0एच0 80 से मारगंज पुल तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.150 कि0मी0) | 245.024 | दो करोड़ पैतालीस लाख चौबीस रूपये मात्र | 12 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/SAHIBGANJ/ 21/2024-25 | साहेबगंज सदर | चासाटोली आर0ई0ओ0 रोड से किशन प्रसाद पी0डब्लू0डी0 रोड तक पथ निर्माण कार्य।(लं0–2.50 कि0मी0) | 470.029 | चार करोड़ सत्तर लाख उनतीस रूपये मात्र | 15 माह | |
| 3 | RWD/SAHIBGANJ/ 22/2024-25 | साहेबगंज सदर | लालबथानी से कारगील दियारा आर0ई0ओ0 रोड तक पथ निर्माण कार्य।(लं0–4.00 कि0मी0) | 721.355 | सात करोड़ इक्कीस लाख पैतीस हजार पांच सौ रूपये मात्र | 18 माह | |
| | | | कुलः– | 1436.408 | चौदह करोड़ छतीस लाख चालीस हजार आठ सौ रू0 मात्र | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 17.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.01.2025 अपराहन् 05.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन मोड में स्वीकार की जाएगी।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.01.2025 अपराहन् 11.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यप्रमंडल, साहेबगंज, पिन–816109
7. . ई–निविदा प्रकोश्ट का मोबाइल न0– 8292371115
8. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–https://www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/– कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, साहेबगंज।

PR.NO.344158 Rural Work Department(24-25):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गोड्डा।**
**अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना(तृतीय कॉल)**

ई0–निविदा संख्याः– 01/2024-25/R3/RWD/EE/GODDA दिनांकः 11-01-2025

कार्य का विवरणः मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोड्डा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/GODDA/ 13/STPKG/12/ 2023-24 | पथरगामा | माछीटाँड़ से कस्तुरिया तक पथ का सुदृढीकरण कार्य।(लं0–5 .393 कि0मी0) | 999.784 | नौ करोड़ निनानबे लाख अठहत्तर हजार चार सौ रूपये मात्र | 15(पन्द्रह) माह |
| 2 | | पथरगामा | आर0इ0ओ0 पथ बाराबाँध से जोगिया तक पथ का सुदृढीकरण कार्य।(लं0–3.590 कि0मी0) | | | |
| 3 | | पथरगामा | आर0इ0ओ0 पथ बाराबाँध से परसपानी तक पथ का सुदृढीकरण कार्य।(लं0–2.700 कि0मी0) | | | |
| 4 | | पथरगामा | आर0इ0ओ0 पथ डुमरिया से बोहा तक पथ का सुदृढीकरण कार्य।(लं0–3.140 कि0मी0) | | | |
| 5 | | बसंतराय | मनसा विशनपुर से शाहपुर तक पथ का सुदृढीकरण कार्य।(लं0–3 . 480 कि0मी0) | | | |
| 6 | | गोड्डा | बहुरिया पक्का पथ से गंगटा फसिया तक पथ का सुदृढीकरण कार्य। (लं0–1.600 कि0मी0) | | | |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 16.01.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 27.01.2025 अपराहृन 05.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–29.01.2025 अपराहृन 11.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोड्डा।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का मोबाईल नं0– 9973573276
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, गोड्डा।

PR 344139 Rural Work Department(24-25)D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,साहेबगंज,विकास भवन,साहेबगंज**

ई– निविदा आमंत्रण सूचना

ई0– निविदा संख्या–10/2024–2025/EE/RWD/SAHIBGANJ दिनांकः–11.01.2025

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल साहेबगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टिफिकेशन संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रू0 में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/SAHIBGANJ/ 30/2024-25 | साहेबगंज | शोभनपुर भटठा पी0डब्लू0डी0 पथ (शिव मंदिर के नजदीक) से तलबन्ना दुर्गा स्थान एन0एच0 80 तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.100 कि0मी0) | 256.706 | दो करोड़ छप्पन लाख सत्तर हजार छः रू0 मात्र | 15 माह | एक |
| | | | कुलः– | 256.706 | दो करोड़ छप्पन लाख सत्तर हजार छः रू0 मात्र | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 17.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 03.02.2025 अपराहन् 05.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन मोड में स्वीकार की जाएगी।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 04.02.2025 अपराहन् 11.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यप्रमंडल, साहेबगंज, पिन–816109
7. . ई–निविदा प्रकोष्ट का मोबाइल न0– 8292371115
8. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–https://www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल,साहेबगंज

PR 344159 Rural Work Department(24-25).D



**ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–27/2024-25/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 13.01.2025

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Soil Testing Lab Latehar | 1,08,81,600 /- | 09(Nine) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20/01/2025 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 27/01/2025 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, :– 28/01/2025 को 11:30 बजे मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 344260 Building(24-25).D



**Indian Overseas Bank**
**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक**
पंडरी शाखा : फोन नं. 0771-2582348, ई-मेल : iob2871@iob.in
भाटापारा शाखा : फोन नं. 07726220151, ई-मेल : iob2961@iob.in

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 6(2) तथा नियम 8 (6) के प्रावधानों के अंतर्गत अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, सपठित, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6(2) तथा नियम 8(6) के प्रावधानों सहित, के अंतर्गत अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद द्वारा आम जनता को सामान्य रूप से तथा देनदारों एवं जमानतदारों को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि रक्षित लेनदार के पास बंधक रखी गई नीचे उल्लेखित अचल संपत्तियों जिसका रचनात्मक कब्जा रक्षित लेनदार प्राधिकृत अधिकारी इण्डियन ओवरसीज़ बैंक, द्वारा लिया जा चुका है, का विक्रय दिनांक **30.01.2025** को **"जो हैं जहाँ है"**, **"जो है जैसा है"** तथा **"जो कुछ भी है"** आधार पर रक्षित लेनदार **इण्डियन ओवरसीज़ बैंक** द्वारा देनदारों तथा जमानतदारों से यहां नीचे उल्लेखित प्रत्येक खाते के समक्ष दर्शाई बकाया देय राशि (अनुबंधित दर पर ब्याज, शुल्क इत्यादि सहित पूर्ण पुनर्भुगतान की तिथि तक लागत/शुल्क के अतिरिक्त) की वसूली हेतु किया जायेगा।

**संपत्ति क्र. 1 तथा 2 हेतु - ई-नीलामी की तिथि - 30.01.2025**

| क्र. सं. | खाते का नाम तथा शाखा | चल एवं अचल संपत्तियों का विवरण | बकाया देय (विक्रय सूचना के अनुसार) | आरक्षित मूल्य / धरोहर जमा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **मे. सन स्टील** (पूर्व में सन स्टील वायर ट्रेडिंग के नाम से पहचाने जाने वाली) (प्रो. श्री अशोक कुमार चौरसिया), **कार्यालय पता :** औद्योगिक क्षेत्र 9वें ब्लॉक के पीछे, धनलक्ष्मी नगर, भनपुरी, रायपुर (छ.ग.) 492001 तथा **निवास :** पीपल-139, छ.ग. हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, बोरियाकला, सेजबहार, रायपुर, **शाखा : पंडरी** | श्री अशोक कुमार चौरसिया के नाम पर खसरा क्र. 114/6, प.ह.नं. 106, पं. ईश्वर चरण शुक्ला वार्ड क्र. 14, छ.ग. तकनीकी विद्यापीठ के पास, साईंस कॉलेज, ग्राम - चिरहुलडीह, रायपुर (छ.ग.) 492001, क्षेत्रफल 4400 वर्गफीट पर स्थित खुली भूमि सहित संपत्ति का समस्त भाग तथा अंश। **बाऊण्ड्री निम्नानुसार :**– उत्तर में - रास्ता, दक्षिण में - अन्य की भूमि, पूर्व में - डॉ. चौहान की भूमि, पश्चिम में - पाठक की भूमि। | रु. 1,48,62,475.34 + अनुबंधित दर पर ब्याज, शुल्क इत्यादि सहित पूर्ण पुनर्भुगतान की तिथि तक लागत/शुल्क के अतिरिक्त। | **रु. 1,02,01,000/–** / **रु. 10,02,100/–** |
| 2. | **मे. एस.एस.डी. मनोहर इंडस्ट्रीज़** (प्रो. श्री तरूण किंगरानी पिता श्री ताराचंद किंगरानी) **(देनदार)** तथा **जमानतदार :–** श्री सुरेश कुमार किंगरानी पिता श्री वासुमल किंगरानी **(जमानतदार तथा बंधककर्ता)**, **शाखा : भाटापारा** | **बैंक फायनेंस द्वारा क्रय की गई मशीनरी का न्यायोचित बंधक निम्नानुसार है :– इकाई (पोहा मिल) :– 1.** एसेसरीज़ सहित ग्रेन फीडर, **2.** प्री क्लीनर 1700 एमएम, पैडी डेस्टोनर, **3.** लाइट वेट बेल्टिंग 8", **4.** ''पीबीएल'' फुट माऊन्टेड मोटर माऊंट 2एचपी आऊटपुट आरपीएम 75, ''पीबीएल''फुट माऊन्टेड मोटर माऊंट 1एचपी आऊटपुट आरपीएम 50, **5.** एनर्जी एफिशिएन्ट मोटर्स - 1 एचपी 1440 आरपीएम, 2एचपी 1440 आरपीएम, **6.** (1) राइस फ्लेक्स री-प्रेसिंग मशीन - डबल रोलर सिस्टम, हैवी ड्यूटी टाईप, (2) राइस फ्लेक्स री-प्रेसिंग मशीन - डबल रोलर सिस्टम, हैवी ड्यूटी पर्फोरेटेड स्क्रीन सहित तथा ऑटो प्रेशर टाईप, **7.** (1) पोहा मशीन साईज 40", एक्स्ट्रा हैवी ड्यूटी गोकुल मेक, (2) ओडी 6"X22" सीमलेस पाईप, स्क्रू टाईप हैवी ड्यूटी पैडी रोस्टर, **8.** (1) नाग पालेकर मशीन 20 340 कम्प्लीट, (2) नाग पोहा मशीन 40" कम्प्लीट, **9.** 20 एचपी स्टार्टर 20 नग @ 8625/-, 1 एचपी से 7.5 एचपी डीओएल स्टार्टर 50 नग @ 2030/-, एमसीबी + एमसीसीबी ऐप, 1 एमएम से 6 एमएम वायर तथा केबल ऐप। मालडे मेक कैपेसिटर 250 केव्हीएआर, **10.** (1) 15 एच पी 960 आरपीएम मोटर 15 नग @ 31000/-, (2) 2 एच पी 960 आरपीएम मोटर 10 नग @7500/-, (3) 7.5 एच पी 960 आरपीएम मोटर 1 नग @13500/-, (4) 1 एच पी 960 आरपीएम मोटर 1 नग @5200/-, (5) 1 एच पी 1440 आरपीएम मोटर 1 नग @ 4500/-, **11.** (1) स्टोरेज टैंक्स - पैडी, ब्रान, सैंड, (2) डायनोसॉर 24", (3) इलेवेटर 30 फीट, (4) फायरिंग झारा, (5) पोहा झारा, (6) रोस्टर झारा, **12.** 100 केव्हीए सब स्टेशन एच बीम पोल पर, 13. रोस्टे फिटिंग, इलेवेटर फिटिंग, मशीन फिटिंग, फाऊण्डेशन फिटिंग, फ्लेकर कन्वेयर सेटिंग, फिटिंग। | रु. 1,01,44,768.77 + अनुबंधित दर पर ब्याज, शुल्क इत्यादि सहित पूर्ण पुनर्भुगतान की तिथि तक लागत/शुल्क के अतिरिक्त। | **रु. 40,50,000/–** / **रु. 4,05,000/–** |


विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया सेवा प्रदाता की लिंक **https://baanknet.com/** तथा इंडियन ओवरसीज़ बैंक, **शाखा –पंडरी तथा भाटापारा** रक्षित लेनदार की वेबसाइट **www.iob.in [https://www.iob.in/TenderDetails.aspx ? Tendertype=E_Auction]** का संदर्भ लें।

**टीप : इस सूचना द्वारा संबंधित खातों के ऋणी तथा जमानतदार भी प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) तथा नियम 8(6)/ नियम 9(1) के तहत उपरोक्त संपत्तियों का वर्णित तिथि एवं विवरण के अनुसार विक्रय की सूचना जाने।**

**दिनांक : 13.01.2025, स्थान : रायपुर** **प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक**

## खबर संक्षेप

### गोदरेज प्रॉपर्टीज को 1,300 करोड़ के आय की उम्मीद




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड को हैदराबाद में अपनी पहली आवासीय परियोजना से करीब 1,300 करोड़ रुपये की आय की उम्मीद है। हैदराबाद में अपनी पहली प्रीमियम आवासीय परियोजना 'गोदरेज मैडिसन एवेन्यू' की शुरुआत की घोषणा की।

### देश के रियल एस्टेट में 11.4 अरब डॉलर निवेश



**नई दिल्ली।** भारतीय रियल एस्टेट में पिछले वर्ष 11.4 अरब डॉलर का इक्विटी निवेश आया। यह सालाना आधार पर 54 प्रतिशत अधिक है। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी सीबीआरई ने कहा कि इसमें सबसे ज्यादा निवेश डेवलपर्स और संस्थागत निवेशकों ने किया है। भूमि अधिग्रहण के साथ-साथ रियल एस्टेट के सभी परिसंपत्ति वर्गों के विकास में हुई है।

### मैक्रोटेक डेवलपर्स बेंगलुरु में 2800 करोड़ निवेश करेगी




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स ने अपनी विस्तार योजना के तहत 2,800 करोड़ रुपये की आवासीय परियोजना के विकास के लिए बेंगलुरु में लगभग 20 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। खरीद के माध्यम से भूमि का अधिग्रहण कर रही है। कुल में से लगभग 20 एकड़ भूमि बेंगलुरु में अधिग्रहीत की गई है।

### बायोगैस उत्पादन पर कर छूट चाहता है कॉरपोरेट




**नई दिल्ली।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने वित्त मंत्रालय से आगामी आम बजट में कंप्रेस्ड (संपीड़ित) बायोगैस (सीबीजी) उत्पादन के लिए पूरी तरह कॉरपोरेट कर की छूट देने की मांग की है। निवेश आकर्षित करने में मदद मिलेगी और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत को बढ़ावा देने का लक्ष्य हासिल हो सकेगा।

### वीवर्क इंडिया ने राइट्स इश्यू से जुटाए 500 करोड़




**नई दिल्ली।** काम करने की साझा जगह प्रदान करने वाली कंपनी वीवर्क इंडिया ने कर्ज कम करने और भविष्य में वृद्धि हासिल करने के लिए राइट्स इश्यू के जरिये 500 करोड़ रुपये जुटाये हैं। वीवर्क इंडिया में रियल एस्टेट कंपनी एम्बेसी ग्रुप की 73 प्रतिशत, जबकि वीवर्क ग्लोबल की 27 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### भारत में ईवी की पहुंच में आएगी तेजी : हुंडई



**चेन्नई।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुण गर्ग ने कहा कि कंपनी को 2025 और 2026 में देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की पहुंच के तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी अपनी लोकप्रिय एसयूवी क्रेटा के ईवी संस्करण के साथ इलेक्ट्रिक वाहन खंड में प्रवेश करने के लिए तैयार है। इसकी भविष्य में चार इलेक्ट्रिक वाहन और लाने की भी योजना है। गर्ग ने बातचीत में कहा, '' भारत विद्युतीकरण के शुरुआती चरण में है।

# बफे की 10,71,408 करोड़ की संपत्ति उनके बच्चे संभालेंगे, गेट्स को नहीं मिलेगा पैसा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ प्रापर्टी जिस ट्रस्ट को दी जाएगी उस ट्रस्ट को तीनों बच्चे मिलकर चलाएंगे

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक वॉरेन बफे ने अपनी प्रॉपर्टी के बटवारे को लेकर नया प्लान बनाया है। उन्होंने हाल ही में दिए एक मीडिया इंटरव्यू में बताया कि वो अपनी सारी संपत्ति अब चौरिटेबल ट्रस्ट को ही देंगे, जिसे उनके बच्चे सूसी, हॉवी और पीटर संभालेंगे। उनके पैसे अब बिल गेट्स के ट्रस्ट को नहीं दिए जाएंगे। वॉरेन बफे दुनिया के मशहूर निवेशक हैं। उन्होंने कई सारी बड़ी कंपनियों में निवेश किया है और खुद बर्कशायर हैथवे के सीईओ हैं। अब उनकी बची हुई प्रॉपर्टी को जिस ट्रस्ट को दिया जाएगा वह उनके तीनों बच्चे मिलकर चलाएंगे। वही यह फैसला लेंगे कि पैसे कहां और कितने खर्च करने हैं।

वॉरेन बफे ने अपने बच्चों को बिजनेस के बारे में और आगे काम कैसे करना है इसके बारे में भी सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में करीब 8 अरब लोग हैं लेकिन उन सब में वह और उनके बच्चे सबसे ज्यादा लकी हैं।

**दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति वॉरेट बफे ने हाल में एक इंटरव्यू में कहा**

### बच्चे पहले ही कई फाउंडेशन चला रहे

वॉरेन बफे की बची हुई 10,71,408 करोड़ की सारी प्रॉपर्टी अब उनके बच्चों के द्वारा ही मैनेज की जाएगी। उनके बच्चे पहले भी कई सारे अपने अलग-अलग फाउंडेशन चला रहे हैं, जिसमें वह सभी अच्छा काम भी कर रहे है। यही सब देखते हुए बफे ने अपने बच्चों पर भरोसा जताया और अपनी सारी कमाई उनके द्वारा चलाए जाने वाले ट्रस्ट को देने का फैसला किया है।


वॉरेन बफे


बिल गेट्स

### बिल एंड मिलिंडा गेट्स को नहीं मिलेगा अब दान

वॉरेन बफे ने बिल गेट्स के फाउंडेशन बिल एंड मिलिंडा गेट्स को साल 2006 से अब तक करीब 39 अरब डॉलर दान दिए हैं। लेकिन, उन्होंने कहा कि मेरी मौत के बाद अब गेट्स फाउंडेशन को कोई और पैसा नहीं दिया जाएगा। अब उनका पूरा फोकस उनके बच्चों पर ही होगा।

### बफे के मूल्यों को आगे बढ़ाएगा ट्रस्ट

सूसी बफे ने कहा है कि हमने अभी ट्रस्ट के मूल्यों के बारे में ठीक तरीके से योजनाएं नहीं बनाई हैं, लेकिन ट्रस्ट का मकसद पैसे बनाने का नहीं होगा। इसके जरिए वॉरेन बफे ने जिस तरीके से दान किए हैं उनके जो मूल्य हैं उनको बढ़ाने का काम किया जाएगा।

## खुदरा महंगाई दिसंबर में घटकर 5.22 फीसदी पर आई

# महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को राहत खुदरा महंगाई 4 महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में खुदरा महंगाई दर दिसंबर में थोड़ी घटकर 5.22 फीसदी पर आ गई, जो नवंबर में 5.48 फीसदी थी। यह गिरावट मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण हुई। रॉयटर्स के एक सर्वे ने दिसंबर में महंगाई दर 5.3 फीसदी तक गिरने का अनुमान लगाया था।

हालांकि, एक्सपर्ट्स का कहना है कि महंगाई दर आरबीआई के 4 फीसदी के मध्यम अवधि के लक्ष्य तक 2026 के दूसरे हिस्से से पहले नहीं पहुंचेगी। दिसंबर में ग्रामीण महंगाई दर 5.76 फीसदी रही, जो नवंबर में 9.10 फीसदी थी। शहरी महंगाई दर भी घटकर 4.58 फीसदी पर आ गई, जो पिछले महीने 8.74 फीसदी थी।

### खाद्य महंगाई घटकर 8.39 फीसदी

खाद्य महंगाई, जो सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) में लगभग आधा हिस्सा रखती है, दिसंबर में घटकर 8.39 फीसदी पर आ गई, जो नवंबर में 9.04 फीसदी थी. सब्जियों की कीमतों में 26.56 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो नवंबर में 29.33 फीसदी और अक्टूबर में 42.18 फीसदी थी।



### शक्तिकांत दास ने पहले ही बता दिया था

इंफ्लेशन के आउटलुक को लेकर दिसंबर में आरबीआई के तत्कालीन गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि खाद्य महंगाई वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही तक हाई रह सकती है और चौथी तिमाही में कम होने के संकेत दे सकती है। उन्होंने कहा था, 'महंगाई उपभोक्ताओं की डिस्पोजेबल आय कम कर देती है।'

■ नवंबर 2024 में खुदरा महंगाई 5 .48 फीसदी पर थी

■ गिरावट मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण

■ शहरी महंगाई दर भी घटकर 4 .58 फीसदी पर आ गई

*आरबीआई ने विकास दर का अनुमान घटाया था :* *आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने दिसंबर में चालू वित्त वर्ष के लिए विकास दर का अनुमान 7.2 फीसदी से घटाकर 6.6 फीसदी कर दिया था, जबकि महंगाई अनुमान 4.5 फीसदी से बढ़ाकर 4.8 फीसदी कर दिया था।*

*ब्याज दरों में कटौती का अनुमान*

*हालांकि, फरवरी में ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती का अनुमान है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए किया जाएगा, क्योंकि जुलाई-सितंबर तिमाही में विकास दर 5 फीसदी से थोड़ी ऊपर रही।*

### दालों की महंगाई दर 3.83 फीसदी रही



हालांकि, अनाज की महंगाई दर दिसंबर में 9.67 फीसदी हो गई, जो नवंबर में 6.88 फीसदी थी। दालों की महंगाई दर 3.83 फीसदी रही, जो नवंबर में 5.41 फीसदी थी। सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों ने हाल के महीनों में महंगाई को ऊपर बनाए रखा है।

# म्यूचुअल फंड ने एनएफओ के जरिए 1.18 लाख करोड़ जुटाए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ कंपनियों ने 239 नई कोष पेशकश कर यह राशि जुटाई




परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों ने 2024 में 239 नई कोष पेशकश (एनएफओ) के जरिये 1.18 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसमें क्षेत्र या विषय पर आधारित इक्विटी फंड निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरे। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

जर्मिनेट इन्वेस्टर सर्विसेज रिसर्च की तरफ से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2024 में म्यूचुअल फंड योजनाओं का संचालन करने वाली परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) ने 239 एनएफओ लाकर 1.18 लाख करोड़ रुपये जुटा लिए। इसके पहले वर्ष 2023 में 212 एनएफओ के जरिये 63,854 करोड़ रुपये और 2022 में 228 एनएफओ के जरिये 62,187 करोड़ रुपये जुटाए गए थे। कोविड-19 महामारी से बुरी तरह प्रभावित वर्ष 2020 में 81 नई पेशकशों के जरिये एएमसी ने 53,703 करोड़ रुपये जुटाए थे। एनएफओ जारी करने की दर में तेजी का यह रुझान एक मजबूत वृद्धि पथ और निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। आमतौर पर एनएफओ बाजार में तेजी के माहौल में लाए जाते हैं जब निवेशकों की धारणा उच्च और आशावादी होती है। निवेशकों के इस आशावादी रुझान का फायदा उठाने और निवेश को आकर्षित करने के लिए एनएफओ शुरू किए गए थे। उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि शेयर बाजार के प्रदर्शन के साथ-साथ निवेशकों की सकारात्मक धारणाओं के कारण 2024 में एनएफओ के जरिये अधिक राशि जुटाई गई।

### ईटीएफ में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी

रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल क्षेत्र-विशेष या विषय-आधारित कोष, इंडेक्स फंड और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) ने निवेशकों की खासी दिलचस्पी हासिल की। रिपोर्ट कहती है, ''इस दौरान 53 एनएफओ ने 79,109 करोड़ रुपये जुटाए और ये फंड निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरे।''

# देश में पिछले साल 2,200 एकड़ से अधिक जमीन के सौदे हुए: रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ वर्ष 2023 में लगभग 1,900 एकड़ जमीन के सौदे हुए थे

■ इसमें 2000 एकड़ के सौदे देश के प्रमुख आठ शहरों में हुए

भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में बढ़ती मांग पूरी करने के लिए रियल एस्टेट डेवलपर द्वारा पिछले साल 2,200 एकड़ से अधिक के जमीन के सौदे किए। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रियल एस्टेट सलाहकार फर्म सीबीआरई की रिपोर्ट से पता चलता है कि वर्ष 2024 में 2,200 एकड़ से अधिक भूमि सौदे हुए जबकि इससे पहले वर्ष 2023 में लगभग 1,900 एकड़ जमीन के सौदे हुए थे। पिछले साल हुए कुल भूमि सौदों में से लगभग 2,000 एकड़ के सौदे देश के आठ प्रमुख बाजारों- दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, कोलकाता एवं अहमदाबाद में हुए। 2024 में खरीदी गई जमीन में से लगभग 1,200 एकड़ भूमि आवासीय परियोजनाओं, लगभग 580 एकड़ भूमि औद्योगिक एवं गोदाम पार्कों के लिए और 200 एकड़ भूमि डेटा केंद्रों के लिए है। सीबीआरई के भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया एवं अफ्रीका खंड के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंशुमान मैगजीन ने कहा, ''विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में भूमि सौदों में उल्लेखनीय वृद्धि भारत के रियल एस्टेट बाजार में निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाती है।'' बढ़ते शहरीकरण, अनुकूल नीतियों और घर खरीद पाने की बढ़ती क्षमता के कारण आवासीय क्षेत्र में तेजी आ रही है।

### दिल्ली सौदों के मामले में सबसे आगे रहा

सौदों की संख्या के मामले में दिल्ली-एनसीआर करीब 40 सौदों के साथ सबसे आगे रहा। आठ प्रमुख आवासीय बाजारों में करीब 135 जमीन सौदे हुए। क्रेडाई एनसीआर के महासचिव गौरव गुप्ता ने कहा, ''अपनी रणनीतिक स्थिति और बुनियादी ढांचे के विकास के साथ एनसीआर में और भी अधिक निवेश एवं विकास देखने को मिलेगा।''

### राष्ट्रीय जलमार्गों पर होगा 50,000 करोड़ का निवेश...



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जलमार्गों पर बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए अगले पांच वर्षों में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। बयान के अनुसार, काजीरंगा के कोहोरा में अंतर्देशीय जलमार्ग विकास परिषद (आईडब्ल्यूडीसी) की बैठक में निवेश प्रस्तावों की घोषणा की गई। बयान में कहा गया है, 'आईडब्ल्यूडीसी, राष्ट्रीय जलमार्गों पर बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए पांच वर्षों में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। आईडब्ल्यूडीसी का आयोजन भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा किया गया था। आईडब्ल्यूएआई बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) के तहत जलमार्गों के विकास के लिए नोडल एजेंसी है।

# चीन के निर्यात में दिसंबर में 10.7 प्रतिशत की वृद्धि

■ ट्रंप के व्यापार शुल्क लगाने की चेतावनी से अनिश्चितता

एजेंसी ⏭ हांगकांग



चीन के निर्यात में दिसंबर 2024 में सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अमेरिका के नव-निर्वाचित. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार शुल्क लगाने की चेतावनी से उत्पन्न अनिश्चितता के बीच चीन के कारखानों ने ऑर्डरों को पूरा करने में तेजी दिखाई है जिससे देश के निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की गई।


अर्थशास्त्रियों ने दिसंबर 2024 में इसमें करीब सात प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था। इस अवधि में चीन का आयात भी अनुमान से अधिक रहा और इसमें एक प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें 1.5 प्रतिशत की कमी का अनुमान था। गौरतलब है कि ट्रंप ने चीन की उन वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने का संकल्प किया है, जिनका उपयोग निर्यातक वर्तमान में अमेरिका में अपने उत्पादों को सस्ते दामों पर बेचने के लिए करते हैं। आयात की तुलना में निर्यात अधिक होने से चीन का व्यापार अधिशेष बढ़कर 104.84 अरब डॉलर हो गया।

# जीडीपी में हो रही वृद्धि से कंपनियों के लिए कर्ज होगा सुलभ : फिच

■ बैंक क्षेत्र की वित्तीय स्थिति में आया सुधार

■ कर्ज लेने से जुड़े मानदंडों में सुधार की उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




साख तय करने वाली फिच रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगातार हो रही वृद्धि, बैंक क्षेत्र की वित्तीय स्थिति में सुधार और 2025 में ब्याज दर में कटौती की उम्मीद वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनियों के लिए कर्ज लेने को सुलभ बनाएगी।

उच्च पूंजीगत व्यय के बावजूद, कर पूर्व आय मार्जिन व्यापक होने से अगले वित्त वर्ष (अप्रैल 2025-मार्च 2026) में रेटिंग प्राप्त भारतीय कंपनियों के कर्ज लेने से जुड़े मानदंडों में सुधार की उम्मीद है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर जोखिमों, भारतीय रुपये की विनिमय दर में लगातार गिरावट के दबाव के बीच ऊर्जा की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि होने पर नकारात्मक जोखिम पैदा हो सकता है।

*कंपनियों के लिए मांग बेहतर होगी*

*रिपोर्ट के अनुसार, ''हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.5 प्रतिशत होगी और मजबूत बुनियादी ढांचा खर्च के साथ सीमेंट, बिजली, पेट्रोलियम उत्पादों, इस्पात और इंजीनियरिंग और निर्माण (ई एंड सी) कंपनियों के लिए मांग बेहतर होगी।''*

### स्टैन्डर्ड ग्लास 26 फीसदी उछाल के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** स्टैन्डर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 140 रुपये से करीब 26 प्रतिशत उछाल के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 25.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 176 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 29.78 प्रतिशत बढ़कर 181.70 रुपये पर पहुंच गया।

# राडा का 8वां 'ऑटो एक्सपो 2025' कल से



■ रोड टैक्स पर मिलेगी 50 फीसदी की छूट

**रायपुर।** रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) द्वारा 15 जनवरी से 15 फरवरी तक साइंस कॉलेज मैदान में 'ऑटो एक्सपो 2025' का आयोजन किया जाएगा। यह राडा का 8वां ऑटो एक्सपो है, जो अब तक भारत का सबसे बड़ा रीजनल ऑटो एक्सपो बन चुका है।

इस साल के एक्सपो में 200 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसमें विभिन्न वाहनों और स्पेयर पार्ट्स के साथ-साथ नई तकनीकी नवाचारों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। एक्सपो के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार ने वाहनों पर 50 प्रतिशत रोड टैक्स छूट की घोषणा की है, जिससे डीलर्स और कस्टमर्स को खासा लाभ मिलेगा। पिछले साल के एक्सपो में 10,000 वाहनों की बिक्री हुई थी, जबकि इस बार 20,000 वाहनों की बिक्री की उम्मीद है। राडा के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन ने बताया कि इस एक्सपो में कार, टू व्हीलर, कमर्शियल व्हीकल्स, ट्रैक्टर्स सहित अन्य ऑटोमोबाइल सेगमेंट्स की भागीदारी होगी। इसके अलावा एक्सपो में बैंकिंग स्टॉल, ऑटोमोबाइल पार्ट्स, टायर, बैटरी और अन्य सामान की प्रदर्शनी भी होगी। आकर्षक कार्यक्रमों में न्यू लांचिंग, फैशन शो, डांस ग्रुप्स, सेलिब्रिटी परफॉर्मेंस, स्टंट शो, क्विज कांटेस्ट और फूड कोर्ट जैसी गतिविधियां प्रमुख आकर्षण होंगी।

### छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग का विशेष सहयोग

यह एक्सपो न केवल ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए, बल्कि दर्शकों के लिए एक मनोरंजक और शैक्षिक अनुभव प्रदान करेगा। साथ ही ऑटो एक्सपो के आयोजन में फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) और छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग का विशेष सहयोग प्राप्त है।

## सीमा शुल्क स्लैब को 40 से घटाकर पांच फीसदी करने की मांग

# बजट में सीमा शुल्क ढांचे को आसान बनाने का सुझाव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ आयात बिलों में कटौती व कच्चे माल पर कम कर लगाया जाए

शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने सोमवार को कहा कि आगामी बजट में सरकार को सीमा शुल्क स्लैब को 40 से घटाकर पांच करके शुल्क संरचना आसान बनाने के साथ यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आयात बिलों में कटौती, विनिर्माण एवं निर्यात को बढ़ाने के लिए कच्चे माल पर कम कर लगाया जाए।

जीटीआरआई ने एक रिपोर्ट में भारत के सीमा शुल्क ढांचे को परिष्कृत करने, अंतरराष्ट्रीय जांच से बचने और शुल्क को राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप रखने के लिए शुल्क नीतियों की अंतर-मंत्रालयी समीक्षा की मांग की।

### कच्चे माल पर कम कर लगाया जाए

रिपोर्ट कहती है, ''सीमा शुल्क के स्लैब को 40 से घटाकर पांच पर लाना, अधिकतम शुल्क को 50 प्रतिशत पर सीमित करना और यह सुनिश्चित करना कि कच्चे माल पर तैयार माल की तुलना में कम कर लगाया जाए, आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा, आयात निर्भरता को कम करेगा और निर्यात बढ़ाने में मदद करेगा।'




### शुल्क के पुनर्मूल्यांकन का वक्त आ गया

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि सीमा शुल्क की घटती हिस्सेदारी के बीच घरेलू विनिर्माण एवं वैश्विक व्यापार का समर्थन करने के लिए एक रणनीतिक साधन के तौर पर अब शुल्क के पुनर्मूल्यांकन का वक्त आ गया है। रिपोर्ट को श्रीवास्तव ने व्यापार विशेषज्ञ सतीश रेड्डी के साथ मिलकर तैयार किया है।

### सीमा शुल्क 10 फीसदी तक कम किया जाए

जीटीआरआई ने देश के औसत सीमा शुल्क को लगभग 10 प्रतिशत तक कम करने का सुझाव देते हुए कहा कि इस मकसद को किसी बड़े राजस्व नुकसान के बगैर भी हासिल किया जा सकता है। फिलहाल 85 प्रतिशत शुल्क राजस्व केवल 10 प्रतिशत आयात शुल्क श्रेणियों से आता है, जबकि 60 प्रतिशत शुल्क श्रेणियों का राजस्व में तीन प्रतिशत से भी कम अंशदान है।

### सीमा शुल्क की हिस्सेदारी घटी

रिपोर्ट के मुताबिक, सीमा शुल्क की भारत के सकल कर राजस्व में हिस्सेदारी घटकर सिर्फ 6.4 प्रतिशत रह गई है जबकि कॉरपोरेट कर (26.8 प्रतिशत), आयकर (29.7 प्रतिशत) और जीएसटी (27.8 प्रतिशत) इससे काफी आगे हैं।


## खबर संक्षेप



### मुक्केबाजी : जामवाल ने शिवा थापा को हराया

बरेली। हिमाचल प्रदेश के अभिनाश जामवाल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में मौजूदा वेल्टरवेट चैम्पियन शिवा थापा को हराया। जामवाल ने इससे पहले 2022 युवा विश्व चैम्पियन वंशज कुमार को हराया था। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) ने अपना दबदबा बरकरार रखा और उसके दस में से आठ मुक्केबाज फाइनल में पहुंच गए। पूर्व युवा विश्व चैम्पियन सचिन सिवाच ने हरियाणा के गौरीश पुजानी को लाइटवेट (55 से 60 किलो) वर्ग में हराया। वहीं लक्ष्य चाहर ने मिजोरम के मालसावमत्लुआंगा को लाइट हैवीवेट (75 से 80 किलो) में मात दी।

### राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री दौड़ के पुरुष वर्ग में सेना चैंपियन



मेरठ। सेना के हुकम और रेलवे की अंकिता ने यहां 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में पुरुष और महिला 10 किलोमीटर दौड़ के व्यक्तिगत खिताब जीते। सेना ने पुरुष वर्ग में ओवरऑल टीम चैंपियनशिप जीती, तो वहीं रेलवे ने महिलाओं की ट्रॉफी अपने नाम की। हुकम (प्रथम स्थान), ईश्वर वर्मा (द्वितीय), प्रमोद सिंह (चौथा) और रवि दास (पांचवें) के प्रयासों ने सेना के लिए खिताब पक्का किया। रेलवे दूसरे स्थान पर जबकि राजस्थान तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। महिला टीम का खिताब रेलवे के नाम रहा। इस वर्ग में उत्तर प्रदेश और पुलिस खेल संवर्धन बोर्ड क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## पहले विश्व कप खो-खो का रंगारंग उद्घाटन

# विश्व कप खो-खो में भारत की नेपाल पर रोमांचक जीत

**शुरुआती सात मिनट में भारत ने 24-0 अंक बनाए**

**नेपाल को 42-37 अंक से हराया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने पहले खो-खो विश्व कप के रोमांचक शुरुआती मुकाबले में सोमवार को यहां नेपाल को 42-37 से हराकर अपने अभियान का आगाज किया। भारत ने शुरुआती सात मिनट के खेल में 24-0 की बढ़त बनायी जबकि नेपाल ने अगले सात मिनट में 20 अंक जुटाये। मध्यांतर तक भारत के पास 24-20 की बढ़त थी। भारतीय टीम ने मध्यांतर के बाद 14 मिनट के खेल में 18 अंक बनाये जबकि नेपाल की टीम 17 अंक ही हासिल कर सकी।




### एशियाई व ओलंपिक का हिस्सा बनेगा

खेल मंत्री मांडविया ने कहा कि उन्होंने खो खो को एशियाई खेलों में शामिल करने के लिए एशियाई ओलंपिक परिषद को लिखा है। उन्होंने कहा,''इस खेल की शुरुआत भारत से हुई और अब इसे 50 देशों में खेला जाता है। मुझे उम्मीद है कि जल्द ही यह खेल एशियाई खेलों और ओलंपिक खेलों का हिस्सा बनेगा।''

### रंगारंग शुरुआत

पहला खो खो विश्व कप सोमवार को यहां रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हो गया जिसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मशाल जलाकर आधिकारिक तौर पर इसकी शुरुआत की घोषणा की। इस अवसर पर खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। खचाखच भरे इंदिरा गांधी स्टेडियम में हजारों दर्शकों ने भी उद्घाटन समारोह का आनंद लिया। टूर्नामेंट की आधिकारिक शुरुआत से पहले रंगारंग सांस्कृतिक प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) की तरफ से पुरुष और महिला दोनों टूर्नामेंटों के लिए विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला और अंतरराष्ट्रीय खो खो महासंघ और भारतीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल भी उपस्थित थे। पुरुष और महिला प्रतियोगिताओं में 23 देशों के खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए धनखड़ ने कहा, ''यह टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत है। ऐसा लगता है जैसे पूरी दुनिया खो खो का जश्न मना रही है।'' उन्होंने कहा, ''आज का यह महत्वपूर्ण अवसर हमारे खेलों के स्वर्णिम इतिहास में याद रखा जाएगा। मुझे विश्वास है कि भविष्य में हमारे अपने स्वदेशी खेल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे।



## इंडिया ओपन

# भारत ने सबसे बड़ा दल उतारा नजरें सात्विक और चिराग पर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सितारों से सजे इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में अपना सबसे बड़ा दल उतारा है लेकिन नजरें कुछ जाने पहचाने नामों खासकर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर लगी होंगी।

भारतीय खिलाड़ियों को पिछले दो सत्रों से इस टूर्नामेंट में सफलता नहीं मिली है। भारत का 21 सदस्यीय दल इस कमी को पूरा करने के साथ छह महीने पहले पेरिस ओलंपिक में खराब प्रदर्शन के बाद अपनी गलतियों को सुधारने के इरादे से उतरेगा। भारत को सात्विक और चिराग से काफी अपेक्षाएं हैं चूंकि दुनिया की पूर्व नंबर एक पुरुष युगल टीम ने 2022 इंडिया ओपन जीता था और 2025 सत्र में पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर अच्छी शुरुआत की। टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष 20 पुरुष एकल खिलाड़ियों में से 18 और महिला एकल में 14 शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रही हैं। पेरिस ओलंपिक की निराशा के बावजूद चिराग और सात्विक पिछले दो साल में भारत के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी रहे हैं। चाइना मास्टर्स 2024 सेमीफाइनल खेल चुके सात्विक और चिराग का सामना पहले दौर में मलेशिया के वेइ चोंग मैन और केइ वुन ती से होगा।

### सात्विक व चिराग को मिलेगी कड़ी चुनौती


दोनों ही खिलाड़ियों को चीन के ओलंपिक रजत पदक विजेता लियांग वेइकेंग और वांग चांग , पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक , डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स रासमुसेन और इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्डियांटो से कड़ी चुनौती मिलेगी ।

## महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप : अभ्यास मैच में भारत की स्कॉटलैंड पर जीत

कुआलालंपुर। गत चैंपियन भारत ने सोमवार को यहां आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में स्कॉटलैंड को 119 रन से करारी शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 164 रन बनाए, जिसमें कमलिनी जी 23 गेंदों में 32 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। चार भारतीय बल्लेबाज तृषा जी (26), सानिका चालके (17), कप्तान निकी प्रसाद (25) और कमलिनी अपनी अन्य साथियों को मौका देने के लिए रिटायर आउट हो गईं। स्कॉटलैंड के लिए एमी बाल्डी तीन ओवर में 13 रन देकर दो विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहीं। भारत ने इसके बाद स्कॉटलैंड को 18.5 ओवर में 45 रन पर आउट कर दिया। भारत की तरफ से शबनम शकील, वैष्णवी शर्मा और सोनम यादव ने दो-दो विकेट लिए। अन्य अभ्यास मैचों में, ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान मलेशिया को 140 रन से, वेस्टइंडीज ने नेपाल को नौ रन से, अमेरिका ने न्यूजीलैंड को 13 रन से, बांग्लादेश ने श्रीलंका को चार विकेट से, इंग्लैंड ने समोआ को नौ विकेट से और पाकिस्तान ने नाइजीरिया को 11 रन से हराया।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन

# जोकोविच की संघर्षपूर्ण जीत सिनेर, गाफ भी दूसरे दौर में



एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

नोवाक जोकोविच का अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी एंडी मर्रे के कोच रहते हुए शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही और उन्हें सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर के मैच में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में खेल रहे 19 वर्षीय निशेष बासवरेड्डी के खिलाफ जीत के लिए पसीना बहाना पड़ा।

रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच पहला सेट में हार गए लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल किया तथा आखिर में 4-6, 6-3, 6-4, 6-2 जीत दर्ज करके मेलबर्न पार्क में 11वीं बार चैंपियन बनने की तरफ कदम बढ़ाए।

### सिनेर की दमदार वापसी

इससे पहले दूसरे टाइब्रेकर में खराब ड्रॉप शॉट पर एक सेट अंक गंवाने के बाद यानिक सिनेर ने दमदार वापसी करते हुए पहले दौर में निकोलस जैरी को 7-6, 7-6, 6-1 से हराया। टूर्नामेंट से पहले 2024 के डोपिंग मामलों में सुर्खियों में रहे सिनेर और महिला वर्ग में नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने जीत के साथ आगाज किया।

### गाफ ने सीधे सेटों में सोफिया को हराया

अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने 2020 की चैंपियन सोफिया केनिन को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर अपने अभियान की शुरूआत की। गाफ ने नवंबर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीता था और पिछले सप्ताह युनाइटेड कप जीतकर अपनी तैयारियां पुख्ता की ।

## पहली बार छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर का होगा गोल्फ टूर्नामेंट



नई दिल्ली। भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के नये सत्र के शुरुआती छह महीने में चार नये टूर्नामेंटों को शामिल किया गया है जिससे खिलाड़ियों को देश में फरवरी से अप्रैल 2025 के बीच 11 टूर्नामेंटों में खेलने का मौका मिलेगा। इन टूर्नामेंटों की कुल इनामी राशि 15.66 करोड़ रुपये हैं। पीजीटीआई ने सोमवार को नये सत्र के शुरुआती छह महीने के कार्यक्रम की घोषणा की जहां छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव और आगामी सत्र के प्रयोजक मौजूद थे। पीजीटीआई सत्र का आगाज 11 से 14 फरवरी तक कोलकाता में टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप से होगा। इस दौरान पहली पर छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर के किसी गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन होगा। राज्य की राजधानी रायपुर के 'फेयरवे गोल्फ एवं लेक रिजॉर्ट' में सत्र के तीसरे टूर्नामेंट का आयोजन 25 से 28 फरवरी तक होगा।

**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक)**
**मुख्यालय, सहकार भवन, प्लॉट नं0 74, सेक्टर-24, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**

विज्ञप्ति सूचना क्रमांक/ऋण/वसूली/ 878 — **//अचल संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा सूचना//** — दिनांकः 10.01.2025

**(वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 एवं सहपठित प्रतिभूतिहितप्रवर्तन नियमों 2002 के नियम-8 के अंतर्गत)**

यह कि निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता जो छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्या., मुख्यालय रायपुर के प्राधिकृत अधिकारी है, हो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत प्राप्त अधिकार के तहत संबंधित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस जारी कर एवं कब्जा लेने के पश्चात निम्न अचल संपत्ति जो बैंक के पक्ष में बंधक है, **''जहां है एवं जैसा है''** के आधार पर नीलामी के द्वारा बिक्री करने का निर्णय लिया गया हैं विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | बैंक शाखा | ऋणी का नाम, ऋण खाता क्रमांक व पता | संपत्ति धारक का नाम | संपत्ति का संक्षिप्त विवरण | दि. 10.01.2025 पर ऋण शेष | प्रारक्षित मूल्य रू. | अमानत/ धरोहर राशि (EMD) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित शाखा- पण्डरी रायपुर | श्री सुरेश तिवारी, पिता स्व. श्री महादेव तिवारी एवं श्रीमती सरोज तिवारी, पति श्री सुरेश तिवारी आवास ऋण खाता क्रमांक- 103002523665 पता- द्वारा ममता साहू, पति श्री राजेश कुमार साहू, म.नं.-260, जी.के. टाउनशिप, सिलतरा, रायपुर (छ.ग.) | श्री सुरेश तिवारी, पिता स्व. श्री महादेव तिवारी | भूखण्ड क्रमांक-967, रकबा- 517 वर्गफुट, खसरा नं.- 15001/139, रा.नि.मं.-धरसींवा- 01, मौजा ग्राम- सिलतरा, जी.के. टाउनशिप, सेक्टर-01, स्ट्रीट- 01, प.ह.नं. -20, रायपुर (छ.ग.) | 1378951 | 1374000 | 137400 |

1. निविदा प्रपत्र एवं उससे संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों के दस्तावेज (टेंडर फॉर्म) की बिक्री **बैंक की शाखा-पण्डरी, रायपुर** में दिनांक 14.01.2025 से आरंभ होकर दिनांक 21.01.2025 समय प्रातः 11.00 बजे से 4.30 बजे तक होगी। निविदा प्रपत्र की कीमत राषि रू. 100/-मात्र होगी। 2. इच्छुक खरीददार अपने ऑफर बैंक द्वारा निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित धरोहर राशि का डिमांड-ड्राफ्ट के साथ जो **''छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर''** के नाम पर देय हो, को दिनांक 23.01.2025 को दोपहर 2.30 बजे के पूर्व **शाखा - पण्डरी, रायपुर** में जमा कर सकते हैं, तथा **निविदा के लिफाफे के ऊपर अचल संपत्ति के क्रय हेतु निविदा लिखें। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23.01.2025 है।** 3. इच्छुक खरीददार यदि उक्त संपत्ति का स्थल पर जाकर निरीक्षण करना चाहे तो वे निविदाकर्ता संबंधित शाखा प्रबंधक से संपर्क कर निरीक्षण कर सकते हैं। 4. निविदा खुलने की तिथि 27.01.2025 समय 4.00 बजे होगी, जो बैंक की शाखा - पण्डरी, रायपुर में खोली जावेगी। यदि निविदाकर्ता उपस्थित होंगे तो वे निविदा खोलने की प्रक्रिया में अपनी भागीदारी दे सकते हैं। 5. बगैर धरोहर राशि (EMD) के जमा की गई निविदा रद्द कर दी जावेगी। समस्त निविदाकर्ता को तय राशि का 25% तुरन्त जमा करना होगा, शेष 75% राशि निविदा खुलने के 15 दिन के भीतर जमा करना आवष्यक होगा। इसका उल्लंघन होने पर जमा एवं धरोहर राषि राजसात कर ली जावेगी। विशेष परिस्थिति में प्राधिकृत अधिकारी को लिखित आवेदन करने एवं बैंक व खरीददार के मध्य 75% राशि जमा करने की तिथि कुछ समय के लिए बढ़ाई जा सकती है। 6. यह कि ऋणी/ संपत्ति बंधककर्ता यदि निविदा खुलने के एक दिन पूर्व तक संपूर्ण ऋण राशि एक मुष्त जमा कर देते हैं तो उनकी अचल संपत्ति की बिक्री निरस्त/समाप्त कर दी जावेगी एवं उक्त संपत्ति निविदाकर्ता को उस के निविदा-पत्र बगैर खोले उसी स्थिति में वापस कर दी जावेगी। 7. यह कि उपरोक्त वर्णित तथ्य, नियम एवं शर्तों का संक्षिप्त विवरण है, जिसका पूर्ण विवरण बैंक शाखा पण्डरी, रायपुर में उपलब्ध रहेगा। निविदा जमा करने के पूर्व किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी हेतु प्राधिकृत अधिकारी या बैंक के शाखा प्रबंधक से संपर्क कर सकते हैं।

स्थानः-रायपुर (छ.ग.)
दिनांकः- 10/01/2025

प्राधिकृत अधिकारी
छ.ग. राज्य सह. बैंक मर्या. (अपेक्स बैंक)
मुख्यालय, रायपुर




**आधिपत्य सूचना**

HDFC BANK
**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**
**शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर**
Tel: 0771-4243149/240 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

जबकि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी), प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('उक्त अधिनियम') और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किए गए। उक्त अधिनियम के तहत, निम्नलिखित उधारकर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों से आव्हान किया गया है कि वे अपने संबंधित नामों के सामने उल्लेखित राशि का भुगतान उक्त नोटिस में उल्लेखित लागू दरों पर ब्याज सहित करें। उक्त नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिन, आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान और/या वसूली की तारीख तक।

| क्रं. | ऋणी (ओं) के नाम/ कानूनी वारिस (ओं) एवं कानूनी प्रतिनिधि (यों) | बकाया राशि* | मांग सूचना की दिनांक | आधिपत्य दिनांक | अचल संपत्ति (यों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | **श्री सरिन शशि सिंग**, 1, दुर्गा मंदिर के पास, टाटीबंध बस्ती, रायपुर-492001. **श्री सरिन सौरभ**, 1/1039, दुर्गा मंदिर के पास, टाटीबंध बस्ती, रायपुर-492001. | ₹ 21,31,946/- दिनांक 30 जून 21* तक | 04-AUG-21 | 08-Jan-2025 (सांकेतिक कब्जा) | खसरा 85/12(12) भाग, प.ह.नं. 105/61, मौजा मठपुरैना, मकान नं. रावतपुरा नगर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड-63, रायपुर |
| 02. | **श्रीमती सीमा**, रसौंता, रसोता, जांजगीर, चांपा-495668. **श्रीमती मीना**, शिव पार्क कॉलोनी, शिव पार्क कॉलोनी, मोहाली, दुर्ग-491111. **श्री भास्कर प्रसाद**, शिव पार्क कॉलोनी, शिव पार्क कॉलोनी, मोहाली, अम्लेश्वर, दुर्ग-491111. | ₹ 22,02,915/- दिनांक 31 अक्टूबर 23* तक | 27-NOV-2023 | 08-Jan-2025 (भौतिक कब्जा) | खसरा नया नं. 325/664, पुराना नं. 325/514 (भाग), मकान प.ह.नं. 105/61, मौजा मठपुरैना, रावतपुरा-II, चंद्रशेखर आजाद वार्ड नं. 60, रायपुर छ.ग. |
| 03. | **श्री द्विवेदी अशोक कुमार**, क्वार्टर नं. NF-236, ब्लॉक-2, हिल व्यू कॉलोनी, द्वारा जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड, रायगढ़, छत्तीसगढ़, पिन-496001- भारत | ₹ 2,50,773/- दिनांक 31 अगस्त 2024* तक | 03-Oct-2024 | 08-Jan-2025 (भौतिक कब्जा) | प्लॉट नं. 142, सेक्टर-3, सिटी ऑफ वेलेंसिया, प.ह.नं. 80/1, खसरा नं. के अनुसार नं. 26, B/121 दिनांक 23/2/10, ग्राम नरदहा, खपरी, ग्राम रायपुर (छ.ग.) |
| | **श्री द्विवेदी अशोक कुमार**, जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड, ऑपन कास्ट कॉल माइन्स, नं. 1, ग्राम डोंगा मऊहा, पोस्ट धौंराभाठा, तुमनार-रायगढ़, छ.ग. 496107. **श्रीमती द्विवेदी अरूणा**, मकान नं. E-100, हिल व्यू कॉलोनी, द्वारा जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड, रायगढ़, छ.ग., रायगढ़ छत्तीसगढ़, राज्य-छत्तीसगढ़ पिन-496001- भारत | | | | |

*भुगतान और/या वसूली की तारीख तक लागू अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के साथ।
हालाँकि, चूँकि ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि देय राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारियों ने धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊपर वर्णित अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति(यों) पर कब्ज़ा कर लिया है। उक्त अधिनियम ऊपर उल्लेखित तिथियों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा जाता है।
विशेष रूप से ऊपर उल्लेखित उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उपरोक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ लेनदेन न करें और उक्त अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) के साथ कोई भी लेनदेन एचडीएफसी के बंधक के अधीन होगा।
उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।
निकाले गए पंचनामा और बनाई गई सूची की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त करें।

स्थान-रायपुर दिनांक : 14.01.2025

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड के लिए
वास्ते
प्राधिकृत अधिकारी

रजिस्टर्ड ऑफिस : एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापती बापत मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013

## हैदराबाद तूफान्स ने वेदांत कलिंगा को 5-1 से हराया

राउरकेला। हैदराबाद तूफान्स हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के पुरुष वर्ग के मैच में यहां वेदांत कलिंगा लांसर्स पर 5-1 से शानदार जीत के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। हैदराबाद तूफान्स के लिए गोंजालो पेइलेट ने दो गोल किए, जबकि माइको कैसेला, टिम ब्रांड और अर्शदीप सिंह ने एक-एक गोल किया। लांसर्स के लिए इकलौता गोल अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने किया। हेंड्रिक्स ने मैच के पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर कलिंगा लांसर्स को शानदार शुरुआत दिलायी लेकिन टीम की यह खुशी ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रही। पेइलेट ने अगले मिनट में लांसर्स के गोलकीपर कृष्ण पाठक को छकाकर स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। टीम ने 21वें मिनट में कैसेला के गोल से बढ़त हासिल कर मैच पर अपना दबदबा बनाना शुरू किया। जाचरी वालेस के पास पर अर्जेटीना के इस खिलाड़ी ने मुश्किल कोण से शानदार गोल किया।

HDFC BANK
**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**
शाखाः अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

**मांग-सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें।
जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार. अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.
उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।
सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्रं. (अ) | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता (ब) | बकाया राशि (स) | मांग सूचना तिथि (द) | बंधक संपत्ति का विवरण (इ) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **श्री वर्मा राकेश कुमार** (सह-उधारकर्ता तथा कानूनी वारिस) कृषि विभाग, दुर्ग-साडो कार्यालय पाटन, कृषि विभाग, जनपद पंचायत के पीछे, पाटन, दुर्ग - 491001. **श्री वर्मा राकेश कुमार** (सह-उधारकर्ता तथा कानूनी वारिस) पिता **श्री वर्मा श्रवण कुमार** (मृतक पश्चात्) तथा अन्य ज्ञात तथा अज्ञात कानूनी वारिस, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी तथा **श्री वर्मा श्रवण कुमार** (मृतक पश्चात्) के उत्तराधिकारी एच-9, पशु चिकित्सा महाविद्यालय, अंजोरा, अंजोरा खा, दुर्ग -491001. **श्री वर्मा राकेश कुमार** (सह-उधारकर्ता और कानूनी वारिस) पिता **श्री वर्मा श्रवण कुमार** (मृतक पश्चात्) तथा अन्य ज्ञात और अज्ञात कानूनी वारिस, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और **श्री वर्मा श्रवण कुमार** (मृतक पश्चात्) के उत्तराधिकारी, रो हाउस-02, प्लॉट-02, कदम कैपिटल टाउन, स.क्र., खसरा नं. 681 से 688, 690 692, 694/2; प.ह.नं. 28; ग्राम- अंजोरा, दुर्ग-491001. | ₹ 31,04,606/- as on 30-Nov-2024 | 31-Dec-2024 | प्लॉट नं.2, क्षेत्रफल 96.45 वर्गमीटर, खं.नं.-682 और 683 भाग, कदम कैपिटल टाउन में स्थित- प.ह.नं.-5/28 आरआईसी-दुर्ग-1, ब्लॉक-दुर्ग- ग्राम-अंजोरा तहसील और जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ और **चौहद्दी**:-उत्तर दिशा में-प्लॉट नं.-1 दक्षिण दिशा में-प्लॉट नं.3 पूर्व दिशा में-शासकीय आवासीय परिसर पश्चिम दिशा में-18 मीटर रोड से घिरा हुआ है। |
| 2. | **श्री तिग्गा जोसेफ**, रो हाउस-153, रिद्धि सिद्धि लोटस पार्क प.ह. 2, सं.क्र. खसरा नंबर 1574/1-2 1575/1-2-3, 1576, 1577/1-2, 1578/1-2, 1598/1-2, 1600/1-2-3; ग्राम- बोरियाकला ; रायपुर छ.ग.-492001. **अन्य पताः- श्री तिग्गा जोसेफ**, एच-100, रिंग रोड सेक्टर 1, काशीराम नगर, अमलीडीह रविग्राम, काशीराम नगर, अमलीडीह, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001 - भारत। **अन्य पताः- श्री तिग्गा जोसेफ**, लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर, इंद्रावती भवन, नया रायपुर - रायपुर - 492002. **श्री तिग्गा जैसन**, रो हाउस-153, रिद्धि सिद्धि लोटस पार्क, प.ह. 2, सं.क्र., खसरा नंबर 1574/1-2 1575/1-2-3, 1576, 1577/1-2, 1578/1-2, 1598/1-2, 1600/1-2-3; ग्राम- बोरियाकला ; रायपुर छ.ग.-492001. **अन्य पताः**-एच-100, रिंग रोड सेक्टर 1, काशीराम नगर, अमलीडीह रविग्राम, काशीराम नगर, अमलीडीह, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001 - भारत। | ₹ 20,70,046/- as on 30-Jun-2024 | 31-Dec-2024 | प्लॉट नंबर 153 एवं उस पर निर्मित समस्त भू-भाग जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट है, ख.सं.- 1577/1 भाग, जो कि रिद्धि सिद्धि लोटस पार्क, सेक्टर-2, प.ह.नं.-00081 आरआईसी-रायपुर-1, ग्राम-बोरियाकला-तह. एवं जिला-रायपुर छत्तीसगढ़ में स्थित है और जिसकी **चौहद्दी**:-उत्तर दिशा में प्लॉट नंबर 153-ए, दक्षिण दिशा में प्लॉट नंबर 152, पूर्व दिशा में सड़क और पश्चिम दिशा में खसरा नंबर 1581/5 के भाग से घिरा है। |
| | **श्रीमती तिग्गा फुलकेरिया**, एच-100, रिंग रोड सेक्टर 1, काशीराम नगर, अमलीडीह रविग्राम, काशीराम नगर, अमलीडीह, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001 - भारत। **अन्य पताः-श्रीमती तिग्गा फुलकेरिया**, रो हाउस-153, रिद्धि सिद्धि लोटस पार्क फोन 2, सं.क्र., खसरा नंबर 1574/1-2 1575/1-2-3, 1576, 1577/1-2, 1578/1-2, 1598/1-2, 1600/1-2-3; ग्राम- बोरियाकला ; रायपुर छ.ग.-492001. | | | |

*अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क जैसा लागू हो आदि।
यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।
उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : दुर्ग, रायपुर.
दिनांक : 14.01.2025

पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम), मुंबई-400020

कृते / प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड








# बिना इन खिलौनों के नहीं होता मकर संक्रांति का पर्व, सूर्यदेव के रथ से जुड़ी है कथा




मकर संक्रांति के पर्व पर बाजार में शक्कर के हाथी, घोड़े और गढ़िया गुल्ला जैसे खिलौनों की भारी मांग रहती है। इन खिलौनों की पूजा की जाती है, क्योंकि इन खिलौनों के बिना मकर संक्रांति की परंपरा अधूरी मानी जाती है। देशभर में मकर संक्रांति मनाई जाती है।

**भोपाल**। देशभर के अलग-अलग जगहों में यह पर्व अनोखे तरीके से मनाया जाता है। बुंदेलखंड के छतरपुर जिले में भी अनोखे तरीके से मकर संक्रांति का यह त्योहार मनाया जाता है। दरअसल, बुंदेलखंड के छतरपुर जिले में मकर संक्राति के पर्व को एक अनूठी परंपरा से मनाया जाता है। यहां मिट्टी के घोड़ों की पूजा करके इस पर्व की शुरुआत होती है। मिट्टी के घोड़ों से बाजार सजे रहते हैं। लोग घोड़ों की



खरीदारी भी करते हैं। मकर संक्रांति के मौके पर उनकी पूजा भी करते हैं। साथ ही शक्कर के बने हाथी, घोड़े भी गढ़िया गुल्ला के रूप में भी पूजे जाते हैं। इस परंपरा के बारे में बुजुर्गों का मानना है कि घोड़ों की पूजा इसलिए की जाती है कि मकर संक्रांति के दिन से सूर्य देव के घोड़ों ने विश्राम के बाद दोबारा तेज रफ्तार पकड़ी थी। इसलिए परंपरा है कि घोड़ों की पूजा संकेत देती है कि अब घोड़े फिर से दौड़ने के लिए तैयार हैं।










INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #USB charger is available as an accessory. *Ex showroom price of HF Deluxe Self in Raipur.

टोल फ्री 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरोः (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स 9754069392, लवनः गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्सः 8462900028/9340005833 गुरुरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्सः 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्सः 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटोः 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडीः किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरलाः कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोदः जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनारः अंशु ऑटो, 6261421161,, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेयर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983

VML.5794.2025HIN

हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com